राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
वर्ष- 13 अंक - 298
लखनऊ, मंगलवार 30 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित
samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



भामाशाह जयंती पर दस व्यापारियों का हुआ सम्मान 10
जलशक्ति मंत्री, 15 से 25 जुलाई तक करेंगे जिलों के ताबड़तोड़ दौरे 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,43,170/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,31,250/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 1,07,430/10 ग्राम |
| चांदी | = 2,40,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### राज्यसभा के आठ नवनिर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने सोमवार को राज्यसभा में सात नवनिर्वाचित एवं पुनर्निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले सदस्यों में मानसिंह मेरामन परमार, तरुण चुघ, डॉ. अलका सिंह, जितेंद्र मेघजीभाई कंजारिया, राजेंद्र हीरालाल जैन, एम. नागराजा तथा अधिकारिमायुम शारदा देवी शामिल हैं। इसके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी सोमवार को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। वे कर्नाटक से लगातार दूसरी बार राज्यसभा सदस्य बने हैं। इनमें पांच सदस्यों ने हिन्दी, एक सदस्य ने कन्नड़, एक ने पंजाबी तथा एक ने मणिपुरी भाषा में शपथ लिया। इनमें से दो गुजरात का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर और राजस्थान से एक-एक सदस्य हैं।

### पत्नी की कमाई पति से ज्यादा होने पर गुजारा भत्ता नहीं

**बेंगलुरु।** गुजारा भत्ता (मेंटेनेंस) से जुड़े मामलों में कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि यदि पत्नी आर्थिक रूप से सक्षम है, उसकी आय पति से अधिक है और उसे भरण-पोषण के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता नहीं है, तो केवल इस आधार पर पति को गुजारा भत्ता देने का आदेश नहीं दिया जा सकता कि पति पर पत्नी का पालन-पोषण करने की कानूनी जिम्मेदारी है। हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी एक ऐसे मामले की सुनवाई के दौरान की, जिसमें निचली अदालत ने पति को हर महीने 20 हजार रुपये अंतरिम गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। इस आदेश को पति ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

### महाराष्ट्र टीईटी पेपर घोटाला मामले का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) के प्रश्न पत्र लीक मामले में मुख्य आरोपित को ठाणे जिले के भिवंडी में स्थित एक होटल से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मुख्य आरोपित से गहन पूछताछ कर रही है, मंगलवार को आरोपित को अदालत में पेश किया जाएगा। मामले की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले में अंतरराज्यीय गिरोह के शामिल होने की जानकारी मिली है। इसलिए पुलिस टीम दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार में कई टीमें भेजी हैं। अब तक की छानबीन में पता चला है कि टीईटी घोटाले में पांच लोगों के नाम शामिल हैं। इनमें से बिहार के राजीव कुमार, आकाश कुमार और हरियाणा के धीरज सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो अन्य आरोपित, जिनकी पहचान दहिया और बलिंदर सिंह के रूप में हुई है और जो हरियाणा के रहने वाले हैं, फरार हैं। जांचकर्ता उनका और मामले में उनकी भूमिका का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

### सिया ने मंगेतर केतन से शॉपिंग के नाम पर एक करोड़ रुपये लेकर प्रेमी चेतन को दिए थे

**पुणे।** कारोबारी केतन अग्रवाल हत्याकांड की जांच में लगातार नए और सनसनीखेज खुलासे हो रहे हैं। पुलिस जांच के अनुसार, मुख्य आरोपी सिया गोयल ने अपने मंगेतर केतन अग्रवाल से शादी की तैयारियों और खरीदारी के नाम पर करीब एक करोड़ रुपये लिए थे। आरोप है कि बाद में यह पूरी रकम उसने अपने प्रेमी चेतन चौधरी को सौंप दी। पुलिस का दावा है कि दोनों ने न केवल केतन की हत्या की विस्तृत साजिश रची थी, बल्कि हत्या के बाद अपने भविष्य की भी पूरी योजना तैयार कर रखी थी।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला

# अयोध्या की अदालत ने सभी आठ आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे के कथित गबन मामले में गिरफ्तार सभी आठ आरोपियों की न्यायिक हिरासत स्थानीय अदालत ने 14 दिन के लिए और बढ़ा दी है।

सोमवार को न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर सभी आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भ्रष्टाचार रोधी अदालत के विशेष न्यायाधीश रजत वर्मा के समक्ष पेश किया गया। विशेष अभियोजन अधिकारी उमेश दुबे ने बताया कि सुनवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों की पुलिस रिमांड के लिए कोई आवेदन प्रस्तुत नहीं किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने सभी आठ आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। गौरतलब है कि इससे पहले विशेष अदालत ने आरोपियों को तीन दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था, जिसकी अवधि सोमवार को समाप्त हो गई थी। अब अदालत के ताजा आदेश के बाद सभी आरोपी अगले 14 दिनों तक न्यायिक हिरासत में जेल में रहेंगे। मामले की जांच जारी है और जांच एजेंसियां कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं की पड़ताल कर रही हैं। राम मंदिर में चढ़ावे के कथित गबन मामले में 8 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। सोमवार को सभी आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने किसी भी आरोपी की रिमांड नहीं मांगी। भ्रष्टाचार रोधी अदालत के विशेष न्यायाधीश रजत वर्मा ने सभी आरोपियों की 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। इससे पहले अदालत आरोपियों को तीन दिन की न्यायिक हिरासत में भेज चुकी थी। न्यायिक हिरासत के दौरान सभी आरोपी जेल में रहेंगे, जबकि मामले की जांच जारी रहेगी।



### वकीलों ने आरोपियों की पैरवी न करने का लिया निर्णय

राम मंदिर चढ़ावा विवाद में अयोध्या अयोध्या में अधिवक्ताओं ने सोमवार को राम मंदिर में दान के कथित गबन मामले में गिरफ्तार आरोपियों की अदालत में पैरवी नहीं करने का फैसला किया है। यह फैसला बार एसोसिएशन फैजाबाद की एक बैठक में लिया गया। सोमवार को बार एसोसिएशन की बैठक में अधिवक्ताओं ने यह भी तय किया कि अगर उसका कोई सदस्य राम मंदिर मामले के आरोपियों का मामला अदालत में लड़ने की कोशिश करता है, तो उस पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

### उच्चतम न्यायालय ने राम मंदिर दान गबन मामले की सुनवाई जल्द करने से किया इनकार

उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित वित्तीय अनियमितताओं और हेराफेरी की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग को लेकर पेश जनहित याचिका पर सोमवार को जल्द सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिका में मंदिर कोष से जुड़े सभी भौतिक, इलेक्ट्रॉनिक और वित्तीय रिकॉर्ड को तुरंत सुरक्षित रखने के निर्देश देने की भी मांग की गयी है। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति शील नागू की अवकाशकालीन पीठ ने अधिवक्ता एन. के. गोस्वामी के जल्द सुनवाई के लिए जनहित याचिका का उल्लेख किये जाने पर कहा कि इस मामले पर उचित समय पर विचार किया जायेगा। पीठ ने याचिकाकर्ताओं को याचिका की एक प्रति रजिस्ट्री को सौंपने का निर्देश दिया। याचिका में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने हालांकि इन आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है, लेकिन जांच बिना प्राथमिकी दर्ज किए शुरू हुई है, जिससे इसके निष्कर्षों को चुनौती दी जा सकती है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने विक्टोरिया में श्री गणेश मंदिर के किए दर्शन



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सेशेल्स की राजधानी विक्टोरिया स्थित एकमात्र मंदिर 'अरुलमिगु नवशक्ति विनायक' में भगवान श्री गणेश के दर्शन किए।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, मैंने विक्टोरिया स्थित प्रमुख हिंदू मंदिर अरुलमिगु नवशक्ति विनायक में प्रार्थना की। भगवान श्री गणेश सभी को बुद्धि, शक्ति और समृद्धि का आशीर्वाद दें। उल्लेखनीय है कि विनायक मंदिर द्वीप पर बसे सेशेल्स देश का यह पहला और एकमात्र मंदिर है। वर्ष 1992 में स्थापित यह मंदिर केवल प्रार्थना स्थल ही नहीं है। यह आस्था की गहराई और हजारों वर्षों पुरानी संस्कृति की सुंदरता को जानने का द्वार है। श्रद्धालुओं तथा जिज्ञासुओं के लिए यह मंदिर हिंदू उपासना के सार और शांति एवं ज्ञान की सार्वभौमिक खोज की एक अनूठी झलक प्रस्तुत करता है। इसके अलावा, इस मंदिर में मुरुगन, नदराज, दुर्गा और कई अन्य देवताओं का भी एक जीवंत संग्रह है। इनमें प्रत्येक की अपनी कहानी और शक्तियां हैं।

# कांग्रेस के पापों के कारण पाकिस्तान व बांग्लादेश बना : योगी

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस के पापों के कारण पाकिस्तान और बांग्लादेश बना। बांग्लादेश पाकिस्तान बनना आवश्यक नहीं था। पाकिस्तान का निर्माण सत्ता लोलुपता का परिणाम था। उन्होंने कहा कि सपा की साइकिल चलती रही तो दंगे होते रहेंगे।

मुख्यमंत्री योगी सोमवार को उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के पतरासा कुंवरपुर में 569 करोड़ से अधिक लागत की 66 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस के पाप के कारण पाकिस्तान और बांग्लादेश बना।

बांग्लादेश और पाकिस्तान बनना आवश्यक नहीं था। पाकिस्तान का निर्माण सत्ता लोलुपता का परिणाम था। अगर उस समय का कांग्रेस नेतृत्व अडिग हो गया होता तो जिन्ना अपनी मौत मर गया होता और भारत का दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन नहीं होता। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाखों हिंदुओं का कत्लेआम हुआ। अपनी पैतृक भूमि को छोड़ना पड़ा। स्वतंत्र भारत में उनके मन में अभिलाषा थी कि मुझे जिस आधार पर विभाजन किया गया था, उसके आधार पर भारत में शरण मिलेगी, सम्मानजनक के साथ मैं जीवन यापन कर पाऊंगा। कांग्रेस ने उनकी कभी सुध नहीं ली। योगी ने कहा कि कांग्रेस के हमराज़ समाजवादी पार्टी को कहां फुर्सत थी, क्योंकि जब इन्हें तुष्टिकरण से फुर्सत हो तब ये पिछड़ों, दलितों, वंचितों के बारे में सोचते। इन्हें तो सिर्फ मुसलमानों की चिंता थी। सिखों, जैनियों, बौद्ध की चिंता नहीं थी। उन्होंने कहा कि सपा की साइकिल चलती रही तो दंगे होते रहेंगे।



> मुख्यमंत्री ने पीलीभीत जिले में 569 करोड़ की 66 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

### हिंदू भुगतता रहा पाप का खामियाजा


योगी ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार आई। सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट आया। लंबे समय बाद किसी सरकार ने सोचा कि विस्थापित हिन्दुओं, बौद्ध, सिखों और जैन समाज को भी भारत की नागरिकता मिलनी चाहिए, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से विस्थापित हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि याद कीजिए, दिल्ली और विभिन्न राज्यों में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी ने आंदोलन किया। आज जो सर्टिफिकेट वितरित हो रहे हैं, इसी के खिलाफ ये लोग आंदोलन कर रहे थे कि नहीं मिलना चाहिए। इनका तो सबसे पहला उद्देश्य ही यही है कि देश के संसाधनों पर विभाजन के बावजूद पहला अधिकार मुसलमान का होना चाहिए। बाकी किसी का नहीं। यही इनकी कुत्सित चेष्टा थी। यही इनकी तुष्टिकरण की नीति थी। यही पाप ये जिंदगीभर करते रहे और इनके पाप का खामियाजा हिंदू भुगतता रहा। मुख्यमंत्री योगी ने इस मौके पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किए।

# देशभर में एंबुलेंस सेवाएं होंगी एक समान

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को नेशनल एंबुलेंस सर्विस ऑपरेशनल गाइडलाइंस-2026 जारी की। इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य पूरे देश में एंबुलेंस सेवाओं को एक समान, आधुनिक और अधिक प्रभावी बनाना है ताकि हर नागरिक को समय पर सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण आपातकालीन चिकित्सा परिवहन उपलब्ध हो सके।

नई गाइडलाइंस के तहत पहली बार सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एंबुलेंस सेवाओं के संचालन, निगरानी और गुणवत्ता के लिए एक राष्ट्रीय ढांचा तैयार किया गया है। इसमें एंबुलेंस की श्रेणियां, आबादी के अनुसार तैनाती, आवश्यक उपकरण, दवाइयां, प्रशिक्षित इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन, संक्रमण नियंत्रण, वाहन रखरखाव, गुणवत्ता निगरानी और शिकायत निवारण जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। सरकार ने सभी एंबुलेंस को एआईएस-125 मानकों के अनुरूप बनाने का प्रावधान किया है, जिससे पूरे देश में एंबुलेंस सेवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। गाइडलाइंस में इंटीग्रेटेड कमांड एंड डिस्पैच सेंटर स्थापित करने पर भी जोर दिया गया है। ये केंद्र जीपीएस आधारित एंबुलेंस ट्रैकिंग, डिजिटल कॉल मैनेजमेंट, स्मार्ट डिस्पैच सिस्टम और रियल-टाइम मॉनिटरिंग डैशबोर्ड से लैस होंगे। साथ ही, एंबुलेंस सेवाओं को धीरे-धीरे देश के एकीकृत आपातकालीन नंबर 112 से जोड़ने की भी योजना है। नई व्यवस्था में जीआईएस (जियोग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम) आधारित मैपिंग के जरिए अस्पतालों, ट्रॉमा सेंटरों, एंबुलेंस स्टेशनों, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों और उपलब्ध बेड की जानकारी उपलब्ध रहेगी। इससे मरीज को सबसे नजदीकी और उपयुक्त अस्पताल तक जल्दी पहुंचाया जा सकेगा और आपातकालीन प्रतिक्रिया का समय घटेगा। दिशा-निर्देश में एंबुलेंस की तैनाती भी वैज्ञानिक आधार पर करने की सिफारिश की गई है। इसके लिए आपातकालीन कॉल, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों, ट्रैफिक, भौगोलिक परिस्थितियों और जनसंख्या के आंकड़ों का विश्लेषण किया जाएगा ताकि ग्रामीण, दूरस्थ और दुर्गम इलाकों तक भी बेहतर आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें।




# अनियंत्रित बोलेरो पलटी, 12 घायल

> गोंडा से बहराइच मरी माता मुंडन करा के घर लौटते समय हुई घटना

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

इटिया थोक थाना क्षेत्र के तिर्रेमनोरमा गांव के निवासी 25 वर्षीय रुचि सिंह पत्नी शिव पूजन 30 वर्षीय पूजा सिंह पत्नी राम पाल 30 वर्षीय प्रीति पत्नी धनजय सिंह 10, वर्षीय अनमोल पुत्र स्वरूप 55 वर्षीय गीता देवी पत्नी स्व विजय बहादुर सिंह, 5 वर्षीय अंशु पुत्र राम पाल 7 वर्षीय गुज्जू पुत्र राम स्वरूप 8 वर्षीय पलक पुत्री स्वरूप 3 वर्षीय वेदूं पुत्र स्वरूप बोलेरा गाड़ी में सवार हो कर बहराइच जनपद के थाना विशेषर गंज क्षेत्र में एक मरी माता के स्थान पर मुंडन कराने गए हुए थे।



वहीं से वापस लौटते समय बोलेरा गाड़ी अनियंत्रित हो कर पलट गई। आस पास के लोगों की मदद से गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। स्थानीय सी एस सी पर ले गए।

हालत गंभारी होने पर रुचि पूजा प्रीति बेदू पलक को मेडिकल कालेज में लाकर भर्ती कराया गया। स्वरूप के पुत्र बेदू का मुंड़न कराने बहराइच के विशेषर गंज मरी माता के स्थान पर गए हुए थे। वही से वापस लौटने के दौरान हादसे का शिकार हो गये।

### राजस्थान-हरियाणा के बीच समझौता, अब शेखावाटी को मिलेगा यमुना का पानी

**एजेसी, जयपुर।** अब राजस्थान के शेखावाटी इलाके को हरियाणा से यमुना का पानी मिलेगा। यह पानी शेखावाटी के तीन जिलों सीकर, चूरू और झुंझुनूं के गांवों और शहरों में पाइपलाइन के जरिए लाया जाएगा, जो पीने के काम आएगा। लगभग बत्तीस साल से लंबित यह परियोजना राजस्थान के इतिहास में मील का पत्थर सिद्ध होगी। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद इस प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण का काम शुरू होगा। राजस्थान व हरियाणा के बीच सोमवार को ऐतिहासिक यमुना जल समझौते पर नई दिल्ली में हस्ताक्षर हुए। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय, राजस्थान और हरियाणा सरकार के बीच मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (एमओए) पर हस्ताक्षर हुए।

# 10वीं के मौजूदा विद्यार्थियों को तीन भाषाएं पढ़ने की बाध्यता नहीं : सीबीएसई

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोमवार को अपनी त्रि-भाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए, जिसमें कक्षा 10वीं के मौजूदा बैच के विद्यार्थियों को तीन भाषाएं पढ़ने से छूट दी गई है। कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों को एक बार की राहत देते हुए, सीबीएसई ने स्पष्ट किया कि मौजूदा बैच को तीन भाषाएं पढ़नी होंगी, लेकिन वे दो विदेशी भाषाएं और एक भारतीय भाषा पढ़ सकते हैं।

ये घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब एक महीने से अधिक पहले सीबीएसई ने घोषणा की थी कि एक जुलाई से 9वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कम से कम दो भारतीय भाषाओं सहित तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य होगा। सीबीएसई के इस आदेश के खिलाफ कई विद्यार्थियों और अभिभावकों ने अदालत का रुख किया था।




सीबीएसई की अकादमिक निदेशक प्रज्ञा एम सिंह ने कहा, कक्षा 10वीं के मौजूदा बैच को त्रि-भाषा नीति का पालन नहीं करना होगा। कक्षा सातवीं से नौवीं के मौजूदा बैच को कक्षा 10 में जाने पर तीसरी भाषा में बोर्ड परीक्षा देने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा, एक बार की राहत के रूप में वर्ष 2026-27 में पहले से 9वीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थी दो गैर-भारतीय (विदेशी) भाषाओं का अध्ययन जारी रख सकेंगे और उन्हें तीसरी भाषा के रूप में एक भारतीय भाषा अनिवार्य रूप से जोड़नी होगी।

अप्रैल में, सीबीएसई ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा छह से त्रि-भाषा नीति को चरणबद्ध तरीके से लागू करने और कक्षा नौवीं के वास्ते गणित तथा विज्ञान के लिए दो-स्तरीय प्रणाली शुरू करने की घोषणा की थी। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत गणित और विज्ञान विषयों को दो स्तरों में पढ़ाया जाएगा-एक अनिवार्य मानक (स्टैंडर्ड) स्तर और दूसरा वैकल्पिक उन्नत (एडवांस्ड) स्तर। इसके तहत सभी विद्यार्थी 80 अंकों की समान परीक्षा देंगे।

### सोनम वांगचुक ने देशवासियों से की समर्थन की अपील



**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सोमवार को बुनियादी व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिए देशवासियों से समर्थन देने की अपील की। सोशल मीडिया अभियान कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रमुख अभिजीत दीपके ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह जानकारी दी। केवल नमक और पानी के सहारे अनशन पर बैठे वांगचुक ने सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कहा कि शिक्षा, पर्यावरण, सीजेपी और लद्दाख के समर्थन में मेरा ये आज अनशन का दूसरा दिन है। यहां बहुत लोग जुड़े हैं, आप लोग भी जुड़ सकते हैं। कई समर्थक एकजुटता दिखाने के लिए आंदोलन स्थल पर ही 3 से 5 दिनों का उपवास रखे हुए हैं। वांगचुक ने देश के अलग-अलग राज्यों, शहरों और गांवों में रह रहे आम नागरिकों से इस आंदोलन का हिस्सा बनने की अपील की है।

**अभियान** — सोपोर में सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई

# एके-47, ग्रेनेड व गोला-बारूद बरामद, आतंकियों की साजिश नाकाम

**एजेंसी, सोपोर।**

जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले के सोपोर क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने आतंकवाद के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। सोमवार को सोपोर के वारपोरा इलाके में चलाए गए संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने एके-47 राइफल, ग्रेनेड, मैगजीन और अन्य गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि इन हथियारों का इस्तेमाल किसी बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देने के लिए किया जाना था।

यह कार्रवाई सोपोर पुलिस और 22 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) ने खुफिया सूचना के आधार पर संयुक्त रूप से की। सुरक्षा एजेंसियों को जानकारी मिली थी कि वारपोरा इलाके में संदिग्ध हथियार और विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखी गई है। सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया। तलाशी के दौरान सुरक्षाबलों को एक एके-47 असॉल्ट राइफल, कई हैंड ग्रेनेड, मैगजीन और अन्य सैन्य सामग्री बरामद हुई।

बरामद हथियारों को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने वारपोरा के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी तलाशी अभियान तेज कर दिया है। अधिकारियों का मानना है कि इलाके में और भी हथियार या संदिग्ध सामग्री छिपाई गई हो सकती है। इसी कारण पूरे क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है और हर गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।



सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, बरामद हथियारों की मात्रा और प्रकार को देखते हुए यह संकेत मिलता है कि आतंकी किसी बड़ी साजिश की तैयारी में थे। समय रहते सुरक्षा बलों की कार्रवाई से संभावित हमले को विफल कर दिया गया। उन्होंने बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है और पूरे नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश जारी है। पुलिस ने इस मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फॉरेंसिक विशेषज्ञ बरामद हथियारों और गोला-बारूद की जांच कर रहे हैं ताकि इनके स्रोत, सप्लाई चौन और संभावित आतंकी नेटवर्क का पता लगाया जा सके। पिछले एक महीने के दौरान सोपोर क्षेत्र में यह चौथी बड़ी हथियार बरामदगी मानी जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि घाटी में आतंकवाद के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है और ऐसे ऑपरेशन आगे भी जारी रहेंगे।

# मौसम विभाग ने जारी किया एलर्ट, उ.प्र. के कई जिलों में आंधी-बारिश व बिजली गिरने की संभावना

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

आगामी चौबीस घंटे में उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आंधी-बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। इसके साथ यह चेतावनी जारी किया है कि 60 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं तक चल सकती है। यह पूर्वानुमान भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ ने सोमवार सुबह जारी किया है।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पांडेय ने बताया कि मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में अगले कुछ घंटों के दौरान गरज-चमक के साथ बारिश, तेज हवाएं और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार, जौनपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, अमेठी, कासगंज, आजमगढ़, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, अयोध्या, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, सीतापुर, बहराइच, गोंडा, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, शाहजहांपुर, बरेली, पीलीभीत, बदायूं समेत आसपास के क्षेत्रों में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ गरज-चमक और मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, प्रयागराज, संत रविदास नगर (भदोही), जौनपुर, बलिया, प्रतापगढ़, चित्रकूट, कौशांबी, फतेहपुर, रायबरेली, अमेठी, आगरा, फिरोजाबाद, एटा, हाथरस, मथुरा, कासगंज, आजमगढ़, मऊ, अंबेडकरनगर, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, कुशीनगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बहराइच, महाराजगंज, श्रावस्ती, शाहजहांपुर, बरेली, पीलीभीत, रामपुर, अलीगढ़, बदायूं, बुलंदशहर, संभल और मुरादाबाद में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे (झोंकों में 50 किमी प्रति घंटा तक) की रफ्तार से हवाएं चलने, गरज-चमक और हल्की बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई गई है।



# पर्यावरण, जल संरक्षण और नशा उन्मूलन पर परिचर्चा

**जन जागरण अभियान से जुड़ने का सामूहिक संकल्प**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**




संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में बाल शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज सभागार में पर्यावरण, जल संरक्षण और नशा उन्मूलन पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक, आचार्य, प्राचार्य, प्रबंधक, समाजसेवी, शिक्षा शास्त्री और पर्यावरणविद् बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण, जल संरक्षण और अवैध नशा कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे जन जागरण अभियान से हर व्यक्ति को जोड़ने का सामूहिक संकल्प लिया।मुख्य अतिथि महामना मालवीय मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण और जल संरक्षण मानव जीवन के लिए अनिवार्य आवश्यकताएं हैं। उन्होंने सामूहिक रूप से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और उनका संरक्षण करने पर जोर दिया, ताकि पर्यावरण मानव के अनुकूल बना रह सके। हरिशंकर सिंह ने यह भी कहा कि नशा एक सामाजिक अभिशाप है। अवैध नशे पर पूर्ण विराम लगाने के लिए हम सभी को मिलकर नशा के खिलाफ जन जागरण अभियान चलाना चाहिए। जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों और युवाओं में नशे का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है।

इस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जन जागरण अभियान चलाना समाज के हित में आवश्यक है। उपनिदेशक कृषि विनय वर्मा ने स्वस्थ रहने के लिए प्रकृति आधारित पारंपरिक खेती को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने रसायन और उर्वरक रहित कृषि, गौ पालन और सब्जी उत्पादन पर जोर दिया, जिससे स्वस्थ रहकर एक अच्छे समाज के निर्माण में योगदान दिया जा सके। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा एवं समाज शास्त्री डॉ. तस्लीमा जैदी ने किया।

## युवक ने लगाई फांसी, दो माह पूर्व आया था मुंबई से

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के साहब गंज में किराए के मकान में रह रहे 20 वर्षीय युवक मो शमी पुत्र कमाल ने सोमवार के दिन पंखे में रुपट्टा बांध कर फांसी पर लटक गया। उस को लटकता देख छोटे भाई नदीम और माता अंजुमन ने शोर मचाया और पुलिस को सूचना दिया। मौके पर बड़गांव चौकी प्रभारी सिपाही भास्कर यादव पहुंच गए। शव को उतार कर मेडिकल कालेज लाया गया। चिकित्सक ने उस को देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक युवक मो शमी धाने पुर थाना क्षेत्र के अर्जुन पुर बनकटी गांव का निवासी था। वह अपने मां अंजुमन छोटे भाई मो नदीम के साथ साहब गंज में इरफान के मकान में किराए पर रहता था। उस की छोटी बहन सबा परवीन और परिवार के लोग भी धाने पुर के अर्जुन पुर बनकटी गांव में रहते है।

## विवाहिता ने फंदे से लटक कर दी जान

**2 साल पहले हुई थी शादी, ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के जरवल रोड थाना क्षेत्र स्थित हरचंदा ग्राम में एक 22 वर्षीय विवाहिता ने अपने मायके में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका की पहचान हरचंदा ग्राम निवासी रुही बेगम के रूप में हुई है। उसका दो साल पहले इलाके के ही राशिद नामक युवक से निकाह हुआ था। परिजनों के अनुसार, विवाह के बाद से ससुराल के लोग उसे लगातार प्रताड़ित करते थे। रविवार देर रात विवाद होने के बाद रुही रात करीब दस बजे अपने मायके आ गई थी। परिवार के लोगों ने उसे समझाया, जिसके बाद वह घर के ऊपर बने टीन शेड के कमरे में चली गई। लगभग आधे घंटे तक जब वह वापस नहीं आई, तो परिवार के लोग ऊपर पहुंचे। वहां रुही दुपट्टे के फंदे से लटकती मिली। आनन-फानन में उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका के मामा हुमायूं खान ने बताया कि ससुराल के लोग उसे अक्सर परेशान करते थे।

# प्रतिबंधित मांस के साथ महिला-पुरुष गिरफ्तार

**गोवध अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



रूपईडीहा थाना क्षेत्र में पुलिस ने प्रतिबंधित मांस के साथ एक महिला और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ गोवध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेजा जा रहा है। रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश रावत को सूचना मिली थी कि मुस्लिम बाग इलाके में किराए के कमरे में रहने वाली एक महिला अपने साथी के साथ बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित मांस बेच रही है। इस सूचना पर सोमवार सुबह करीब आठ बजे उप निरीक्षक अजय कुमार, आरक्षी उमेश यादव, अश्विनी कुमार और महिला सिपाही मान्यता त्रिवेदी ने मौके पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान घर से प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ, जिसके बाद महिला सितारा देवी और उसके साथी नौशाद को हिरासत में ले लिया गया। थाना प्रभारी रमेश रावत ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ गोवध अधिनियम की धारा 3/5/8 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

उन्हें पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## एलपीजी गैस वाहन ने बोलेरो को मारी टक्कर, सात घायल

**दुर्घटना के बाद गैस वाहन चालक मौके से वाहन लेकर फरार**

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गोंडा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित यादव ढाबा के पास एक तेज रफ्तार एचपी गैस वाहन ने सामने से आ रही बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बोलेरो सवार सात लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। दुर्घटना के बाद गैस वाहन चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बोलेरो संख्या यूपी 43 एएच 8467 बहराइच की ओर से आ रही थी। इसी दौरान गोंडा की तरफ जा रहे एचपी गैस वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में चांदनी सिंह, सतीश कुमार दूबे, रोशनी, सालू सिंह समेत कुल सात लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही विशेश्वरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) विशेश्वरगंज भेजवाया। सीएचसी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायलों में चांदनी सिंह, सतीश कुमार दूबे, रोशनी और सालू सिंह के नाम की पुष्टि हुई है, जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस फरार गैस वाहन और उसके चालक की तलाश में जुट गई है तथा मामले की जांच कर रही है।



# विचपरी पुल से युवक-युवती ने लगाई छलांग

**युवक बचा, युवती की तलाश जारी**

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



मोतीपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को विचपरी पुल पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक और युवती ने एक साथ लिंक नहर में छलांग लगा दी। राहगीरों की सतर्कता से युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि युवती का देर शाम तक कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस और गोताखोरों की टीम युवती की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, गिरजापुरी बैराज से निकली लिंक नहर के विचपरी पुल पर युवक और युवती ने अचानक छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना देख तत्काल युवक को नहर से बाहर निकाल लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मोतीपुर थाना प्रभारी आनंद चौरसिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक की पहचान शेख शरीफ, निवासी मिहींपुरवा, जबकि युवती की पहचान काजल के रूप में हुई है। नहर में तेज बहाव के कारण गोताखोरों को तलाश अभियान में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, स्थानीय लोगों के अनुसार घटना स्थल के आसपास नहर में मगरमच्छों की मौजूदगी की आशंका भी है, जिससे बचाव अभियान और चुनौतीपूर्ण हो गया है। थाना प्रभारी आनंद चौरसिया ने बताया कि गोताखोरों की मदद से युवती की लगातार तलाश की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और राहगीरों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। पुलिस पूरे मामले की जांच करते हुए घटना के कारणों का भी पता लगा रही है।

## खबरें एक नजर में

### भूसा निकालते समय जहरीले सांप ने डसा 42 वर्षीय महिला की मौत

**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महादेवा में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में जहरीले सांप के डसने से 42 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। महिला अपने पीछे चार बच्चों और पति को छोड़ गई है। जानकारी के अनुसार, महादेवा गांव निवासी 42 वर्षीय महिला घर में भूसा निकाल रही थीं। इसी दौरान भूसे में छिपे जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। परिजनों ने महिला को बचाने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन उनकी हालत बिगड़ने पर उनकी मौत हो गई। मृतका अपने पीछे एक विवाहित बेटी, एक अविवाहित बेटी तथा दो बेटों को छोड़ गई हैं। परिवार के मुखिया हसनूं राजभर मेहनत-मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करते हैं। महिला की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्राम प्रधान शोभाराम ने बताया कि परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। पीड़ित परिवार को शासन से मिलने वाली आर्थिक सहायता दिलाने के लिए पुलिस को सूचना दे दी गई है तथा लेखपाल द्वारा आवश्यक कार्रवाई पूरी कर ली गई है। थानाध्यक्ष गौरव सिंह तोमर ने बताया कि मृतका के पति की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं हल्का लेखपाल रामनारायण बिंद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद शासन के नियमानुसार पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है।



### दर्शन तिवारी पुरवा के स्कूली बच्चे रोज पार करते हैं कीचड़ भरा रास्ता

**फेसबुक पर वायरल हुई तस्वीरें, सपा नेता बिनोद कुमार शुक्ला ने उठाया मुद्दा**

**कटरा बाजार/गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** 'स्मार्ट विलेज' और 'गड्ढा मुक्त सड़क' के दावे इस गांव में कीचड़ में सने पड़े हैं। कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र-297 के ग्रामसभा परसा गोण्डरी के दर्शन तिवारी पुरवा की मुख्य सड़क की हालत पिछले 15 साल से नहीं बदली। स्कूली बच्चे रोज बस्ता टांगकर इसी कीचड़ भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं।



**युवा ने भेजी फोटो, नेता ने उठाई आवाज**

सोमवार को यह मुद्दा तब सुर्खियों में आया जब सपा नेता व कटरा बाजार विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बिनोद कुमार शुक्ला ने फेसबुक पर तीन तस्वीरें शेयर कीं। पोस्ट में लिखा– 'यह फोटो 297, कटरा विधानसभा क्षेत्र, गोंडा किसी युवा साथी ने व्यवस्था से नाराज होकर मुझे भेजी है जो इस व्यवस्था से आहत है। 'इ तस्वीरों में स्कूली बच्चे पानी और कीचड़ से भरी कच्ची सड़क पर खड़े दिख रहे हैं। कहीं बच्चे जूते हाथ में लेकर निकल रहे हैं, तो कहीं लड़कियां किनारे-किनारे दीवार पकड़कर चल रही हैं।

'15 साल से ऐसे ही हैं हालात'- पोस्ट में दावा किया गया है कि दर्शन तिवारी पुरवा की यह सड़क पिछले 15 साल से इसी हाल में है। बारिश में हालात और बदतर हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार प्रधान, विधायक और अधिकारियों से शिकायत की, पर सिर्फ आश्वासन मिला। सड़क न बनने से बीमार को चारपाई पर लादकर ले जाना पड़ता है और स्कूली बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

**वायरल फोटो ने खोली सिस्टम की पोल**

तस्वीरें वायरल होते ही सोशल मीडिया पर लोग सवाल उठा रहे हैं– जब हर साल करोड़ों का बजट सड़क-नाली पर खर्च होता है तो दर्शन तिवारी पुरवा तक विकास क्यों नहीं पहुंचा? यूजर्स लिख रहे हैं कि 'डिजिटल इंडिया' के दौर में भी बच्चे कीचड़ में स्कूल जाने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया- 'बरसात में बच्चे गिर जाते हैं।कपड़े- किताब कापी खराब हो जाते हैं। प्रधान कहते हैं बजट नहीं है, विधायक जी चुनाव के बाद नहीं दिखे। 15 साल से सिर्फ वादे मिले।' एक तरफ सरकार 'गांव-गांव तक पक्की सड़क' का दावा करती है, दूसरी तरफ कटरा बाजार के दर्शन तिवारी पुरवा में 15 साल से बच्चे कीचड़ में पाठशाला जा रहे हैं।

## तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाया गया पिंजरा

**ड्रोन से हो रही तलाश, आठ लोगों पर किया था हमला**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** रामगांव थाना क्षेत्र स्थित हमीदपुर खैरटिया गांव में चार दिन पूर्व एक तेंदुआ आबादी में घुस आया था । इस दौरान तेंदुए ने आठ लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था । घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक तेंदुआ केले के खेतों में भाग गया था। शुक्रवार को हुए इस हमले में कसूरुदीन (17 वर्ष), सलामुन (40 वर्ष), जावेद (13 वर्ष), अब्दुल (15 वर्ष), सय्याद (25 वर्ष) और अफसर (60 वर्ष) सहित कुल आठ लोग घायल हुए थे। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए वन विभाग ने इलाके में पिंजरा लगाया है। इसके साथ ही, टीम ड्रोन की मदद से उसकी तलाश कर रही है ताकि उसे जल्द से जल्द रेस्क्यू किया जा सके। क्षेत्रीय वनाधिकारी ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए टीम लगातार कांबिंग कर रही है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की है।



# अखिलेश का जन्मदिन पर्यावरण बचाओ दिवस के रूप में मनेगा

**जिले की सात विधानसभा में आयोजित होंगे विशेष कार्यक्रम**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन 'पर्यावरण बचाओ दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर पार्टी कार्यालय पर एक बैठक आयोजित की गई। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने बताया कि भूमंडलीकरण के कारण धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए अखिलेश यादव ने अपने जन्मदिन को पर्यावरण बचाओ दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसके तहत 1 से 7 जुलाई तक सपा कार्यकर्ता, नेता और पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नीम, बरगद, पीपल और अन्य छायादार वृक्षों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करेंगे। इस दौरान 'पीडीए' (प्रेम, दया, अपनापन) का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। भाजपा द्वारा पैदा किए गए भय, आतंक और घृणा के वातावरण को खत्म कर भाईचारा बनाए रखने पर जोर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों में 'पीडीए भंडारा' का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह, विधायक कैसरगंज आनंद यादव, पूर्व विधायक के.के. ओझा, पूर्व विधायक रमेश गौतम, पूर्व सांसद सावित्रीबाई फुले, जिला महासचिव सुनील निषाद, जिला उपाध्यक्ष जफर उल्ला खां, देवेश चंद्र मिश्र, उत्तम सिंह, अनिल यादव, सपा नेता अक्षयवर नाथ कनौजिया, अवधेश वर्मा, दिनेश लोधी, नंदेश्वर नंद यादव, विधानसभा अध्यक्ष अयोध्या सोनी, गौरव यादव, जवाहर यादव, राम सुरेश यादव, शैलेश सिंह शैलू, जिला सचिव आनंद यादव, मो. तारिक अंसारी, जी.एस. निरंजन, राजेश चौधरी, गाजी इमाम आला, महिला सभा अध्यक्ष मन्नू देवी सहित कई अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सिपाही पर हमले के मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार

**पारिवारिक विवाद की सूचना पर पहुंची थी पुलिस**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

जिले के जरवल रोड थाना क्षेत्र में एक सिपाही पर हमले के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना शनिवार देर रात कसमंडा गांव में हुई थी, जब पीआरवी टीम पारिवारिक विवाद में बंधक बनाए गए लोगों की सूचना पर पहुंची थी। हमले में एक सिपाही घायल हो गया था। पुलिस ने सोमवार को सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, कैसरगंज थाना क्षेत्र की एक युवती का निकाह जरवल थाना क्षेत्र के कसमंडा निवासी इरशाद से हुआ था। शनिवार रात ससुराल पक्ष के लोगों ने युवती के साथ मारपीट की। युवती ने इसकी सूचना अपने मायके वालों को दी, जिसके बाद उसके भाई और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। इस दौरान ससुराल पक्ष के लोगों ने उन्हें बंधक बना लिया। हंगामा बढ़ता देख आसपास के लोगों ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना पर आरक्षी संस्कार राव दो अन्य सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया, जिससे आरक्षी संस्कार राव घायल हो गए। हमलावर घटना के बाद मौके से फरार हो गए थे। जरवल पुलिस ने सोमवार को इस मामले में सद्दाम, सरवर, मोमिन, इरशाद और मुनीम नामक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। सभी को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### आधी आबादी की सुविधा पर सवाल सार्वजनिक स्थानों पर महिला प्रसाधनों का अभाव, नगर में बढ़ रही परेशानी

**उतरौला (बलरामपुर)।** महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सुविधा को लेकर सरकारें लगातार विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही हैं, लेकिन आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए प्रसाधन (टॉयलेट) की पर्याप्त व्यवस्था न होने से उन्हें आज भी रोजमर्रा की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के प्रमुख चौराहों, बैंक परिसरों के आसपास और अधिक भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर महिला प्रसाधन की सुविधा का अभाव लंबे समय से महसूस किया जा रहा है। नगर में तहसील परिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और कोतवाली परिसर में शौचालय की व्यवस्था उपलब्ध है।

# सुधांशु को मिलेगा नेशनल इंपैक्ट सोशल अवॉर्ड और वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस सम्मान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिले के विकास खंड कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम सभा पूरे बदल मिश्रनपुरवा निवासी सुधांशु मिश्र को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए रविवार को लखनऊ में आयोजित 'संवेदना-2 राष्ट्रीय सामाजिक प्रभाव पुरस्कार समारोह' में नेशनल सोशल इम्पैक्ट अवार्ड तथा वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस (लंदन) अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। समारोह बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में टीम निफा उत्तर प्रदेश एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लैंड) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। सुधांशु मिश्र जिले सहित विभिन्न जिलों में रक्तदान शिविर आयोजित कर जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने और युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। समारोह में लघु एवं सूक्ष्म राज्यमंत्री वैश्य नटवर गोयल, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चैहान, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल तथा निफा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार दुबे सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। सम्मान मिलने पर जिले के सहयोगी अंकित तिवारी, अंशुमान, आलोक पांडेय ने सुधांशु मिश्र को बधाई दी।



# राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर याद किये गये प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस

**विकास भवन स्थित जिला अर्थ व संख्याधिकारी के कार्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारत में प्रतिवर्ष 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारतीय सांख्यिकी के जनक कहे जाने वाले महान वैज्ञानिक और अर्थशास्त्री प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

स्वतंत्र भारत के पहले योजना आयोग के प्रमुख सदस्य रहे प्रो. पी.सी. महालनोबिस द्वारा वर्ष 1931 में भारतीय सांख्यिकी संस्थान की स्थापना की गई थी। उल्लेखनीय है कि ''प्रशासनिक डेटा की क्षमता को उजागर करना'' की थीम पर मनाये जाने वाले 20वें राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर विकास भवन स्थित जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. पी.सी. महालनोबिस के चित्र पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी घासी राम, अपर सांख्यिकीय अधिकारी जितेन्द्र प्रसाद, तीरथ राम वर्मा, अवधेश कुमार भारती, अजय कुमार, दिनेश कुमार सिंह व विनोद कुमार, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी राकेश चन्द्र पाठक, वरिष्ठ सहायक भगवान दीन भार्गव, कलाकार क्षितिज कुमार साहू व अन्य कार्मिकों द्वारा मार्ल्यापण किया गया। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी घासी राम ने बताया कि सांख्यिकीय प्रणाली और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण में प्रोफेसर पी.सी. महालनोबिस के योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है।

उन्होंने कहाकि आर्थिक नियोजन और नीति निर्माण में सांख्यिकी के महत्व और इसकी भूमिका के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना भी आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

# हर जरूरतमंद के इलाज की व्यवस्था करा रही सरकार : योगी

▸ मुख्यमंत्री 'जनता दर्शन' में विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों से मिले



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों की समस्याओं को ध्यान से सुना। उनका प्रार्थना पत्र लिया और संबंधित अधिकारियों को देकर निर्देशित किया कि सभी लोगों की समस्याओं का समाधान तय समयसीमा के भीतर हो। इसके उपरांत पीड़ित पक्ष से बात कर उनकी संतुष्टि के बारे में जानकारी ली जाए। मुख्यमंत्री ने पीड़ितों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप बेफिक्र होकर घर जाइए, हम हर मामले का उचित निस्तारण कराएंगे।

बरेली से एक महिला ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। उन्होंने कैंसर के इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई और आर्थिक सहायता की मांग की। मुख्यमंत्री ने उनसे हॉस्पिटल का एस्टिमेट मांगा, जिसे वह तत्काल उपलब्ध न करा सकीं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आप हॉस्पिटल से एस्टिमेट मंगवा लीजिए। आप स्वास्थ्य पर ध्यान दें, इलाज की चिंता सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने मरीज को एडमिट कराने और उनके समुचित इलाज के लिए भी निर्देशित किया।

'जनता दर्शन' में राजस्व संबंधी मामले भी आए। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अतिक्रमण कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। इस पर निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने राजस्व मुकदमों के समयबद्ध निस्तारण पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस पर जल्द निर्णय होने से वादकारियों को समय से राहत मिलती है। राजस्व से जुड़े अधिकारी समय से न्यायालय में बैठें। इस संबंध में निर्णय भी जल्द दें, क्योंकि ऐसा न होने से गरीब वादकारी अधिक प्रभावित होते हैं। वादकारियों को न्याय दिलाना सरकार की मंशा है। इसके अनुरूप राजस्व से जुड़े अधिकारी जरूरतमंदों को न्याय दिलाएं।

### काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायक राजेंद्रनाथ लाहिड़ी की जयंती पर योगी ने दी श्रद्धांजलि

सीएम योगी ने सोमवार को लखनऊ के काकोरी ट्रेन एक्शन के नायक राजेंद्रनाथ लाहिड़ी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका सर्वोच्च बलिदान युवाओं को सदैव राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा। आदित्यनाथ ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, क्रांति पथ के अडिग राही, काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायक राजेंद्रनाथ लाहिड़ी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा, मातृभूमि की स्वतंत्रता हेतु उनका सर्वोच्च बलिदान राष्ट्र के युवाओं को सदैव देशभक्ति, त्याग और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित करता रहेगा।

# सरकारी संस्थाओं से प्रॉपर्टी खरीद की प्रक्रिया संबंधी चार जून 2026 को जारी शासनादेश निरस्त : रवींद्र जायसवाल

▸ सरकार अधिवक्ताओं व डीड राइटरों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनका रोजगार छीनने का कोई इरादा नहीं



एजेंसी, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने सोमवार को ऑनलाइन रजिस्ट्री की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए किए गए नवाचार के प्रयास और उससे उपजे भ्रम को लेकर स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने बताया कि 4 जून 2026 को जारी शासनादेश, जो सरकारी संस्थाओं से प्रॉपर्टी खरीद की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से था, उसे फिलहाल निरस्त कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि इस शासनादेश के पीछे का विचार यह था कि यदि विक्रेता कोई सरकारी संस्था (जैसे एलडीए, वीडीए) है, तो प्राधिकरण कार्यालय में ही स्टांप वेंडर स्टांप उपलब्ध कराएगा और डीड तैयार होने के बाद, सभी दस्तावेज वहीं से मेल के माध्यम से रजिस्ट्री कार्यालय को भेजे जाएंगे। रजिस्ट्री कार्यालय से पुष्टि होने पर तुरंत प्रिंट निकल जाएगा।

हालांकि इस शासनादेश में स्पष्टता की कमी के कारण अधिवक्ताओं और डीड राइटरों में यह भ्रम फैल गया कि उनका रोजगार छीना जा रहा है। मंत्री रवींद्र जायसवाल ने जोर देकर कहा कि सरकार अधिवक्ताओं और डीड राइटरों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनका रोजगार छीनने का कोई इरादा नहीं है। भविष्य में विभाग सभी पक्षों से संवाद कर प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और सरल बनाने का प्रयास करेगा।

## खबरें एक नजर में

### मौलाना सलमान नदवी का निधन, इस्लामिक जगत में शोक की लहर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इस्लामिक स्कॉलर, विचारक और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) के पूर्व सदस्य मौलाना सैयद सलमान हुसैनी नदवी का सोमवार को लखनऊ में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से देश और विदेश के शैक्षणिक, धार्मिक और सामाजिक हलकों में गहरा शोक है। मुस्लिम धर्म गुरुओं ने कहा कि मौलाना का निधन न केवल हिंदुस्तान के लिए, बल्कि संपूर्ण इस्लामी जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके जाने से इस्लामिक मुद्दों को उठाने वाली एक सशक्त आवाज खामोश हो गई है। मौलाना सलमान हुसैनी नदवी का जन्म 1954 में उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के सैयद परिवार में हुआ था। वह हजरत मौलाना सैयद मोहम्मद ताहिर हुसैनी के पुत्र और इस्लामी विचारक डॉ. सैयद अब्दुल अली हसनी के नवासे थे। इस पारिवारिक पृष्ठभूमि ने उन्हें एक आध्यात्मिक वातावरण प्रदान किया, जिसने उनके व्यक्तित्व को गहराई और वैचारिक व्यापकता दी। दारुल उलूम नदवतुल उलेमा, लखनऊ से हदीस में फजीलत की शिक्षा हासिल करने के बाद उन्होंने रियाद (सऊदी अरब) स्थित जामिया अल-इमाम मोहम्मद बिन सऊद अल-इस्लामिया से उच्च शिक्षा हासिल की। रियाद में उन्होंने अपने दौर के महान हदीस के विद्वान अल्लामा शेख अब्दुल फत्ताह अबू गुद्दा की देखरेख में शोध कार्य किया। उसके बाद लखनऊ लौटकर दारुल उलूम नदवा में लंबे समय तक शैक्षणिक कार्यों में लगे रहे। मौलाना के निधन से दारुल उलूम नदवा के छात्रों और शिक्षकों में विशेष रूप से मायूसी है।

### नव भारतीय किसान संगठन ने मंडलायुक्त कार्यालय घेरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को नव भारतीय किसान संगठन के बैनर तले किसानों ने मंडलायुक्त कार्यालय का घेराव किया। किसानों ने अपनी 10 मांगों को लेकर शहीद स्मारक से मंडलायुक्त कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला। वहां पहुंचने के बाद संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने एक अधिकारी को मंडलायुक्त के लिए ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव ने कहा कि सरकार और प्रशासन किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाए। किसानों को 400 यूनिट तक बिजली फ्री और 24 घंटे मिले। उनका पूरा कृषि ऋण माफ किया जाए। गन्ने का समर्थन मूल्य 600 रुपए प्रति क्विंटल किया जाए। विधवा पेंशन बढ़ाई जाए। किसान अपनी जिन चीजों के लिए संघर्ष करता रहता है, उसे अधिकारी नजरअंदाज करते हैं। यदि हमारी मांगों चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो किसान विधानसभा का घेराव कर महाआंदोलन शुरू करेंगे। प्रदर्शनकारी किसानों ने संगठन ने विधवा पेंशन बढ़ाकर 5,000 रुपए प्रतिमाह किए जाने की मांग भी रखी। बख्शी का तालाब क्षेत्र में सरकारी जमीन पर कब्जों की जांच कर कार्रवाई की जाए। अवैध खनन और भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की जाए। पहाड़पुर स्थित ग्लूकोज फैक्ट्री से प्रदूषण फैलाने के आरोपों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। आवारा पशुओं से फसलों का नुकसान रुकवाया जाए। इसके अलावा बख्शी का तालाब महिला थाने को नए भवन में स्थानांतरित करने, छठे मील स्थित निजी सब्जी मंडी को सरकारी भूमि खाली कराकर स्थानांतरित करने की मांग रखी। साथ ही मुख्यमंत्री से किसान संगठन के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात कराई जाए।

### आलमबाग में यूवीटी कृष्णा सिनेमाज की दो नई स्क्रीन का भव्य शुभारंभ

▸ सांसद जगदंबिका पाल ने किया उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आलमबाग स्थित यूवीटी कृष्णा सिनेमाज में शनिवार को स्क्रीन-1 एवं स्क्रीन-2 का भव्य शुभारंभ सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगदंबिका पाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुंबई से कुमार आदर्श, हैदराबाद से श्रीनीवास मामिडाला, लखनऊ से ऋषि अरोड़ा, सुमन बागे सहित कई गणमान्य अतिथि एवं यूवीटी सिनेमाज के वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि जगदंबिका पाल ने कहा कि लखनऊ में विश्वस्तरीय सिनेमा तकनीक और आधुनिक मनोरंजन सुविधाओं का आगमन शहर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि यूवीटी कृष्णा सिनेमाज की यह पहल राजधानी के मनोरंजन क्षेत्र को नई दिशा प्रदान करेगी। यूवीटी कृष्णा सिनेमाज में अत्याधुनिक प्रोजेक्शन तकनीक, आधुनिक साउंड सिस्टम, डिजिटल टिकटिंग, आरामदायक सीटिंग व्यवस्था तथा प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे दर्शकों को बेहतर सिनेमाई अनुभव मिलेगा।इस मौके पर यूवीटी कृष्णा सिनेमाज ने ष्समर कम्युनिटी कम्फर्टष् पहल की भी घोषणा की। इसके तहत भीषण गर्मी को देखते हुए 75 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को निर्धारित समय के दौरान बिना फिल्म टिकट के भी सिनेमा परिसर के पूर्णत: वातानुकूलित वातावरण में नि:शुल्क बैठने और विश्राम करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। संस्था ने इसे समाज सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि मनोरंजन के साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी उनकी प्राथमिकता है।

# जलशक्ति मंत्री, 15 से 25 जुलाई तक करेंगे जिलों के ताबड़तोड़ दौरे

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

जल जीवन मिशन योजना के तहत गांवों में निर्धारित मानकों के मुताबिक नल से जल की सप्लाई हो रही है या नहीं। इसकी जमीनी हकीकत जानने के लिए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह खुद फील्ड पर उतरेंगे। 15 से 25 जुलाई के बीच जलशक्ति मंत्री 12 से अधिक जिलों का दौरा करेंगे और गांवों का निरीक्षण कर खुद जलापूर्ति और पानी की गुणवत्ता की जांच करेंगे।

सोमवार को इसके निर्देश जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विभागीय समीक्षा बैठक में दिए। दौरे में जलशक्ति मंत्री के साथ नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव और विभाग के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस दौरे में मंत्री और अधिकारी गांवों में रात्रि विश्राम करेंगे और जनता से संवाद करेंगे। इस दौरान विभिन्न गांवों में जल



▸ अपर मुख्य सचिव समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मंत्री के साथ दौरे में रहेंगे शामिल

अर्पण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

सोमवार को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि अगर किसी भी जिले में जलापूर्ति की शिकायत आती है, तो चीफ इंजिनियर और अधीक्षण अभियंता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी चीफ इंजिनियर खुद एक-एक परियोजना की समीक्षा करें और जवाबदेही निर्धारित करें। ताकि गर्मी में सभी को साफ जल नल से मुहैया हो सके।

विभागीय समीक्षा बैठक में जलशक्ति मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी चीफ इंजिनियर अपने स्तर पर भी गांवों में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन करें। इन आयोजनों में ग्रामवासियों को जलापूर्ति की व्यवस्था सौंपने के साथ-साथ ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति भी सचेत किया जाए।

### इन जिलों का दौरा करेंगे जलशक्ति मंत्री

15-16 जुलाई के बीच जलशक्ति मंत्री ललितपुर, झांसी, जालौन के गांवों का दौरा करेंगे। इस दौरान मंत्री औचक निरीक्षण कर गांवों में पहुंचेगे।
18-19 जुलाई को जलशक्ति मंत्री सुल्तानपुर, जौनपुर, मीरजापुर और सोनभद्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान भी गांवों में जाकर ग्रामीणों से फीडबैक लिया जाएगा। साथ ही रात्रि विश्राम भी मंत्री और अधिकारी करेंगे।

### 24 जुलाई को यमुना सफाई को लेकर मथुरा में होगा संत संवाद

24 जुलाई को जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मथुरा में संत संवाद करेंगे। इसमें यमुना की सफाई को लेकर संतों की राय ली जाएगी। साथ ही यमुना के आसपास के ग्रामीणों को भी इस संवाद में शामिल किया जाएगा। ग्रामीणों को नदियों की सफाई के लिए जागरूक भी किया जाएगा। संवाद के बाद विभाग की ओर यमुना किनारे बसे गांवों में नदी सफाई के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने की भी योजना है।

# सपा ने राम मंदिर निर्माण में रुकावटें क्यों खड़ी की थीं : आलोक अवस्थी

▸ भाजपा प्रवक्ता ने सपा प्रमुख से पूछे कई सवाल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता आलोक अवस्थी ने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से श्रीराम मंदिर को लेकर लगातार दिए जा रहे अनाप शनाप बयानों पर पलटवार किया है। उन्होंने सपा अध्यक्ष पर तीखे कटाक्ष करते हुए कई सवाल पूछे हैं।

भाजपा प्रवक्ता आलोक अवस्थी ने सोमवार को जारी अपने वीडियो बयान में कहा कि अखिलेश यादव नए नए राम भक्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह

जवाब दें कि वे रामचरितमानस फाड़ने और जलाने पर चुप क्यों रहे? श्रीराम मंदिर बनने के रास्ते में रुकावटें क्यों खड़ी की? अवस्थी ने सवाल किया कि संविधान पीठ के निर्णय के पश्चात श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के लोकार्पण के न्योते को क्यों ठुकराया?

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अपने आप को यदुवंशी बताने वाले अखिलेश यादव जवाब दें कि आप कृष्ण भक्त बन कर श्रीकृष्ण जन्मभूमि के समर्थन के लिए कब खड़े होंगे? अखिलेश बताएं कि वे श्रीकृष्ण जन्मभूमि आंदोलन के लिए क्या करने वाले हैं और उनकी पार्टी की रीति नीति क्या है?

# आध्यात्मिक शिक्षा जीवन जीने का सही तरीका सिखाती है : डॉ. भारती गाँधी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. प्रधान कार्यालय में आयोजित एक वैचारिक-आध्यात्मिक सत्संग सभा में बतौर मुख्य वक्ता बालते हुए अभिभावकों व शिक्षकों का आह्वान किया कि बच्चों को प्रारम्भ से ही आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान करें, क्योंकि आध्यात्मिक शिक्षा जीवन जीने का सही तरीका सिखाती है। जब बच्चों में आध्यात्मिक शिक्षा द्वारा मानवीय संस्कार दिये जाते हैं तो वह अपने भौतिक कर्तव्यों के साथ आध्यात्मिक कर्तव्यों का भी पालन करता है और समाज में सुख व शान्ति की स्थापना संभव हो पाती है। इस सत्संग सभा में राबर्ट गांधी एवं महेश अग्रवाल समेत 75 से अधिक विभिन्न धर्मों के अनुयाइयों ने प्रतिभाग किया।

सत्संग सभा में आगे बोलते हुए डा. भारती गाँधी ने कहा कि आध्यात्मिक शिक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आध्यात्मिकता द्वारा मनुष्य को आपस में प्रेम से रहना, लोगों की मदद करना, भेदभाव ना करना सिखाया जा सकता है। आज सारे विश्व में जो लड़ाई हो रही हैं उसका केवल एक कारण है आध्यात्मिक शिक्षा का आभाव। आज जब विश्व सरकार बने और विश्व में भेदभाव और लैंगिक असमानता बढ़ रही है, तब आध्यात्मिक शिक्षा के द्वारा विश्व शांति की स्थापना की जा सकती है। आपसी सहयोग और भाईचारे के द्वारा से देशों



के बीच हो रहे युद्धों का शांतिपूर्ण समाधान संभव है। डॉ. भारती गाँधी ने कहा कि जब मनुष्य धरती पर आया तो उसे किसी भी चीज की जानकारी नहीं थी और वह पशुओं की तरह रहता था, फिर समय बीतने के साथ वह अपनी आवश्यकता के लिए प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करने लगा। समय के साथ, विभिन्न महापुरूषों द्वारा जीवन जीने का सही तरीका आध्यात्मिक शिक्षा द्वारा समझाया गया और उन शिक्षाओं को ईश्वर से जोड़ा ताकि मनुष्य उस पर चलकर एक सुखी जीवन बिता सके। आज बच्चे टीवी, मोबाइल आदि में इतना खोये रहते हैं कि सांसारिक व आध्यात्मिक कर्तव्यों को भूल जाते हैं। जिससे उनका जीवन कठिनाईयों एवं समस्याओं से भर जाता हैं। ऐसे में, जरूरी है कि हम भावी पीढ़ी को शुरू से ही जीवन मूल्यों, नैतिक मूल्यों व आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत जीवन पद्धति पर चलना सिखायें। सत्संग का समापन बहुत ही प्रेरणादायी गीत ''आज विश्व को नये विचार चाहिए'' व प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# लखनऊ में दो जगहों पर लगी आग को दमकल कर्मियों ने बुझाया

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ में सोमवार को दो अलग-अलग जगहों पर आग लगने की घटनाएं सामने आयी हैं। फायर ब्रिगेड की टीम एसडीआरएफ की मदद से आग को काबू में किया। पहली घटना विकास नगर में जहां एक जूते चप्पल की दुकान में आग लगी थी तो वहीं चिनहट में अपार्टमेंट की पांचवीं मंजिल पर आग लगी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विकासनगर थाना पुलिस ने बताया कि कुर्सी रोड पर महावीर इंटर कॉलेज के सामने स्थित एक मार्केट के प्रथम तल पर जूता-चप्पल की दुकान संचालित है, जिसके स्वामी मोहम्मद समीर एवं मोहम्मद हसीन हैं। दुकानों के पीछे रिहायशी मकान भी स्थित हैं। सोमवार सुबह दुकान में आग लग गई थी। सूचना पाकर मौके पर दमकल विभाग की गाड़ियां से आग को बुझाना शुरू किया। साथ ही साथ पुलिस ने आसपास के मकानों को भी सुरक्षा की दृष्टि से खाली करा लिया। फायर कर्मियों ने पूरी तरह से आग को बुझा लिया। घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। स्थिति पूर्णतः सामान्य एवं नियंत्रण में हैं। इसी तरह चिनहट थाना क्षेत्र के नन्दी विहार कॉलोनी, रामा डिग्री कॉलेज के निकट स्थित एक स्टे होम अपार्टमेंट की पांचवीं मंजिल पर आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही



थाना चिनहट पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा फायर सर्विस को सूचित करते हुए राहत एवं बचाव कार्य प्रारम्भ कराया। पुलिस द्वारा मौके पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए भवन में मौजूद लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद फायर कर्मियों ने होज पाइप के माध्यम से आग बुझाने का कार्य प्रारम्भ किया गया। मौके पर पाया कि आग भवन की पांचवीं मंजिल पर स्थित एक कमरे तक सीमित थी। लगभग 30 मिनट के अथक प्रयास के उपरांत आग पर पूर्णतः काबू पा लिया गया। पुलिस के मुताबिक प्रभावित भवन के स्वामी तौकीर सिद्दीकी हैं, जो उस भवन का उपयोग स्टे होम, ऑफिस के रूप में करते हैं। घटना के समय उक्त फ्लोर पर ठहरे तीन अतिथि सुरक्षित पाए गए। उन्हें किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं पहुंची। अग्निकाण्ड में संबंधित कमरे में रखा बेड, एसी, दरवाजा एवं दीवारें क्षतिग्रस्त हुई हैं। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण एसी में इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है, जिसकी जांच की जा रही है। घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि अथवा व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है।

# लखनऊ में चार साइबर ठग गिरफ्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार को सुशान्त गोल्फ सिटी थाना और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कॉरपोरेट धोखाधड़ी रैकेट के अंतरराष्ट्रीय गैंग का खुलासा किया है। साइबर फ्रॉड करते हुए जनता से करोड़ों की ठगी करने वाले चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से 79 चेक बुक, 77 एटीएम कार्ड, 14 की पैड मोबाइल, 15 एण्ड्राइड मोबाइल आदि बरामद किये हैं।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अमित कुमार आनन्द ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर बताया गया कि अतिरिक्त निरीक्षक थाना सुशान्त गोल्फ सिटी विनोद कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम व साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में बैंक अकाउंट खुलवाकर ऑनलाइन साइबर फ्राड करने वाले अंतरराष्ट्रीय कॉरपोरेट धोखाधड़ी रैकेट करने वाले चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग लाइट हाउस आवास विकास योजना के ब्लॉक के एक फ्लैट में साइबर फ्रॉड का काम कर रहे है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो चार लोग फ्लैट में लैपटॉप व मोबाइल से कुछ फ्रॉड का पैसा ट्रान्सफर कर रहे थे। पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पाया कि ये लोग साइबर फ्रॉड व कम्पनी बनाकर पैसे का ट्रान्सफर कर उसके निकाल लेते थे। पकड़े गए अभियुक्तों में उन्नाव कोतवाली निवासी सत्येंद्र सविता, बिहार राज्य के निप्पु कुमार, मनीष कुमार और सन्नी कुमार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे अपने साथियों के कहने पर लोगों को बहला-फुसलाकर उनके नाम से करंट एकाउंट खुलवा लेते थे।

फर्जी कार्यालय दिखाकर कंपनियां रजिस्टर करते थे। इसके बाद साइबर ठगी की रकम इन खातों में ट्रांसफर करते थे। आरोपित इस नेटवर्क को संचालित करने के लिए अपना कमीशन लेते थे। इन अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में एनसीआरपी पोर्टल पर 718 शिकायतें दर्ज हैं, जिनकी जानकारी की जा रही है।

### दस साल की बच्ची से रेप का प्रयास, पुलिस ने आरोपी को लिया हिरासत में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में सोमवार को दस साल की एक बच्ची से कथित दुष्कर्म के प्रयास के मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मोहनलालगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली बच्ची की माता ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायक में आरोप लगाया कि उसके पड़ोस में रहने वाला 42 वर्षीय वसीम उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसका यौन उत्पीड़न का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक, घटना की सूचना मिलने के बाद मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की गयी और आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बताया कि बच्ची की मेडिकल जांच और अन्य आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

**सराहनीय** | ओ लेवल-सीसीसी प्रशिक्षण बना सहारा

# ओबीसी युवाओं को डिजिटल ताकत दे रही उत्तर प्रदेश सरकार

▸ 10 जुलाई तक करें आवेदन, 1 अगस्त से शुरू होगा प्रशिक्षण
▸ नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थानों में मिलेगा नि:शुल्क प्रशिक्षण
▸ पिछले वर्ष ओबीसी समाज के 29 हजार से अधिक युवाओं ने लिया योजना का लाभ

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण और रोजगारपरक योजनाओं को नई दिशा मिली है। इसी क्रम में पिछड़ा वर्ग के युवाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से शुरू की गई ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना युवाओं के लिए बड़ी सौगात बनकर सामने आई है।

योगी सरकार ने इस योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दिया है। इच्छुक छात्र-छात्राएं 10 जुलाई 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट http://obccomputertraining.upsdc.gov.in पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 1 अगस्त 2026 से प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित इस योजना के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवक-युवतियों को ओ लेवल और सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण नि:शुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना का लाभ उन्हीं ओबीसी छात्र-छात्राओं को मिलेगा, जिन्होंने इंटरमीडिएट उत्तीर्ण किया हो। साथ ही उनके माता-पिता या अभिभावक की वार्षिक आय 1 लाख रुपये या उससे कम होनी चाहिए। इसके अलावा लाभार्थी किसी अन्य शिक्षण संस्थान से छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं कर रहा हो। विशेष बात यह है कि प्रशिक्षण भारत सरकार की नीलिट से मान्यता प्राप्त संस्थाओं के माध्यम से कराया जाता है।

### तीन महीने में पूरा होता है सीसीसी कोर्स

ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष निर्धारित है, जबकि सीसीसी कोर्स तीन महीने में पूरा होता है। दोनों ही पाठ्यक्रम रोजगार की दृष्टि से बेहद उपयोगी माने जाते हैं। इस योजना के तहत ओ लेवल प्रशिक्षण के लिए प्रति छात्र 15,000 रुपये की राशि सरकार द्वारा वहन की जाती है। वहीं सीसीसी प्रशिक्षण के लिए प्रति छात्र 3,500 रुपये का भुगतान सीधे विभाग द्वारा किया जाता है। इससे छात्रों पर किसी प्रकार का आर्थिक बोझ नहीं पड़ता है और वे पूरी तरह नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर पाते हैं।

### पिछले वर्ष हजारों छात्रों ने प्रशिक्षण किया प्राप्त

वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के अंतर्गत कुल 29,191 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें 22,407 छात्रों ने ओ लेवल और 6,784 छात्रों ने सीसीसी कोर्स पूरा किया है। प्रदेश में वर्तमान समय में कुल 299 संस्थाएं इस योजना के तहत चयनित हैं। इनमें 52 संस्थान केवल ओ लेवल, 43 संस्थान केवल सीसीसी और 204 संस्थान दोनों कोर्स संचालित कर रहे हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के निदेशक उमेश प्रताप सिंह ने सभी पात्र छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे 10 जुलाई तक विभाग की ओर से जारी आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन जरूर करें। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल युवाओं को डिजिटल रूप से दक्ष बनाएगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और रोजगार के लिए सक्षम बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्रांच में हंगामा, 5 महिलाएं बेहोश, दर्जनों लोगों ने नारेबाजी की

▸ एफडी के नाम पर किए गए फर्जीवाड़े के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मोहान रोड स्थित शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय परिसर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में सोमवार को खाताधारकों ने फिर से हंगामा कर दिया। एफडी के नाम पर किए गए फर्जीवाड़े के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

करीब ढाई घंटे तक बैंक का शटर गिराकर प्रदर्शन किया। इस दौरान 5 महिलाएं बेहोश हो गई। प्रदर्शनकारी खाताधारकों का आरोप था कि बैंक प्रबंधन ने एक सप्ताह में भुगतान का आश्वासन दिया था। समय बीत जाने के बाद भी अधिकांश लोगों को उनकी जमा राशि नहीं मिली है। इसी के विरोध में लोगों ने बैंक के बाहर धरना दिया।प्रदर्शन के दौरान भीड़ और गर्मी की वजह से 5 महिला खाताधारकों की तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गई। इनमें जानकी, गुड़िया, जयश्री, रुचि गौतम, रामादेवी और सुषमा शामिल थीं। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें पानी की छींटें मारीं, तब उन्हें होश हाया।।

घटना की सूचना मिलते ही बैंक शाखा प्रबंधक और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, जबकि बैंक मैनेजर ने भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने का आश्वासन दिया। करीब ढाई घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद बैंक मैनेजर के आश्वासन और पुलिस के हस्तक्षेप पर खाताधारकों ने बैंक का ताला खोल दिया। इसके बाद बैंक का नियमित कार्य शुरू हो सका। गौरतलब है कि कथित एफडी घोटाले में बैंक मित्र शिवा राव और उसके सहयोगी दीपक पर अधिक ब्याज का लालच देकर लोगों से लाखों रुपए जमा कराए थे। मामले में दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। खाताधारकों ने 22 जून को रुपए वापसी के आश्वासन की डेडलाइन खत्म होने के बाद फिर से प्रदर्शन शुरू किया है। 22 जून से हर कार्य दिवस पर पहुंचकर बैंक में प्रदर्शन कर रहे हैं। चेतावनी दी है कि यदि जल्द उनकी जमा पूंजी वापस नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### ग्रामीण ने मारपीट का आरोप लगाते हुए दी तहरीर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव साहबेगपुर निवासी अनिल ने पुलिस को बताया कि 28 जून की रात्रि करीब 11 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। इसी दौरान गांव के ही दो लोग उसके खेत पर जबरदस्ती कब्जा करने की धमकी देते हुए आए। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे गालियां देते हुए डंडे से पूरी तरह से मारा पीटा। जिसमें वह खुली गम्भीर रूप से घायल हो गया। मारपीट के दौरान उसकी जेब से आठ हजार रूपए भी कहीं गिर गए। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### ईरिक्शा और कार की टक्कर, कार सवार और पुलिस वालों ने ईरिक्शा चालक को पीटा

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव धारा में बने फ्लाई ओवर के पास ई रिक्शा और कार में उस वक्त जोरदार टक्कर हो गई जब कार पुवायां से खुटार की ओर जा रही थी और ई रिक्शा फ्लाई ओवर के नीचे से निकल कर पुवायां की ओर जा रहा था। पुवायां से एक कार खुटार की ओर जा रही थी। जब वह गांव धारा स्थित फ्लाईओवर के पास पहुंची। तभी फ्लाई ओवर के नीचे से पुवायां की ओर आ रहा ई रिक्शा कार से टकरा गया। जिससे ई रिक्शा पलट गया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं कार की ड्राइवर सीट की खिड़की का शीशा टूट गया। जिससे कार सवार लोग भड़क गए और ई रिक्शा चालक को पकड़कर बुरी तरह पीट दिया। जिसके बाद कार सवार ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी बिना कुछ बात सुने ई रिक्शा चालक की पिटाई करना शुरू कर दी और उसे लेकर कोतवाली आ गई। वहीं कार सवार भी कार लेकर कोतवाली पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने कार सवार और ई रिक्शा चालक के बीच समझौता करा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि घटना के बाद कार सवार लोगों ने ई रिक्शा चालक को बुरी तरह मारा पीटा। जिसके बाद पुलिस ने भी बिना ई रिक्शा चालक की बात सुने उसकी पिटाई कर दी।

### कुर्मी समाज की अनदेखी करने वालों को चुनाव में मिलेगा सबकः वर्मा

**बीसलपुर, पीलीभीत।** राष्ट्रीय कुर्मी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कुर्मी समाज उसी को जो पार्टी अधिक भागीदारी देगी उसी को चुनाव में सहयोग किया जाएगा। कुर्मी समाज को पार्टियों ने इस्तेमाल करने का काम किया है। बीसलपुर में संगीता गंगवार के आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुये राष्ट्रीय कुर्मी महासभा संघ के प्रदेश अनिल वर्मा ने कहा कि प्रदेश में कुर्मी वोटरों की अधिक संख्या होने के बाद भी समाज का दोहन किया जा रहा है। कुर्मी समाज को केवल वोट के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। कुर्मी समाज की एक बड़ी रैली लखनऊ में होगी। भाजपा व सपा से अधिक से अधिक टिकटों की मांग की जाएगी जो समाज को सम्मान देगा उसी को पूरे दम खम के साथ चुनाव लड़ाया जाएगा। राम मंदिर चंदा चोरी के मामले में उन्होंने कहा कि पूरे देश के हिंदू जनमानस की आस्था भगवान श्रीराम में हैं। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में चंदा चोरी किया जाना महा पाप है और ऐसा करने वालों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। कुर्मी समाज खेती किसानी करता है और उसने बड़ी तादात में राम मंदिर में चंदा दिया। सरकार को इस पर कड़े कदम उठाने चाहिए।

### आर्य समाज चर्चित कांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**विपक्षी शिवराम सिंह ने भी लोकेश आर्य समेत तीन नामजद व दर्जन भर अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर**

**तिलहर-शाहजहांपुर।** आर्य समाज झगड़े के मामले में दूसरे पक्ष की ओर से भी तहरीर दी गई है। वहीं रविवार को दर्ज की गई रिपोर्ट में दर्शाए गए सात नामजद आरोपियों में से दो को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बता दें कि रविवार सुबह सात बजे नगर के आर्य समाज में आधिपत्य को लेकर हुए विवाद में आर्य समाज में बारात में शामिल पुरुष महिला ओ समेत दस लोगों के घायल होने के चलते संस्था के मंत्री लोकेश आर्य की ओर से गढ़िया रंगीन थाने क्षेत्र के गांव सिमरिया राय पुर निवासी शिवराम सिंह व उनके तीन बेटों , तिलहर थाने के निकट निवासी विजय पाल सिंह यादव व उनके तीन बेटों समेत करीब दो दर्जन अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उक्त मामले में पुलिस ने शिवराम सिंह के बेटे आलोक व पौत्र अभिउत्कर्ष को हिरासत में ले लिया है। उधर आरोपी पक्ष के शिवराम सिंह पुत्र रामभरोसे ने भी पुलिस को लोकेश आर्य। समेत कई लोगों के खिलाफ मारपीट करने की तहरीर दी है। शिवराम सिंह ने पुलिस को बताया कि वह आर्य समाज मन्दिर के मंत्री है तथा आर्य समाज द्वारा संचालित महर्षि दयानन्द शिक्षा सदन के प्रबन्धक है। मन्दिर व विद्यालय आदि का उनकी देखरेख में कार्यक्रम संचालित होते हैं। 28 जून को सदैव की भांति प्रातः करीब साढ़े सात बजे आर्य समाज के साप्ताहिक सत्संग एवं हवन करने हेतु वह व अन्य आर्यजन उपस्थित हुये थे। वहां मोहल्ला दातागंज निवासी लोकेश पुत्र ओमप्रकाश, अभिनव पुत्र लोकेश , आयुष पुत्र राजेश 10-15 आदमी व महिलाओं के साथ लाठी डन्डों से लैस होकर पूर्व में ही थे। गाली गलौज करने लगे और एकराय होकर लाठी डन्डों से पीटने लगे। जिसमें कई आर्यजन चोटिल हो गये। विवेक, अभिषेक, प्रतीक, अभिउत्कर्ष उर्फ अंशित आदि के गम्भीर चोटें आयी। आरोप है कि हमलावर मारपीट करके धमकी देते हुए भाग गये कि दोबारा मन्दिर परिसर में आये तो जान से मार देगें।

### विजय तन्हा को मिला कैलाश कल्पित साहित्य साधक अर्श सम्मान



**शाहजहांपुर।** साहित्य साधक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान, लखनऊ द्वारा श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर, न्यू हैदराबाद, लखनऊ में जून माह की मासिक काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अजय प्रसून ने की। समारोह आयोजित कर साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विभूतियों को सम्मानित किया जाता है। साहित्य के क्षेत्र में प्रेरणा पत्रिका के संपादक एवं हास्य-व्यंग्य कवि विजय कुमार तन्हा को कैलाश कल्पित साहित्य साधक अर्श सम्मान 2026से अलंकृत किया गया। सम्मान स्वरूप अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति-पत्र भेंट किया गया। ज्ञात रहे साहित्य सेवा व उत्कृष्ट साहित्य सृजन पर विजय तन्हा को पूरे देश से सैंकड़ों सम्मान प्राप्त हैं विशेषकर 31 मई को साहित्य सेवक सम्मान बाराबंकी, 07 जून को आचार्य पिंगल साहित्य रत्न सम्मान तेलीबाग लखनऊ, 14 जून को अनागत मार्तण्ड सम्मान त्रिवेणी नगर लखनऊ व 28 जून को कैलाश कल्पित साहित्य साधक अर्श सम्मान 2026 प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु सक्सेना अर्श लखनवी, मनमोहन वाराकोटी, अरविंद रस्तोगी धवल, पायल भारती, राजीव वर्मा वत्सल, ज्योति किरन रत्न, कुलदीप शुक्ल जोश, सुरेश चंद्र गुप्ता श्याम सहित अनेक कवियों ने अपनी प्रभावशाली रचनाओं का पाठ किया।

### स्कूटी चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहाँपुर ।** नगर के परसुराम धाम मोहल्ला निजामगंज निवासी आशुतोष पाण्डेय पुत्र देवदत्त ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 25 जून की सुवह उसकी नीले कलर की इलैक्ट्रानिक स्कूटी किसी अज्ञात चोर ने चुरा ली। जिसे उसने बालाजी सेल्स ऐजेन्सी तिलहर से खरीदा था। काफी तलाश करने के बाद नहीं मिली। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि स्कूटी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई भामाशाह की जयंती

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर भामाशाह की जयंती व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में जनपद बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और भामाशाह जी के योगदान पर चर्चा की गई। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व एमएलसी अमित यादव उर्फ रिंकू, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, सपा महिला सभा के जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, महिला सभा की जिला महासचिव मंजू यादव, सपा महिला सभा की महानगर अध्यक्ष जफरीन, नीलम, राजेश सिंह, अकेश यादव, तेजपाल फौजी, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी, सुभान अख्तर खान, गुफरान खान, मोहम्मद रमीज, मोहसिन खान,सुरजीत सिंह, वकार खान, पार्वती सैनी, सविता कठेरिया, रामरतन लाल सोनी, आसमा बी, मोहम्मद रमीज, हर्ष यादव,तय्यब खान, मोहम्मद तौफीक, मोहम्मद तौसीफ, सुनील यादव, सचिन वर्मा, परविंदर यादव, यश मौर्य, श्लोक मौर्य, रिजवान अहमद, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

### युवक की सर्पदंश से मौत

**बंडा, शाहजहांपुर।** गन्ने के खेत पर पानी चला रहे युवक की सर्पदंश से मौत हो गई। परिजन पहले झाड़ फूंक कराते रहे और बाद में पीलीभीत के जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव ररूआ निवासी नत्थू लाल का 40 वर्षीय पुत्र शिवकुमार और उसका 16 वर्षीय पुत्र हर्षित रविवार रात करीब नौ बजे गन्ने के खेत में पानी चला रहे थे, जहां उसे किसी जहरीले सांप ने डस लिया। जब उसे पैर में असहनीय दर्द महसूस हुआ तो उसने अपने बेटे को आवाज दी और दोनों घर की तरफ दौड़ पड़े। परिजन उसे लेकर बंडा के ही एक झाड़ फूंक करने वाले के पास लेकर गए जहां कुछ देर बाद उसे कहीं और दिखा लेने की बात कही गई जिसके बाद परिजन उसे लेकर पीलीभीत के जिला अस्पताल चले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत से पत्नी विमला देवी, पुत्र हर्षित और अंकित का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल



**पुवायां, शाहजहांपुर।** दहेज उत्पीड़न और विवाहिता की मृत्यु के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे पति को गिरफ्तार किया है इससे पहले सास को जेल भेज दिया गया था। पुलिस ने आरोपी को सोमवार बड़ागांव बाईपास के पास से गिरफ्तार किया है उसके खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट और विवाहिता को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में पहले से प्राथमिकी दर्ज थी। क्षेत्र के गांव कलंदरगंज निवासी बसंतलाल ने 16 जून को पुत्री सुगंधा देवी को ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करने व 50 हजार रुपये और एक सोने की चैन की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर सुगंधा के साथ मारपीट, गाली-गलौज और उत्पीड़न किया जाता था। साथ ही, उसे मायके से विदा कराकर भी नहीं ले जाया गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि सुगंधा का पति राजकमल दूसरी शादीशुदा महिला को भगा ले गया था। जिसके बाद वह सुगंधा को फोन और मैसेज कर परेशान करता रहा। मानसिक उत्पीड़न से तंग आकर सुगंधा ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे 15 जून को उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने दहेज हत्यारोपी कमला गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सोमवार आरोपी पति राज कमल को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। सीओ प्रवीण मलिक ने बताया फरार चल रहे आरोपितों की जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## मिर्जापुर में स्कूटी-बाइक टक्कर में साले-बहनोई की मौत, बच्चा घायल

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में रविवार रात करीब साढ़े 9 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। बाइक और स्कूटी की टक्कर में साले बहनोई की मौत हो गई। जबकि छह साल का एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान फर्रुखाबाद निवासी प्रमोद और उनके साले हरदोई निवासी रजत के रूप में हुई है। रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाइवे पर रघुवंशी पैलेस के समीप हुई। फर्रुखाबाद जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नहरैया निवासी 25 वर्षीय प्रमोद अपने छह साल के बेटे आयुष और हरदोई जिले के सवायजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ौरा निवासी 20 वर्षीय साले रजत के साथ कलान थाना क्षेत्र में एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। कस्बे में रघुवंशी पैलेस के समीप सामने से आ रही स्कूटी से मृतकों की बाइक से टक्कर हो गई। जिससे बाइक और स्कूटी सवार सड़क पर गिर गए। इस हादसे में बाइक सवार प्रमोद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर बैठे रजत और छह आयुष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद स्कूटी सवार घायल स्कूटी सहित मौके से चले गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मिर्जापुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां डॉक्टरों ने रजत को भी मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल बालक आयुष का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतकों की पहचान कर उनके परिजनों को सूचना दी। देर रात परिजन मौके पर आ गए थे। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में रात में ही शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ ज्योति यादव ने बताया कि दोनों शवों का पंचनामा भरने की कार्रवाई की जा रही है। परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है। घायल बच्चे का इलाज चल रहा है।

### दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत



**बंडा, शाहजहांपुर।** छः दिन पहले राजस्थान से मजदूरी करके घर वापस लौटे 35 वर्षीय युवक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। बंडा के गांव उगनापुर निवासी सुरेश का 35 वर्षीय पुत्र बटेश्वर राजस्थान से छः दिन पहले मजदूरी करके घर वापस लौटा था और बंडा में राजगिरी करने लगा था। शाम करीब सात बजे रविवार वह अपनी सात वर्षीय भांजी प्रियांशी के साथ मोटरसाइकिल से अपने घर वापस जा रहा था तभी बंडा बिलसंडा मार्ग पर पटना चक्की मोड़ के पास उसकी मोटरसाइकिल में एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह दोनों घायल हो गए। घायल अवस्था में उसे बंडा के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया जहां से उसकी हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से मां सुशीला देवी, पत्नी महेश्वरी देवी, पुत्र मनुराम, अरीबल और पुत्री काव्या का रो रो कर बुरा हाल है।

## लायंस क्लब शाहजहांपुर शक्ति डिस्ट्रिक्ट अवार्ड से सम्मानित

**क्लब की अध्यक्ष लायन ललिता यादव को प्लैटिनम लीडरशिप अवार्ड मिला**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321बी1 के वार्षिक अवार्ड फंक्शन-2026 में लायंस क्लब शाहजहांपुर शक्ति को सर्वश्रेष्ठ सेवा कार्यों के लिए डिस्ट्रिक्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह भव्य समारोह बाराबंकी के एक निजी होटल में आयोजित हुआ। समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. आर.सी. मिश्रा ने क्लब द्वारा पूरे वर्ष किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि तराई क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ क्लबों में शाहजहांपुर शक्ति का नाम हमेशा से शामिल रहा है। उन्होंने क्लब की अध्यक्षा लायन ललिता यादव को प्लैटिनम लीडरशिप अवार्ड प्रदान किया। इससे पहले मल्टीप्ल पर इंटरनेशनल बेस्ट प्रेसिडेंट अवार्ड तथा मेंबरशिप अवार्ड मिल चुका है। इस अवसर पर क्लब के संरक्षक पीएमजेएफ लायन तजिंदर पाल सिंह एवं क्लब की चार्टर अध्यक्षा एमजेएफ लायन गुरजीत कौर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सहित कई वरिष्ठ लायन लीडर्स ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। समारोह में उपस्थित सभी सीनियर्स लायन लीडर्स ने लायंस क्लब शाहजहांपुर शक्ति को आने वाले वर्ष के लिए शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि क्लब आगे भी इसी तरह सेवा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। लायंस क्लब शाहजहांपुर शक्ति लगातार सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाता आ रहा है।

और आगे भी ऐसे हीसेवा कार्य करते रहेंगे। उधर सोमवार को लायंस क्लब की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, पौध वितरण के साथ ही पौधे रोपित किए गए है।

## घरेलू कलह में सल्फास खाने से महिला की मौत

**शव घर आते ही पति ने भी खाया विषाक्त**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रविवार शाम पति से झगड़ा हो ने पर महिला ने सल्फास की गोलियां खा लीं । सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर होने के बाद महिला ने दम तोड़ दिया । सोमवार को उसका शव घर पहुंचते ही पति ने भी विषाक्त पदार्थ खा लिया । जिसे एक ग्रामीण क्षेत्र के निजी क्लिनिक पर इलाज के लिए ले जाया गया । जबकि उसकी पत्नी के शव का पुलिस को सूचना दिए बिना ही अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

बता दें कि नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी प्रमोद यादव व उसकी पत्नी राजेश्वरी के बीच कलह होने पर पत्नी ने रविवार शाम करीब पांच बजे सीएचसी ले जाया गया । जहां से उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया । जहां उसकी मौत हो गई। सोमवार को राजेश्वरी का शव तिलहर के मोहल्ला मौजमपुर स्थित उसके निज निवास पर लाया गया । इस दौरान उसके पति प्रमोद यादव ने भी विषाक्त खा लिया । जिसे परिजन कटरा क्षेत्र के एक निजी क्लिनिक पर ले जाया गया। जहां समाचार भेजे जाने तक स्थिति चिंता जनक बनी हुई है। उधर परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना मृतका राजेश्वरी का अंतिम संस्कार कर दिया।

### धान की रोपाई के दौरान टूटी हाईटेंशन लाइन, मजदूर की मौत

**खुटार, शाहजहांपुर।** खेत में काम कर रहे दो मजदूरों पर अचानक 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार टूटकर गिर पड़ा। करंट की चपेट में आने से दोनों मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों की पहचान रामपाल पुत्र रामस्वरूप (30) और विवेक शर्मा के रूप में हुई। ग्रामीणों ने दोनों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान रामपाल की मौत हो गई। वहीं विवेक शर्मा को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने छुट्टी दे दी। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में कई बिजली तार लंबे समय से जर्जर हालत में हैं, लेकिन उनकी मरम्मत नहीं कराई गई। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई तथा जर्जर विद्युत लाइनों को जल्द बदलने की मांग की है।

## फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

**पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा**



**बंडा, शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव फांसी के फंदे पर लटकता हुआ पाया गया जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस और फॉरेंसिक टीम को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बंडा के गांव धर्मगदापुर निवासी सुन्दरलाल का 30 वर्षीय पुत्र स्वामीदयाल अपने घर से बाहर रहकर ड्राइवरी करता था। शुक्रवार को ही वह अपने घर वापस आया था। उसके चाचा पूरनलाल के मुताबिक वह शराब पीने का आदी था और घर में अकेले ही रहता था। उसकी पत्नी सुमन भी महीनों बाद घर आया करती थी । उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह करीब दस बजे जब उसके घर से बदबू आने लगी तो उसने घर में लगी खिड़की से झांककर देखा तो वह घर में पड़ी टिन शेड में पड़े पाइप पर गमछे के सहारे फांसी पर लटका हुआ था जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## बीच बचाव करने की रंजिश में युवक ने किया फायर

**तिलहर - शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला खलील कटरा निवासी राजेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मोहल्ले में गुल मोहम्मद और मोहित आपस में झगड़ा कर रहे थे । उन्होंने दोनों को झगड़ा करने से बचा दिया । इसी दौरान मोहित अपने घर से तमंचा लेकर आया और उनके साथ गाली गलौज करने लगा । आरोप है कि युवक ने उस पर तमंचे से फायर कर दिया । जिसमें वह बाल बाल बच गया ।आरोप है कि मोहित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## जनसमस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालय पर किसानों का धरना-प्रदर्शन

**प्रशासनिक आश्वासन के बाद भाकियू का धरना समाप्त**

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने सोमवार को विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालय पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। भीषण गर्मी में अपनी मांगों के समर्थन में जुटे किसानों ने प्रशासन के उदासीन रवैये पर कड़ा आक्रोश जताया। घ्संगठन ने आरोप लगाया कि जलालाबाद थाने में दर्ज वाहन चोरी के मामलों में पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। साथ ही, एक अन्य मामले में निष्पक्ष विवेचना और खंडहर चैकी प्रभारी को हटाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। इसके अलावा, तहसील में लंबित मेड़बंदी के निस्तारण और क्षेत्र में खाद-बिजली की किल्लत पर सरकार को घेरा गया। घ्दोपहर तक किसी अधिकारी के न पहुँचने पर किसान भड़क गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उप जिलाधिकारी प्रभात राय और थाना प्रभारी अरविंद चैहान धरना स्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने मौके पर ही संबंधित विभागों को फोन कर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। प्रशासन द्वारा मांगों को शीघ्र पूरा करने का लिखित आश्वासन मिलने के बाद किसानों ने धरना समाप्त किया।

# वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए औद्योगिक सर्वेक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण

**स्वामी शुकदेवानंद विवि में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन**

**शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय द्वारा प्रिपरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल सर्वे रिपोर्ट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को औद्योगिक सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करने की व्यावहारिक तकनीकों, शोध पद्धति से परिचित कराना था। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश से वाणिज्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. के.के वर्मा व गलगोटियाज विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा से स्कूल ऑफ बिजनेस विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जागृति गुप्ता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. पी बी सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी शुकदेवानंद के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। बी.कॉम फाइनेंस की छात्रा साक्षी वर्मा व साक्षी गुप्ता ने सभी अतिथियों का चंदन तिलक कर स्वागत किया। कुलपति प्रो. पी. बी. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए औद्योगिक सर्वेक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से उद्योगों की वास्तविक समस्याओं का अध्ययन कर समाजोपयोगी एवं रोजगारोन्मुख शोध करने का आह्वान किया। वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष तथा कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. (डॉ.) अनुराग अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ विद्यार्थियों को कक्षा के ज्ञान को व्यवहारिक जीवन से जोड़ने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने औद्योगिक सर्वेक्षण रिपोर्ट लेखन की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला। डॉ. के के वर्मा ने औद्योगिक सर्वेक्षण की संपूर्ण प्रक्रिया, प्रश्नावली निर्माण, समंक संग्रह, विश्लेषण तथा रिपोर्ट लेखन की तकनीकों पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए कहा कि रिपोर्ट का शीर्षक और कार्य धरातल स्तर पर हो जिससे समाज को कुछ लाभ हो। उन्होंने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। डॉ. जागृति गुप्ता ने कहा कि आधुनिक शोध पद्धतियों, डिजिटल टूल्स तथा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावी रिपोर्ट तैयार करने के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। बृजलाली चैबे के संचालन में संपन्न हुए कार्यक्रम में सभी के प्रति आभार डॉ संतोष प्रताप सिंह ने दिया। कार्यक्रम के अंत में बीकॉम फाइनेंस की मेधावी छात्रा जाह्नवी शुक्ला, रिद्धिमा मल्होत्रा,परी दीक्षित,टिसका गुप्ता, प्रियांशी एवं छात्र विनायक खन्ना को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो देवेंद्र सिंह, प्रो कमलेश गौतम, डॉ गौरव सक्सेना, डॉ विजय तिवारी, डॉ अजय कुमार वर्मा डॉ. सचिन खन्ना, डॉ. अपर्णा त्रिपाठी, डॉ. रूपक श्रीवास्तव, डॉ. मोहिनी शंकर, डॉ पोथीराम, अखंड प्रताप सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## कारखाने की चल अचल संपत्ति की अवैध बिक्री पर लगे रोक



**शाहजहांपुर।** न्यायालय में विचाराधीन एवं लंबित बाद के निस्तारण से पूर्व यूनाइटेड स्प्रिट्स लिमिटेड रोजा कारखाने की चल अचल संपत्ति की बिक्री पर रोक लगाने की माँग को लेकर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के जिला अध्यक्ष पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि उच्च न्यायालय प्रयागराज के निर्देश पर श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश कानपुर द्वारा कारखाना प्रबंधन की कर्मचारियो की बंदी और छटनी को अवैध ठहराया गया है। वर्तमान में मामला न्यायालय में विचाराधीन है। उसके बाद भी इस कारखाने की चल अचल संपत्ति की अवैध रूप से बिक्री करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। यूनियन के नेताओं की मांग है कि कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इसकी बिक्री पर तत्काल रोक लगाया जाए तथा कर्मचारियों को न्याय दिलाया जाए। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के जिला अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, श्रमिक यूनियन के मंत्री राम सुरेश, श्याम कुमार सिंह, तौसीफ हसन, श्याम मोहन मिश्रा, सतीश कुमार वर्मा सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# यूपी टीईटी: 45 मिनट पहले बंद होंगे परीक्षा केंद्रों के गेट

- यूपी टीईटी परीक्षा को शांतिपूर्ण -निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने हेतु डीएम के निर्देश



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा यूपी टीईटी परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने हेतु डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए डीएम ने सभी अधिकारियों को समयबद्ध और नियमानुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।डीएम ने बताया कि यूपी टीईटी की लिखित परीक्षा 2 एवं 3 जुलाई को दो पालियों तथा 4 जुलाई को प्रथम सत्र में प्रथम पाली पूर्वान्ह 9.30 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 2:30 बजे से 5 तक जनपद के नौ परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र का प्रवेश द्वार परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा, इसलिए परीक्षार्थियों को समय से पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए गए कि वह 1 जुलाई को सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर विद्युत, पेयजल, पंखे, बैठने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाओं की जांच करें। साथ ही ड्यूटी पर तैनात प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी के लिए परिचय पत्र अनिवार्य रखने के निर्देश भी दिए। डीएम ने संभावित बारिश को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित करने हेतु कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए।जनपद में जीएफ कॉलेज (ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-बी), जनता इंटर कॉलेज, आर्य महिला पीजी कॉलेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज, एबी रिच इंटर कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज तथा श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज, दलेलगंज पक्का पुल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बैठक में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत, डीआईओएस हरिवंश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चाचा से तंग आकर युवती ने कीटनाशक पीया

**बंडा, शाहजहांपुर।** रिश्ते के मनचले चाचा से तंग आकर युवती ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे लेकर बंडा के सरकारी अस्पताल पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है। फ़िलहाल परिजनों की तरफ से अभी कोई भी तहरीर नहीं दी गई है। बंडा के गांव ढका घनश्याम निवासी एक युवक ने बताया कि वह अपने परिवार सहित बंडा में रहता है। उसका रिश्ते का एक चाचा उसकी जगह जमीन हड़पने के चक्कर में उसकी बहन को आए दिन परेशान करता रहता है और उस पर जबरन शादी का दबाव बनाता रहता है। आज उसकी बहन ने परेशान होकर कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर उसके परिवार के लोगों ने उसे बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। खबर लिखे जाने तक पुलिस को मामले में कोई भी तहरीर नहीं दी गई थी।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 'गुरुद्वारा शिव केसरपुर माफी' के नाम से संचालित एक बचत खाता पंजाब एंड सिंध बैंक, शाखा रौतापुर कलां में संचालित है।

गुरुद्वारा प्रबंध समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं आवश्यक अभिलेखों के आधार पर उक्त बचत खाते को बंद कर 'गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार केसरपुर माफी' के नाम से पंजाब एंड सिंध बैंक, शाखा रौतापुर कलां में एक नया चालू खाता (Current Account) खोले जाने तथा बचत खाते में उपलब्ध शेष राशि को नियमानुसार उक्त चालू खाते में स्थानांतरित किए जाने का अनुरोध बैंक को प्राप्त हुआ है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त प्रस्तावित कार्यवाही के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अथवा लिखित पत्र के माध्यम से शाखा प्रबंधक पंजाब एंड सिंध बैंक, शाखा रौतापुर कलां, जनपद शाहजहांपुर (उ.प्र.) को अपनी आपत्ति से अवगत करा सकता/सकती है।

निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थित में यह मान लिया जाएगा कि किसी भी व्यक्ति को उक्त कार्यवाही के संबंध में कोई आपत्ति नहीं है तथा बैंक नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा।

**शाखा प्रबंधक**
**पंजाब एंड सिंध बैंक, शाखा-रौतापुर कलां**
**जनपद शाहजहांपुर (उ.प्र.)**

## खबरें एक नजर में

### कीटनाशी निर्माण इकाई का निरीक्षण, तीन सैंपल भरे गए

**कृषि विभाग संयुक्त टीम ने सहजना मुकुलापुर स्थित फैक्ट्री का किया निरीक्षण**



**शाहजहांपुर।** अपर कृषि निदेशक कृषि रक्षा लखनऊ के निर्देश पर कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने एक दिवसीय शाहजहांपुर पहुंची। सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम सहजना मुकुलापुर स्थित मैसर्स श्री राम क्रॉप साइंस की कीटनाशी निर्माण इकाई का औचक निरीक्षण किया। जहां निरीक्षण के दौरान निर्माण इकाई की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, जबकि जांच के लिए तीन कीटनाशी उत्पादों के नमूने भी एकत्र किए गए। निरीक्षण में सहायक निदेशक कृषि डा. केपी सिंह, सहायक निदेशक कृषि सलीम उद्दीन के निर्देशन में किया गया। टीम में जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार एवं कीटनाशी निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान क्लोरोपाइरीफॉस 50 फीसदी प्लस साइपरमेथ्रिन 5 फीसदी ईसी, कार्बेन्डाजिम 12 फीसदी प्लस मैनकोजेब 63 फीसदी डब्ल्यूपी तथा फिप्रोनिल 0.3 फीसदी जीआर के नमूने लेकर उन्हें गुणवत्ता परीक्षण के लिए सुरक्षित किया गया। अधिकारियों ने उत्पादन प्रक्रिया एवं अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया अन्य व्यवस्थाएं नियमानुसार एवं संतोषजनक पाई गई।

### मुख्यमंत्री के दौरे से पहले विपक्ष को घरों में कैद करना लोकतंत्र की हत्या का प्रयास: जगदेव सिंह जग्गा



**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित पीलीभीत दौरे से पहले उन्हें तथा पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को कथित रूप से हाउस अरेस्ट किए जाने को लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सोमवार तड़के लगभग 4 बजे से पुलिस ने उन्हें उनके आवास पर रोक दिया, ताकि समाजवादी पार्टी जनता के सवाल सरकार तक न पहुँचा सके। जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि यदि सरकार अपनी उपलब्धियों को लेकर आश्वस्त है तो उसे विपक्ष की आवाज़ से डरने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। विपक्ष को घरों में कैद कर देना इस बात का संकेत है कि सरकार जनता के सवालों का जवाब देने के बजाय प्रशासनिक शक्ति का सहारा ले रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक अधिकारों का खुलेआम हनन कर संविधान की भावना को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे से पहले पूरे जनपद में विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं को रोकना यह दर्शाता है कि सरकार जनता के वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाना चाहती है। किसानों की बदहाली, युवाओं की बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, बिजली संकट, बदहाल सड़कें और कानून-व्यवस्था जैसे सवालों का समाधान करने के बजाय विपक्ष की आवाज़ दबाने का प्रयास किया जा रहा है। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता जनता से चलती है, पुलिस के पहरे से नहीं। यदि जनता की आवाज़ उठाने वालों को ही घरों में बंद किया जाएगा तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आलोचना से घबराकर प्रशासन का राजनीतिक उपयोग कर रही है, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अन्याय, दमन और लोकतांत्रिक अधिकारों के कथित हनन के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखेगी। सत्ता चाहे जितना दबाव बनाए, समाजवादी कार्यकर्ता जनता की आवाज़ बुलंद करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और लोकतंत्र को कमजोर करने वाले हर कदम का जवाब समय आने पर लोकतांत्रिक तरीके से देगी। अंत में जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष दुश्मन नहीं बल्कि जनता की आवाज़ होता है। यदि सरकार उस आवाज़ को भी कुचलने का प्रयास करेगी तो यह केवल विपक्ष का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का भी अपमान होता हैं।

## आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, रिपोर्ट दर्ज

- सदर बाजार थाने में दर्ज था मुकदमा, वांछित चल रहा था आरोपी
- सरकारी कार्य में बाधा, दरोगा पर जान लेवा हमला आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी के घर पर दबिश देने गई सदर बाजार पुलिस पर आरोपी ने जानलेवा हमला कर दिया। जिसके बाद पुलिस टीम ने गाँव मे पहुँचकर आरोपी को पकड़ लिया ओर रिपोर्ट दर्ज कर ली। जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया है जहां से उसे जेल भेज दिया है। सोमवार को गांव भूरखेड़ा निवासी 24 वर्षीय विशाल के खिलाफ थाना सदर बाजार में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी की गिरफ्तारी करने के लिए एक टीम गठित की थी। ओर थाना सदर की पुलिस उसे पकड़ने के लिए उसके गांव भूरखेड़ा पहुँची। पुलिस टीम जैसे ही आरोपी विशाल को पकड़ने पहुंची, उसने खुद को बचाने की कोशिश करते हुए एक नुकीली चीज से पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। हमले में दरोगा अक्षय पंवार के हाथ में चोट आई और उनकी वर्दी भी फट गई। जिसमें एक सिपाही भी घायल हुआ है। मामले को बढ़ता देख कर अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी विशाल को गिरफ्तार कर लिया। घायल दरोगा अक्षय पंवार का मेडिकल परीक्षण कराया गया। उनकी तहरीर पर आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमले सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## अधिवक्ताओं ने विरोध जताते हुए समोसे तलकर बेंचे



**तिलहर-शाहजहांपुर।** ऑनलाइन दस्तावेज रजिस्ट्रीकरण नियमावली सरकार से वापस लेने की मांग करते हुए अधिवक्ताओं ने सोमवार को एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। इस दौरान अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसील में झालमुरी बनाकर बेचीं तो वही ठेले पर समोसे तलकर भी बेचें। अधिवक्ता राहुल देव सागर, आशीष अवस्थी, राजेश्वर सिंह यादव, अजीत द्विवेदी, सत्यपाल समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## अंबेडकर पार्क एवं बारात घर का विधायक अरविंद सिंह ने किया शिलान्यास



**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार की नगरोदय योजना के अंतर्गत नगर पंचायत में स्वीकृत विकास कार्यों की शुरुआत हो गई। इसी क्रम में विधायक अरविंद सिंह ने अंबेडकर पार्क एवं बारात घर निर्माण कार्यों का विधिवत पूजन एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। नगरोदय योजना वर्ष 2014-15 से संचालित है, जिसका उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विकास, संतुलित आर्थिक वृद्धि, समानता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। वर्ष 2025-26 में नगर पंचायत को तीन प्रमुख परियोजनाओं की मंजूरी मिली है। इनमें बारात घर के निर्माण के लिए 101.15 लाख रुपये, अंबेडकर पार्क के लिए 200.02 लाख रुपये तथा सभागार के निर्माण के लिए 141.31 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्रवासियों को आधुनिक सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। शिलान्यास के अवसर पर विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार नगरों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। नगरोदय योजना के माध्यम से नगर पंचायतों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि अंबेडकर पार्क के निर्माण से लोगों को बेहतर सार्वजनिक स्थल मिलेगा, जबकि बारात घर बनने से सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम का संचालन संतोष दीक्षित ने किया। इस अवसर पर नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नूरजहां अवर अभियंता जोगेन्द्र गंगवार पूर्व चेयरमैन रईस मियां सभासद गिरीश मिश्रा मुनीश भोजवाल लालजीत राठौर रामलडते राठौर खालिद खां सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कार्यालय नगर पंचायत काँट, जनपद-शाहजहाँपुर

पत्रांक:-538/न.पं.काँट/नि.का./2026-27 — दिनांक- 29.06.2026

## निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत काँट, जनपद-शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले सिविल निर्माण कार्य हेतु दिनांक 21.07.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों की बिक्री दिनांक 20.07.2026 को सायं 05:00 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क जमा करके क्रय किये जा सकते है। धनराशि मु0 5.00 लाख रुपये से कम की निविदायें कार्यालय नगर पंचायत काँट में दिनांक 22.07.2026 को अपरांह 12 बजे खोली जायेगी। धनराशि मु0 5.00 लाख रुपये से अधिक की निविदायें तद्दिनांक को प्रातः 10 बजे अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) कार्यालय में खोली जायगी। उक्त तिथि को अवकाश होने की दशा में अगले कार्य दिवस को निविदायें खोली जायेगीं। आगणन व अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालय में किसी कार्य दिवस में देखे जा सकते हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित /आगणन राशि | धरोहर धनराशि 2% | निविदा मूल्य जिसमें जी.एस.टी. मूल्य 18% सम्मिलित है। | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | वार्ड नं0-01 में आशाराम के मकान से बब्लू के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 1,95,981.26 | 3,920.00 | 196+35-231 | दो माह |
| 02. | वार्ड नं0-01 में राहुल के मकान सरस्वती विद्या मन्दिर तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 1,45,433.84 | 2,910.00 | 145+26-171 | दो माह |
| 03. | वार्ड नं0-01 में आनन्द मंगल के मकान से रघुवर दयाल के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 4,52,475.64 | 9,050.00 | 452+81-533 | दो माह |
| 04. | वार्ड नं0-01 में सेवाराम के मकान से आकाश के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 2,24,240.14 | 4,490.00 | 224+40-264 | दो माह |
| 05. | वार्ड नं0-01 में सुवलेन्द्र के मकान से राज कुमार के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 1,59,613.36 | 3,200.00 | 160+29-189 | दो माह |
| 06. | वार्ड नं0-02 में नन्हे के मकान से महेश तक एवं वादशाह के मकान से राकेश के मकान तक इण्टरलाकिंग मरम्मत एवं नाली का मरम्मत कार्य। | 4,07,937.82 | 8,200.00 | 408+73-481 | दो माह |
| 07. | वार्ड नं0-02 में भगवानदीन से रजत एवं शैलेन्द्र के मकान से राम सेवक के मकान तक इण्टरलाकिंग मरम्मत एवं नाली का मरम्मत कार्य। | 5,64,441.22 | 11,300.00 | 564+102-666 | दो माह |
| 08. | वार्ड नं0-03 प्रहलादपुर-प्रथम में अवधेश के खेत से दुर्गा माता मन्दिर तक इण्टरलाकिंग तथा साइड वॉल का निर्माण कार्य। | 8,42,763.23 | 16,900.00 | 843+152-995 | दो माह |
| 09. | वार्ड 03 में गौरव की दुकान से वीरपाल के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 3,82,436.94 | 7,650.00 | 382+69-451 | दो माह |
| 10. | वार्ड नं0-04 में सुखवीर के मकान से रजनीश के मकान होते हुये शेर सिंह के मकान तक इण्टरलॉक सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 1,23,829.37 | 2,500.00 | 124+22-146 | दो माह |
| 11. | वार्ड नं0-04 में राम बहादुर के मकान से लालू के मकान तक इण्टरलॉक सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 4,44,832.25 | 8,900.00 | 445+80-525 | दो माह |
| 12. | वार्ड नं0-04 में ऋषि जी के मकान से रामस्वरुप के मकान तक इण्टरलॉक सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 6,26,428.10 | 12,550.00 | 626+113-739 | दो माह |
| 13. | वार्ड नं0-06 में प्रमोद मिश्रा के मकान से अंकुर के मकान तक इण्टरलाकिंग मरम्मत एवं नाली का मरम्मत कार्य। | 8,38,057.42 | 16,800.00 | 838+151-989 | दो माह |
| 14. | वार्ड नं0-06 में सौदान सिंह के मकान से राकेश के मकान तक इण्टरलॉक सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 8,22,341.45 | 16,450.00 | 822+148-970 | दो माह |
| 15. | वार्ड नं0-06 में कल्याण सिंह के मकान से सुखपाल के मकान तक इण्टरलॉक सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 4,23,168.32 | 8,500.00 | 423+76-499 | दो माह |
| 16. | वार्ड नं0-06 में रामरतन की दुकान से राम किशोर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 1,65,374.84 | 3,350.00 | 165+30-195 | दो माह |
| 17. | वार्ड नं0-07 गढ़ीपूर्वी-द्वितीय में जूनियर हाई स्कूल से राजकीय इण्टर कालेज तक इण्टरलाकिंग सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। | 8,35,001.85 | 16,700.00 | 835+150-985 | दो माह |
| 18. | वार्ड नं0-07 में इदरीस खाँ के वाग के सामने तिराहे से सी.एच.सी. तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 8,43,408.09 | 16,900.00 | 843+152-995 | दो माह |
| 19. | वार्ड नं0-07 में मुरारी लाल के मकान से बख्तावर के मकान तक इण्टरलाकिंग मरम्मत एवं नाली का मरम्मत कार्य। | 6,83,576.54 | 13,700.00 | 684+123-807 | दो माह |
| 20. | वार्ड नं0-08 में रजाक अली के मकान से गुड्डू के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क, साइड वॉल एवं नाली का निर्माण कार्य। | 8,44,504.11 | 16,900.00 | 844+152-996 | दो माह |
| 21. | वार्ड नं0-08 में विभिन्न स्थानों पर नाली मरम्मत इण्टरलाकिंग मरम्मत एवं आर.सी.सी. स्लैव का कार्य। | 4,19,551.13 | 8,400.00 | 420+76-496 | दो माह |
| 22. | वार्ड नं0-08 में मुम्ताज के मकान से नजीर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 7,06,065.83 | 14,150.00 | 706+127-833 | दो माह |
| 23. | वार्ड नं0-09 तकिया में राशिद के मकान से मुश्ताक के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 5,96,335.80 | 11,950.00 | 596+107=703 | दो माह |
| 24. | वार्ड नं0-09 में शवाब के मकान से शहनवाज के मकान तक इण्टरलॉकिंग मरम्मत एवं नाली का मरम्मत कार्य। | 2,71,452.37 | 5,450.00 | 271+49=320 | दो माह |
| 25. | वार्ड 09 में नौशाद के मकान से शहजाद के मकान तक एवं मुजीव के मकान से नईम के मकान तक इण्टरलाकिंग मरम्मत एवं नाली का मरम्मत कार्य। | 2,66,361.08 | 5,350.00 | 266+48=314 | दो माह |
| 26. | वार्ड 09 में अच्छे के मकान से बाबू हाजी के मकान तक इण्टरलाकिंग मरम्मत एवं नाली का मरम्मत कार्य। | 2,05,095.42 | 4,050.00 | 205+37=242 | दो माह |
| 27. | वार्ड 10 में एस.बी.आई. ए.टी.एम. से मस्जिद वाले तिराहे तक इण्टरलॉकिंग मरम्मत एवं नाली का मरम्मत कार्य। | 6,61,211.71 | 13,250.00 | 661+119=780 | दो माह |
| 28. | वार्ड नं0-11 में जाहर साहब मियां की मजार के कोने से मुन्ने के मकान तक एवं बब्लू के मकान के पास इण्टरलॉकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 8,35,915.07 | 16,750.00 | 836+150=986 | दो माह |
| 29. | वार्ड नं0-11 पट्टी पश्चिमी में हनुमान मन्दिर से साजिद के मकान तक सड़क तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 8,44,649.42 | 16,900.00 | 845+152=997 | दो माह |
| 30. | वार्ड 11 में पप्पू वर्मा के मकान से साम सागर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 2,99,817.00 | 6000.00 | 300+54=354 | दो माह |
| 31. | वार्ड 12 में मेन रोड शमशानघाट तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 5,10,244.00 | 10,250.00 | 510+92=602 | दो माह |
| 32. | वार्ड 12 में कमलनयनपुर मेन रोड से भारत के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 3,63,540.43 | 7,300.00 | 364+66=430 | दो माह |
| 33. | वार्ड 12 में जलील के मकान से रामऔतार पाल के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 2,92,046.34 | 5,850.00 | 292+53=345 | दो माह |
| 34. | वार्ड 13 में मुख्तार के मकान से पुत्तन के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 4,20,177.59 | 5,450.00 | 420+76=496 | दो माह |
| 35. | वार्ड 13 में नाजिर के मकान से मो. उमर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 4,00,266.20 | 8,050.00 | 400+72=472 | दो माह |
| 36. | वार्ड 13 में पूरन के मकान से मस्जिद तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 2,11,767.49 | 4,250.00 | 212+38=250 | दो माह |
| 37. | वार्ड 14 में जहूर के मकान से शकूर की दुकान तक इण्टरलाकिंग मरम्मत एवं नालीी का मरम्मत कार्य। | 8,17,963.21 | 16,400.00 | 818+147=965 | दो माह |
| 38. | वार्ड नं0-14 में विभिन्न स्थानों पर नाली मरम्मत इण्टरलाकिंग मरम्मत एवं आर.सी.सी. स्लैब का कार्य। | 4,19,960.70 | 8,400.00 | 420+76=496 | दो माह |
| 39. | वार्ड 15 में डॉ. अशर के मकान से शानू के मकान से होते हुये सरदार के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 5,58,199.67 | 11,200.00 | 558+100=658 | दो माह |
| 40. | वार्ड 15 में रिजवान के मकान से जुल्फेकार के मकान तक एवं नन्हे के मकान से लल्लू के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 2,85,412.58 | 5,750.00 | 285+51=336 | दो माह |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत काँट, शाहजहाँपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत काँट, शाहजहाँपुर**

# पासपोर्ट को लेकर अनावश्यक विवाद!

24 जून 2026 को पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के बयान ने पूरे देश में हड़कंप मचा दिया। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि भारतीय पासपोर्ट मुख्य रूप से एक यात्रा दस्तावेज है, न कि नागरिकता का निर्णायक प्रमाण। विपक्षी दलों ने इसे सत्ता पक्ष की 'नागरिकता राजनीति' से जोड़ा, जिससे आम नागरिकों के मन में भ्रम और आशंका पैदा हो गई। यह विवाद क्यों और कब उठा और क्या यह विवाद खड़ा करना आवश्यक था? इस विवाद की जड़ों को समझें। गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पासपोर्ट को मुख्य रूप से यात्रा दस्तावेज माना जाता है, जो धारक की राष्ट्रीयता की पुष्टि करता है। वियना कन्वैंशन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशंस और अन्य अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के तहत, पासपोर्ट जारी करने वाला देश यह गारंटी देता है कि धारक उसके क्षेत्र में लौट सकता है। यह दस्तावेज सीमा पार यात्रा, वीजा प्राप्ति और विदेश में सुरक्षा के लिए आवश्यक होता है। अमरीका में भी पासपोर्ट नागरिकता का प्राथमिक प्रमाण है लेकिन यह जन्म, वंशानुगतता या प्राकृतिकरण जैसे आधारों पर निर्भर करता है। भारत में भी पासपोर्ट एक्ट, 1967 के तहत पासपोर्ट यात्रा के लिए जारी किया जाता है। विदेश मंत्रालय का बयान इस कानूनी वास्तविकता को दोहराता है। पासपोर्ट नागरिकता नहीं बनाता, बल्कि सरकार की संतुष्टि पर आधारित होता है कि धारक भारतीय नागरिक है। अंतर्राष्ट्रीय रूप से, पासपोर्ट राष्ट्रीयता का प्रतीक है लेकिन यदि किसी की नागरिकता पर विवाद हो (जैसे आप्रवासन, आतंकवाद या दोहरी नागरिकता के मामले में), तो कोर्ट या सक्षम प्राधिकरण मूल दस्तावेजों-जन्म प्रमाण-पत्र, माता-पिता के दस्तावेज, प्राकृतिककरण प्रमाण आदि, की जांच करते हैं। भारत में यह स्थिति नई नहीं है। बॉम्बे हाईकोर्ट (2013) और सुप्रीम कोर्ट ने भी यही रुख अपनाया है कि पासपोर्ट अकेला निर्णायक साक्ष्य नहीं है। भारतीय नागरिकता संविधान के अनुच्छेद 5 से 11 और नागरिकता अधिनियम, 1955 द्वारा निर्धारित होती है। नागरिकता जन्म, वंश, पंजीकरण, प्राकृतिकरण या क्षेत्र समावेशन से प्राप्त होती है। 1987 और 2004 के संशोधनों ने जन्म-आधारित नागरिकता को माता-पिता की नागरिकता पर निर्भर कर दिया। कोई एकल दस्तावेज (पासपोर्ट, आधार, वोटर आई.डी. या पैन) नागरिकता का पूर्ण प्रमाण नहीं है। वर्तमान विवाद का संदर्भ विशेष गहन समीक्षा (एस.आई.आर.) है, जो 16 राज्यों में मतदाता सूचियों की सफाई के लिए चल रही है। विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने स्पष्ट किया कि पासपोर्ट वोटर सूची से बाहर किए गए व्यक्ति के खिलाफ चुनौती के लिए पर्याप्त नहीं होगा, क्योंकि यह यात्रा दस्तावेज है। वास्तव में, करोड़ों भारतीय पासपोर्ट धारक दैनिक जीवन में इसे अपनी भारतीयता का सबसे मजबूत प्रतीक मानते हैं। पासपोर्ट पुलिस वैरिफिकेशन, दस्तावेज जांच और जैवमितीय डाटा के बाद जारी होने वाला दस्तावेज है। सरकार के कई पोर्टल और फॉर्म्स में अक्सर पासपोर्ट को नागरिकता के सबूत के रूप में स्वीकार किया जाता है। विपरीत रूप से देखा जाए तो आम नागरिकों के पास कोई 'नागरिकता प्रमाण-पत्र' नहीं होता। यह मुख्य रूप से प्राकृतिककरण या विशेष मामलों में ही जारी किया जाता है। यह बयान इसलिए अप्रासंगिक लगता है क्योंकि भारत में अधिकांश नागरिक जन्म-आधारित हैं। पासपोर्ट जारी करने से पहले गहन जांच होती है। इसे अचानक केवल 'यात्रा दस्तावेज' कहकर सरकार ने जनता को यह महसूस कराया कि उनकी भारतीयता 'कागजी' है, जबकि वास्तव में यह संवैधानिक अधिकार है। आम आदमी सोच रहा है कि क्या उसका पासपोर्ट रद्द हो सकता है या 'सी.ए.ए.-एन.आर.सी.' जैसे अभियानों में इसे नजरअंदाज किया जाएगा? विपक्षी दल इसे मुस्लिम-विरोधी एजेंडे से जोड़ रहे हैं, जबकि सत्ता पक्ष इसे कानूनी स्पष्टीकरण बता रहा है। सवाल उठता है कि आधार, वोटर आई.डी. आदि भी निर्णायक नहीं हैं, तो क्या सबकी नागरिकता संदिग्ध है? यह सवाल लाखों लोगों के मन में घूम रहा है। परिणामस्वरूप विश्वसनीयता का संकट पैदा हो गया है। वर्तमान विवाद अनावश्यक है क्योंकि यह मौजूदा कानूनी ढांचे को दोहराता है लेकिन जनभावनाओं को नजरअंदाज करता है। सरकार को अब संवाद और स्पष्टता से इस संकट को दूर करना चाहिए। सरकार नागरिकों को आश्वस्त करे कि उनकी भारतीयता संवैधानिक है, न कि किसी दस्तावेज पर निर्भर। ऐसा करने से एक मजबूत, पारदर्शी नागरिकता ढांचा न केवल भ्रम दूर करेगा, बल्कि भारत को वैश्विक मंच पर और मजबूत बनाएगा।

# मत्स्य पालन से रुखसाना ने लिखी महिला उद्यमिता व आत्मनिर्भरता की नई इबारत



**वर्तमान में श्रीमती रुखसाना के इस उद्यम की व्यापारिक स्थिति अत्यंत उत्साहजनक और सुदृढ़ है। उनके कियोस्क से प्रतिदिन लगभग 50 किलोग्राम पंगेशियस मछली के साथ-साथ भारी मात्रा में भारतीय मेजर कार्प मछलियों का विक्रय सुगमता से हो जाता है। इस निरंतर उपभोक्ता मांग और बढ़ती बिक्री के माध्यम से वे प्रतिदिन रु. 07 हजार से रु. 08 हजार का शानदार व्यापार कर लेती हैं। सभी प्रकार के परिचालन खर्चों, परिवहन और निवेश लागत को निकालने के बाद उन्हें प्रतिदिन लगभग रु. 02 हजार से रु. 03 हजार की शुद्ध आय प्राप्त होती है, जो ग्रामीण परिवेश में एक महिला के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इस बेहतरीन और नियमित शुद्ध कमाई से श्रीमती रुखसाना न केवल अपने परिवार के सभी खर्चों, बच्चों की उच्च शिक्षा और पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति अत्यंत सम्मानजनक तरीके से कर रही हैं, बल्कि वे स्थानीय अर्थव्यवस्था में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। अपने इस सफल उद्यम के माध्यम से उन्होंने स्थानीय स्तर पर अन्य 02 बेरोजगार युवाओं को भी प्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराया है, जिससे उन परिवारों के जीवन में भी आर्थिक स्थिरता आई है। उनकी मेहनत ने एक मिसाल कायम की है कि एक महिला उद्यमी किस प्रकार आत्मनिर्भर बनकर समाज के अन्य वंचित वर्गों के लिए भी संबल बन सकती है। श्रीमती रुखसाना स्वयं गर्व से साझा करती हैं कि उनके द्वारा सृजित ये रोजगार और यह सकारात्मक आर्थिक बदलाव उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग, जिला प्रशासन और तकनीकी विशेषज्ञों के सक्रिय सहयोग, समय पर मिले मार्गदर्शन तथा निरंतर तकनीकी प्रेरणा से ही संभव हो सका है।**

भारत में नीली क्रांति को एक नई गति देने और पारंपरिक मछुआरों व मछली पालकों की आजीविका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) संचालित की जा रही है। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत मत्स्य पालन विभाग द्वारा क्रियान्वित यह योजना भारतीय मत्स्य क्षेत्र में एक बड़ा निवेश कार्यक्रम है। देश में टिकाऊ, पारदर्शी और जिम्मेदार तरीके से मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना इस योजना का मूल संकल्प है। यह संपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम दो प्रमुख घटकों के माध्यम से धरातल पर कार्य करता है, जिसमें शत-प्रतिशत केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित केंद्रीय क्षेत्र की योजना और केंद्र व राज्यों के बीच निर्धारित अनुपात में खर्च साझा करने वाली केंद्र प्रायोजित योजना शामिल हैं।

इस व्यापक राष्ट्रीय उद्देश्य की योजना में पारंपरिक मत्स्य पालन के तौर-तरीकों को बदलकर उसमें आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों को शामिल करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसी क्रम में देश भर में बड़ी संख्या में रीसर्क्युलेटिंग एक्वाकल्चर सिस्टम (आरएएस) और नवीन बायो-फ्लॉक इकाइयों को मंजूरी दी गई है, जो बेहद कम पानी और सीमित भूमि क्षेत्र में भी उच्च घनत्व के साथ अधिक मछली उत्पादन सुनिश्चित करती हैं। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से नए आइस प्लांट, कोल्ड स्टोरेज और मूल्य-संवर्धित प्रसंस्करण उद्यम स्थापित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही घरेलू विपणन तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए हजारों की संख्या में अत्याधुनिक रिटेल फिश मार्केट और मोबाइल कियोस्क को विशेष वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को राज्य में प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अपनी राज्य स्तरीय नीतियों और योजनाओं के साथ समेकित किया है। मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना और उत्तर प्रदेश की सुदृढ़ मत्स्य नीति के माध्यम से राज्य सरकार मछुआरों के कल्याण, मत्स्य बीजों की उपलब्धता और अंतर्देशीय जल संसाधनों (तालाबों व पोखरों) के पट्टे आवंटन की प्रक्रिया को पारदर्शी व सुलभ बना रही है। राज्य सरकार उत्तर प्रदेश को देश का प्रमुख मत्स्य उत्पादन केंद्र बनाने के लिए बुनियादी ढांचा विकास और वित्तीय रियायतों पर विशेष ध्यान दे रही है। केंद्रीय योजना के प्रावधानों के अनुरूप ही राज्य का मत्स्य विभाग अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला लाभार्थियों को अधिकतम 60 प्रतिशत तक की विशेष वित्तीय सब्सिडी का लाभ समय पर प्रदान कर रहा है, जबकि अन्य सामान्य श्रेणियों के लिए 40 प्रतिशत अनुदान देय है।

मछुआरों और मछली पालकों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए उन्हें उत्तर प्रदेश में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की सुविधा से व्यापक स्तर पर जोड़ा गया है, ताकि बैंकों से कार्यशील पूंजी के लिए आसानी से और बेहद कम ब्याज दर पर ऋण मिल सके। इसके अतिरिक्त, वार्षिक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध की अवधि या लीन पीरियड के दौरान मछुआरा परिवारों को भुखमरी और कुपोषण से बचाने के लिए विशेष आजीविका और पोषण सहायता प्रदान की जाती है। छोटे मछली पालकों को संगठित कर बाजार में मोलभाव की शक्ति बढ़ाने के लिए मत्स्य किसान उत्पादक संगठनों (एफएफपीओ) का गठन तेजी से किया जा रहा है।

योजना की इसी कल्याणकारी नीति, दूरदर्शी सोच और राज्य सरकार के सक्रिय प्रयासों को धरातल पर उतारते हुए उत्तर प्रदेश के हाथरस जनपद में महिला सशक्तिकरण की एक बेहतरीन और प्रेरणादायक सफलता की कहानी सामने आई है। विकास खंड सासनी के अंतर्गत मस्जिद वाली गली कसाना की निवासी श्रीमती रुखसाना पत्नी श्री शहजाद आज आधुनिक मत्स्य पालन और विपणन के क्षेत्र में एक सफल महिला उद्यमी के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी हैं। इस चुनौतीपूर्ण दौर में जब ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के पारंपरिक साधन अत्यंत सीमित हो रहे थे, उन्होंने स्थानीय संसाधनों का कुशलता से उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक नया, साहसिक और अनुकरणीय प्रयास प्रारंभ किया। श्रीमती रुखसाना ने पुरुषों के वर्चस्व वाले इस पारंपरिक व्यवसाय क्षेत्र में कदम रखकर न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाया, बल्कि ग्रामीण समाज की अन्य महिलाओं के लिए भी स्वरोजगार का एक नया, आधुनिक और सम्मानजनक मार्ग प्रशस्त किया। उनकी इस चुनौतीपूर्ण लेकिन गौरवमयी सफलता की यात्रा में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एक बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुई। वित्तीय वर्ष 2022-23 में, जिसका वास्तविक क्रियान्वयन वर्ष 2023-24 में सुनिश्चित हुआ, मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत उनका चयन आधुनिक मत्स्य विक्रय के लिए 'कियोस्क निर्माण' की विशिष्ट परियोजना के लिए किया गया। एक महिला लाभार्थी होने के नाते नियमानुसार रुखसाना को इस आधुनिक कियोस्क निर्माण की कुल परियोजना लागत पर 60 प्रतिशत का भारी अनुदान प्राप्त हुआ, जिसके तहत उन्हें रु. 06.00 लाख की एक बड़ी वित्तीय सहायता राशि सीधे तौर पर डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई। इस बड़ी सरकारी मदद, मत्स्य विभाग के तकनीकी सहयोग और जिला प्रशासन हाथरस के निरंतर मार्गदर्शन की बदौलत उन्होंने ग्राम सासनी देहात, नानउ रोड स्थित परियोजना स्थल पर अपने सपनों के व्यवसाय की एक मजबूत, स्वच्छ और वैज्ञानिक बुनियाद रखी। इस आधुनिक कियोस्क के निर्माण के पश्चात उन्होंने पूरी व्यावसायिक कुशलता, लगन और निष्ठा के साथ मत्स्य विक्रय के क्षेत्र में कार्य करना शुरू किया। श्रीमती रुखसाना ने पारंपरिक खुले बाजारों के ढर्रे से पूरी तरह हटकर उपभोक्ताओं की सुविधा, हाइजीन, स्वच्छता और उत्तम गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया, जिससे बेहद कम समय में पूरे हाथरस जनपद में उन्होंने अपनी एक विशिष्ट और विश्वसनीय पहचान बना ली। आज उनके इस आधुनिक कियोस्क और उनके काम करने के व्यवस्थित व स्वच्छ तरीके की स्थानीय उपभोक्ताओं द्वारा खूब सराहना की जाती है। समय के साथ उन्होंने स्थानीय बाजार की मांग और उपभोक्ताओं की पसंद को गहराई से समझा और अपने व्यवसाय का निरंतर विस्तार किया। वर्तमान में वे इस आधुनिक कियोस्क यूनिट में उच्च प्रोटीन युक्त पंगेशियस मछली के साथ-साथ भारतीय मेजर कार्प (जैसे रोहू, कतला और नैन) जैसी लोकप्रिय और मांग वाली मत्स्य प्रजातियों का भी नियमित रूप से बड़े पैमाने पर विक्रय कर रही हैं।

वर्तमान में श्रीमती रुखसाना के इस उद्यम की व्यापारिक स्थिति अत्यंत उत्साहजनक और सुदृढ़ है। उनके कियोस्क से प्रतिदिन लगभग 50 किलोग्राम पंगेशियस मछली के साथ-साथ भारी मात्रा में भारतीय मेजर कार्प मछलियों का विक्रय सुगमता से हो जाता है। इस निरंतर उपभोक्ता मांग और बढ़ती बिक्री के माध्यम से वे प्रतिदिन रु. 07 हजार से रु. 08 हजार का शानदार व्यापार कर लेती हैं। सभी प्रकार के परिचालन खर्चों, परिवहन और निवेश लागत को निकालने के बाद उन्हें प्रतिदिन लगभग रु. 02 हजार से रु. 03 हजार की शुद्ध आय प्राप्त होती है, जो ग्रामीण परिवेश में एक महिला के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इस बेहतरीन और नियमित शुद्ध कमाई से श्रीमती रुखसाना न केवल अपने परिवार के सभी खर्चों, बच्चों की उच्च शिक्षा और पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति अत्यंत सम्मानजनक तरीके से कर रही हैं, बल्कि वे स्थानीय अर्थव्यवस्था में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। अपने इस सफल उद्यम के माध्यम से उन्होंने स्थानीय स्तर पर अन्य 02 बेरोजगार युवाओं को भी प्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराया है, जिससे उन परिवारों के जीवन में भी आर्थिक स्थिरता आई है। उनकी मेहनत ने एक मिसाल कायम की है कि एक महिला उद्यमी किस प्रकार आत्मनिर्भर बनकर समाज के अन्य वंचित वर्गों के लिए भी संबल बन सकती है। श्रीमती रुखसाना स्वयं गर्व से साझा करती हैं कि उनके द्वारा सृजित ये रोजगार और यह सकारात्मक आर्थिक बदलाव उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग, जिला प्रशासन और तकनीकी विशेषज्ञों के सक्रिय सहयोग, समय पर मिले मार्गदर्शन तथा निरंतर तकनीकी प्रेरणा से ही संभव हो सका है। उनकी इस सफलता ने सरकारी योजनाओं, प्रशासनिक तालमेल से तो ग्रामीण क्षेत्रों में आ रही आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियां आज राज्य के कोने-कोने में ऐसी हजारों आत्मनिर्भर ग्रामीण महिलाओं को नई पहचान दे रही हैं, जो न केवल देश की आर्थिक रीढ़ को मजबूत कर रही हैं, बल्कि नीली क्रांति के सपने को भी साकार कर रही हैं।

विचार

# यूपी डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बन रहा है आत्मनिर्भर भारत की रक्षा शक्ति

*सरिता वर्मा*

भारत को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्थापित उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) आज देश की सबसे महत्वाकांक्षी औद्योगिक परियोजनाओं में से एक बन चुका है। यह परियोजना न केवल रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और वैश्विक रक्षा विनिर्माण मानचित्र पर एक नई पहचान भी दिला रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार इस परियोजना को गति प्रदान कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य में निवेश, रोजगार और तकनीकी नवाचार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं।

उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को 06 प्रमुख नोड्स-झांसी, चित्रकूट, लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़ और आगरा में विकसित किया जा रहा है। इन सभी केंद्रों का चयन उनकी रणनीतिक स्थिति, बेहतर सड़क संपर्क और एक्सप्रेसवे नेटवर्क से जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा इन क्षेत्रों में उद्योगों के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएं जैसे उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति, जल व्यवस्था, सड़क नेटवर्क और अंतिम-मील कनेक्टिविटी विकसित की जा रही हैं। इससे निवेशकों को उद्योग स्थापित करने के लिए अनुकूल वातावरण प्राप्त हो रहा है।

डिफेन्स कॉरिडोर की सबसे बड़ी विशेषता इसका व्यापक औद्योगिक एवं तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र है। परियोजना के अंतर्गत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर तथा आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी को उत्कृष्ट केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। ये संस्थान रक्षा अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही कौशल विकास संस्थानों के सहयोग से युवाओं को रक्षा विनिर्माण से संबंधित आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। वित्तीय संस्थानों और बैंकिंग भागीदारों के साथ समन्वय स्थापित कर निवेशकों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई है। प्रदेश में रक्षा उद्योगों के विकास के लिए अब तक लगभग 2047.87 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है। यह भूमि रक्षा उत्पादन इकाइयों, अनुसंधान केंद्रों और सहायक उद्योगों की स्थापना के लिए उपयोग में लाई जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत अब तक 202 रक्षा उद्योगों की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। इन एमओयू के माध्यम से लगभग 35,370.59 करोड़ रुपये के निवेश और लगभग 54,063 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है। डिफेन्स कॉरिडोर में उद्योग स्थापना की दिशा में तेजी से प्रगति हुई है। 177 रक्षा उद्योग की स्थापना हेतु एम.ओ.यू. में से अब तक 62 उद्योगों को कुल 1078.38 हेक्टेयर भूमि आवंटित की जा चुकी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 12,294.45 करोड़ रुपये का निवेश और 14,108 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। आज वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में निवेशकों का पसंदीदा स्थल बनता जा रहा है। रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भी विभिन्न परियोजनाओं ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्तमान में डीआरडीओ, ब्रह्मोस एयरोस्पेस, अडानी डिफेन्स सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज सहित कुल आठ संस्थाओं द्वारा रक्षा उपकरणों का उत्पादन प्रारंभ किया जा चुका है। इन इकाइयों के संचालन से प्रदेश में उच्च तकनीक आधारित विनिर्माण को बढ़ावा मिल रहा है और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में पहले से ही हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), एवीआईएल तथा अन्य रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों की मजबूत उपस्थिति है। इन संस्थानों की मौजूदगी से रक्षा उद्योगों को आपूर्ति श्रृंखला, तकनीकी सहयोग और अनुसंधान सहायता प्राप्त हो रही है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश रक्षा उत्पादन के लिए एक सशक्त और विश्वसनीय औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का एक महत्वपूर्ण पहलू बुंदेलखंड क्षेत्र का विकास भी है। झांसी और चित्रकूट जैसे जिलों में उद्योगों की स्थापना से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल रहा है तथा क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त हो रही है। लंबे समय तक विकास की मुख्यधारा से दूर रहे बुंदेलखंड में यह परियोजना औद्योगिक क्रांति का आधार बन रही है। आज जब भारत रक्षा क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करने और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर इस लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। निवेश, नवाचार, कौशल विकास और आधुनिक आधारभूत संरचना के समन्वय से यह परियोजना न केवल उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति को नई दिशा दे रही है, बल्कि भारत को वैश्विक रक्षा उत्पादन केंद्र बनाने के राष्ट्रीय संकल्प को भी मजबूती प्रदान कर रही है। आने वाले वर्षों में यह कॉरिडोर आत्मनिर्भर भारत की रक्षा शक्ति का एक सशक्त प्रतीक बनकर उभरेगा।

**लेखिका सूचना अधिकारी हैं।**



साहित्य



## पारंपरिक मूल्यों का महत्व

**संजय एम तराणेकर**

*अरे, कहाँ गए वे जुगनू सारे,*
*जो रातों को दीप जलाते थे।*
*खेतों, बागों व ताल किनारे,*
*चुपके-चुपके ही मुस्काते थे।*
*बचपन की गर्म हवाओं में,*
*उनकी वे झिलमिल यादें थीं।*
*अंधियारी पगडंडियों पर वो,*
*मानो छोटी-छोटी ज्योतें थीं।*
*अभी तो जंगल सूने लगते हैं,*
*ये नदियाँ भी कुछ मौन हुईं।*
*मिट्टी की वो भीगी-सी खुशबू,*
*ना जाने किस कोने में खोई।*
*बढ़ता प्रकाश, धुआँ, प्रदूषण,*
*सभी छीन रहे उनका संसार।*
*कीटनाशक की कड़वी बारिश,*
*कर जाती जीवन को लाचार।*
*यह जुगनू केवल कीट नहीं हैं,*
*प्रकृति के कोमल से प्रहरी हैं।*
*उनकी झिलमिल से ही सजती,*
*धरती की सुंदर गोद सुनहरी है।*
*आओ फिर से संकल्प करें हम,*
*प्रकृति की धरा का सम्मान करें।*
*जल, जंगल और मिट्टी बचाकर,*
*पुनः इन जुगनुओं का मान करें।*
*जिस दिन फिर से ये रात अँधेरी,*
*झिलमिल दीपों से भर जाएगी।*
*अपनी बचपन की खोई दुनिया,*
*फिर से इस धरती पर आएगी।*



# राशिफल

**मेषः-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं।

**वृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

**मिथुनः-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगाएं। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्कः-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में वृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंहः-** नये कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा दें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुंचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकरः-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# दिलों को जीतने और दंगाइयों को झुकाने का नाम है राजकुमार अग्रवाल

**आईपीएस की नई पारी की शुरुआत**



राज कुमार अग्रवाल
(एसपी सुरक्षा मथुरा)



वैश्य समाज के गौरव और कुलभूषण, नवनियुक्त आईपीएस राजकुमार अग्रवाल जी को उनकी इस ऐतिहासिक और गरिमामयी पदोन्नति पर पूरे समाज की ओर से कोटि-कोटि बधाई और अनंत शुभकामनाएं! सच्ची निष्ठा, अदम्य साहस और न्यायप्रियता जब किसी व्यक्तित्व का आभूषण बनती है, तो पूरा समाज खुद को गौरवान्वित महसूस करता है। राजकुमार जी ने अपने ढाई दशक के बेदाग पुलिस करियर में केवल अपराध और अपराधियों पर ही लगाम नहीं लगाई, बल्कि खाकी को मानवीय संवेदनशीलता का एक नया और आत्मीय चेहरा दिया है। विपरीत परिस्थितियों में उनका शांत रहकर त्वरित निर्णय लेना और समाज के हर वर्ग में संवाद के जरिए विश्वास बहाल करना, उनकी असाधारण प्रशासनिक क्षमता को दर्शाता है। वैश्य समाज के संस्कारों को अपनी कर्मठता से सींचकर, अपराधियों के खिलाफ वज्र और आम जनता के लिए ढाल बनने वाले इस जांबाज अफसर की हर उपलब्धि पर हमें नाज है। आपका यह स्वर्णिम सफरनामा हमारी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का एक जीवंत प्रतीक है। ईश्वर से प्रार्थना है कि आपकी कर्तव्यनिष्ठा का यह नया अध्याय सफलता और लोक-कल्याण के नए प्रतिमान गढ़े।

**राम प्रताप गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री, उत्तर प्रदेश कसौंधन समाज।**

जब खाकी सिर्फ एक वर्दी नहीं, बल्कि समाज के विश्वास का अभेद्य कवच बन जाती है, तब राजकुमार अग्रवाल जैसे जांबाज अफसरों का जन्म होता है। उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा (पीपीएस) से भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के गौरवशाली पद पर पदोन्नत हुए राजकुमार अग्रवाल की यह कामयाबी सिर्फ एक पद की गरिमा नहीं, बल्कि उनके ढाई दशक के उस तप, त्याग और अटूट कर्तव्यनिष्ठा की ढाल है, जिसने हर संकट में सूबे की कानून-व्यवस्था को एक नया संबल दिया। उन्हें करीब से जानने वाले जानते हैं कि राजकुमार अग्रवाल जी महज एक पुलिस अधिकारी नहीं हैं, बल्कि वे संकट के समय में एक कुशल रणनीतिकार, संवाद के सेतु और अपराधियों के लिए काल बनकर उभरते हैं। उनका पूरा सफरनामा इस बात का गवाह है कि जब दृढ़ इच्छाशक्ति और संवेदनशीलता एक साथ कदम मिलाती हैं, तो बड़े से बड़ा तनाव भी शांति के सुरों में बदल जाता है।

मूल रूप से हमीरपुर जिले के राठ के रहने वाले श्री रामगोपाल अग्रवाल जी के सुपुत्र राजकुमार अग्रवाल जी की शुरुआती परवरिश और शिक्षा नैनीताल व लखनऊ के खूबसूरत और अनुशासित माहौल में हुई। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय जैसी ज्ञान की प्रतिष्ठित स्थली से स्नातक और परास्नातक की शिक्षा ग्रहण की, जिसने उनके भीतर संवेदनशीलता, बौद्धिकता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का एक ऐसा मिश्रण तैयार किया जो आज के प्रशासनिक तंत्र में विरल है। साल 2003 में झांसी से शुरू हुआ उनका यह पुलिस सेवा का सफर जालौन, बरेली, लखनऊ, प्रतापगढ़, कानपुर नगर और हापुड़ जैसे कई जिलों से होते हुए 25 जून 2026 को आईपीएस के इस सुनहरे मोड़ पर पहुंचा है। गौरव के इस सुनहरे पल पर राठ समेत बुंदेलखंड में भी खुशी की लहर है। इस लंबी यात्रा में उन्होंने जहां भी कदम रखे, वहां की जनता के दिलों में अपनी अमिट छाप छोड़ी। बरेली के इतिहास में उनका नाम एक ऐसे संकटमोचक के रूप में दर्ज है, जिसने शहर को सांप्रदायिक वैमनस्य की आग से बाहर निकाला था। साल 2012 का वह दौर जब बरेली शहर सांप्रदायिक तनाव के बेहद नाजुक और कठिन दौर से गुजर रहा था, तब प्रशासन ने सीओ सिटी प्रथम और सीओ सिटी द्वितीय के रूप में राजकुमार अग्रवाल के कंधों पर इस सुलगती आग को शांत करने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी। बाकरखाना, कोहाड़ापीर, गुड़हड़बग और जगतपुर जैसे बेहद संवेदनशील इलाकों में जब माहौल बेहद तनावपूर्ण था, तब इस अफसर ने न केवल अपनी प्रशासनिक क्षमता का परिचय दिया, बल्कि अपनी अनूठी संवाद शैली से दोनों समुदायों के बीच बिखरे विश्वास को दोबारा समेटा। उन्होंने बंद कमरों में फैसले लेने के बजाय सड़कों पर उतरकर जनता से सीधा संवाद किया, त्वरित और निष्पक्ष निर्णय लिए और बेहद प्रभावी पुलिसिंग के जरिए हालात को पूरी तरह सामान्य कर दिया। उनकी इस सूझबूझ और शांत कार्यशैली की सराहना उस वक्त पुलिस महकमे के सर्वोच्च अधिकारियों ने भी मुक्त कंठ से की थी। वर्तमान में मथुरा में तैनात यह अधिकारी आज भी उसी सादगी और कर्तव्यपरायणता के साथ सेवा में जुटे हैं।

राजकुमार अग्रवाल जी का व्यक्तित्व जितना मृदुभाषी और मिलनसार है, अपराधियों और माफियाओं के लिए वे उतने ही कठोर और वज्र के समान हैं। साल 2021 में बरेली में एसपी देहात के पद पर तैनाती के दौरान उन्होंने नशे के सौदागरों के खिलाफ जो जंग छेड़ी, वह आज भी नजीर के तौर पर याद की जाती है। फतेहगंज पूर्वी, फतेहगंज पश्चिमी, फरीदपुर और मीरगंज जैसे इलाकों में सक्रिय ड्रग नेटवर्क को उन्होंने अपनी अचूक रणनीति से पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। वे केवल अपराधियों को जेल भेजने तक सीमित नहीं रहे, बल्कि उन्होंने अपराध की जड़ पर प्रहार करते हुए एनडीपीएस अधिनियम के तहत पहली बार ऐतिहासिक कार्रवाई की और नशे के कारोबार से काली कमाई जुटाने वाले माफियाओं की लगभग 100 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्तियों को कुर्क और जब्त कर लिया। इस अभूतपूर्व कार्रवाई ने पूरे सूबे के अपराधी गिरोहों में एक ऐसा खौफ पैदा किया कि कई गैंग्स ने घुटने टेक दिए। राजकुमार अग्रवाल जी की सबसे बड़ी ताकत उनका जनसंपर्क और जनता के प्रति अटूट संवेदनशीलता है। वे हमेशा इस बात पर यकीन करते हैं कि कानून का राज तभी स्थापित हो सकता है जब आम आदमी के मन में पुलिस के प्रति डर नहीं, बल्कि सुरक्षा का भाव हो। गंभीर और संवेदनशील मामलों में उनकी शांत सोच, धैर्य और त्वरित निर्णय लेने की अदभुत क्षमता के कारण ही सरकार ने हमेशा उन्हें सबसे चुनौतीपूर्ण मोर्चों पर तैनात किया। आज जब वे आईपीएस अफसर के रूप में अपने करियर के एक नए और स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं, तो यह न केवल उनके परिवार और पुलिस महकमे के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि उस आम जनता के लिए भी बेहद फख्र की बात है जो यह जानती है कि उनके अधिकारों की रक्षा के लिए खाकी में एक ऐसा नायक मुस्तैद है जो पूरी तरह ईमानदार, संवेदनशील और जांबाज है। उनका यह सफरनामा आने वाली पीढ़ियों और युवा अधिकारियों के लिए कर्तव्यपरायणता की एक बेहतरीन पाठशाला है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### डीएम से पीड़ित दिव्यांग व्यक्ति ने न्याय की लगाई गुहार



फतेहपुर। बिंदकी तहसील के मुगलाही कस्बा के रहने वाले इशहाक अंसारी पुत्र स्वर्गीय सुबराती ने जिला अधिकारी के नाम दिए गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया की पीड़ित व्यक्ति दिव्यांग है एवं हृदय रोग से पीड़ित है। उनकी आजीविका का एकमात्र साधन उनकी दुकान है जो मेंन बाजार चौराहे के कार्नर पर स्थित है। उक्त दुकान का एक द्वार मेंन बाजार तथा दूसरा द्वारा मुगौड़ा गली की ओर खुलता है 2018 में उनके भाई व पुत्र का नगर पालिका परिषद बिंदकी के कर्मचारियों के मिली भगत से सड़क एवं नाली निर्माण पूर्ण होने के बाद मुगौड़ा गली वाले दरवाजे के सामने सड़क व नाली पर अवैध रूप से लोहे की गुमटी रखकर उनका रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया। इससे न केवल उनकी दुकान का दूसरा प्रवेश द्वार अवरुद्ध हो गया बल्कि व्यापार एवं आवागमन में भी दिक्कतें आना शुरू हो गई। विगत 8 वर्षों से नगर पालिका परिषद बिंदकी के चक्कर वह काट रहे हैं लेकिन आश्वासन नोटिस व कागजी कार्रवाई की बात कहकर अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया। उन्होंने कहा कि उनके दुकान के सामने नाली पर रखी अवैध लोहे की गुमटी को तत्काल हटवा कर बंद किए गए दरवाजे मार्ग को खुलवाया जाए। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी नगर पालिका कर्मचारी एवं संरक्षण देने वाले जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए।

### पुलिस अधीक्षक ने वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन कर फरियादियों की सुनी समस्याएं



महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय मे गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

### इण्डियन इंटीग्रेटिड मेडिकल एसोसिएशन शाखा महोबा का चुनाव समपन्न



कुलपहाड़/महोबा। इण्डियन इंटीग्रेटिड मेडिकल एसोसिएशन (आईआईएम), जनपद महोबा शाखा का चुनाव कुलपहाड़ स्थित डॉ.करीम बक्स के उमर क्लीनिक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रम आनन्द की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से डॉ निर्गुण सिंह राजपूत को अध्यक्ष पद पर चुना गया, वही डॉ कृष्ण कुमार राजपूत को सचिव तथा डॉ महेश राजपूत को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस चुनाव कार्यक्रम के दौरान जनपद से आए हुए समस्त चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 26 मई 2026 को जारी किए गए निर्देश में आयुष चिकित्सकों की अनदेखी पर सरकार के विरुद्ध नाराजगी व्यक्त की एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से आयुष चिकित्सकों की 2 प्रमुख मांगो को अति शीघ्र पूरी किए जाने का अनुरोध भी किया। आयुष चिकित्सकों की प्रमुख दो मांगें, आपातकालीन स्थिति में आई.वी.फ्ल्यूडस, आई.वी. इंजेक्शन एवं टांके (स्टीचेस) लगाने के अधिकार की अनुमति दी जाए। एन.आर.एच.एम. योजना में कार्यरत आयुष चिकित्सकों की स्थाई नियुक्ति अथवा मानदेय बढ़ाया जाए। उपरोक्त दोनों मांगो को लेकर उत्तर प्रदेश के समस्त आयुष चिकित्सक संघर्षरत है, और उत्तर प्रदेश सरकार से लगातार मांग कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीलम आनन्द ने किया। वहीं डॉ. करीम बख्श ने आए हुए सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. सतीश गुप्ता, डॉ. महेश राजपूत, डॉ. नीलम आनन्द, डॉ. भूपेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. पीयूष त्रिपाठी, डॉ. सनत राजपूत, डॉ. सुरेश खरे, डॉ. अरुण कुमार पटेरिया, डॉ. मनीष सैनी, डॉ. सौरभ खरे, डॉ. आशुतोष सैनी, डॉ. के.जी. सोनी, डॉ. कौशल किशोर सोनी, डॉ. मनोज देवलिया, डॉ. ऋषि चौरसिया, डॉ. विनोद कुमार बुधौलिया, डॉ. उमा शंकर आदि चिकित्सक उपस्थित रहे।

### भदवां के प्राथमिक विद्यालय को समाजसेवी ने दो कूलर भेंट किए



जालौन (उरई)। भीषण गर्मी के बीच प्राथमिक विद्यालय भदवां के बच्चों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से समाजसेवी नरेंद्र दुबे ने विद्यालय को दो कूलर भेंट किए। कूलर मिलने से विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को गर्मी से काफी राहत मिलेगी और उन्हें बेहतर वातावरण में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। विद्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी नरेंद्र दुबे ने कूलर विद्यालय प्रशासन को सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। गर्मी के मौसम में छोटे बच्चों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है, ऐसे में विद्यालय में कूलर की व्यवस्था होने से उन्हें राहत मिलेगी और उनका ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित रहेगा। प्रधानाध्यापक अखिलेश रजक ने समाजसेवी नरेंद्र दुबे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के हित में किया गया यह सहयोग सराहनीय है। इससे छात्र-छात्राओं को गर्मी से राहत मिलेगी और विद्यालय का शैक्षणिक माहौल भी बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में इसी प्रकार सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। कूलर मिलने पर बच्चों और अभिभावकों ने भी खुशी जताई। विद्यालय परिवार ने समाजसेवी नरेंद्र दुबे के इस योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर नीरज राजपूत, सुनीता देवी, सुमन द्विवेदी, कांति, एकता श्रीवास्तव सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने किया किडजी प्री स्कूल का शुभारंभ

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।



शहर के आवास विकास कॉलोनी में किडजी प्रीस्कूल का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने हवन पूजन के साथ फीता काटकर किया। इस अवसर पर संचालक सीमा सचान ने बताया कि उनके यहां किडजी प्री स्कूल में पीजी, नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी की पढ़ाई अच्छे शिक्षकों के द्वारा होगी। बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दी जाएगी ताकि आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों की नींव मजबूत हो सके। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवांजलि चतुर्वेदी ने बताया कि उनके यहां वातानुकूलित क्लास में एक एक बच्चे का ख्याल रखा जाएगा ताकि हर बच्चे की नींव मजबूत हो सके। इस दौरान पूर्व विधायक करण सिंह पटेल, राजेंद्र शुक्ला, नितिन सचान, अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी, पंकज त्रिपाठी, जगनायक सचान, राशि, अंजू सिंह, हर्षिता सिंह, रति श्रीवास्तव, पुष्पेन्द्र, भोला पटेल, संजीव पटेल,बब्लू कालिया, नितिन सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सपा ने मनाई दानवीर भामाशाह की जयंती




फतेहपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय में दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। वही इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद नरेश उत्तम पटेल मौजूद रहे। जबकि गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा की दानवीर भामाशाह महाराणा प्रताप के बचपन के मित्र थे और उन्होंने अपने कार्यों से लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। इस अवसर पर अरुणेश पांडेय, कपिल यादव, सुनील उमराव, संगीता राज पासवान, दलजीत निषाद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जिलानिर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों की मौजूदगी में किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



महोबा। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थित ईवीएम/वीवीपेट वेयरहाउस का तिमाही निरीक्षण राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया गया। निरीक्षण के दौरान, वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था,सीसीटीवी निगरानी, डबल-लॉक सिस्टम और एंट्री-एग्जिट की बारीकी से की गई। वेयरहाउस में रखी ईवीएम और वीवीपेट मशीनों की स्थिति, स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा और तय नियमों के पालन की भी जाँच की गई। वहाँ मौजूद सभी प्रतिनिधियों को वेयरहाउस की व्यवस्थाओं के बारे में बताया गया और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ज़रूरी जानकारी साझा की गई। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएँ संतोषजनक पाई गईं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज व समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भाकियू की मासिक बैठक में खाद का मुद्दा हावी



फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।

भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत कि मासिक बैठक नहर कालोनी में जिला अध्यक्ष मधुसूदन तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव रामदत्त मिश्रा ने भाग लिया।इस दौरान अपने संबोधन में बोलते हुए रामदत्त मिश्रा ने कहा कि जिस तरीके से किसानों के सामने खाद की दिक्कत आ रही है उस पर अगर अधिकारी जल्द ही अपनी जवाब देही तय नहीं करते तो भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य होगा और इसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा इस समय किसानों को बढ़े हुए दामों में खाद मिल रही है इस आवाज को उच्च अधिकारियों तक उठाने का काम करेंगे। इस अवसर पर युवा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## कुसमरा तालाब सौंदर्यीकरण, मुख्य सड़क निर्माण की एसडीएम से मांग

जालौन (उरई)। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुसमरा निवासी नितेन्द्र सिंह ने एसडीएम रिंकू सिंह राही को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में स्थित खसरा संख्या 206 का तालाब लंबे समय से उपेक्षित है। तालाब का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार नहीं होने से उसकी उपयोगिता लगातार कम होती जा रही है। यदि तालाब का सौंदर्यीकरण कराया जाए तो इससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और गांव की सुंदरता भी बढ़ेगी। बताया कि मुख्य सड़क से गांव तक आने वाला मार्ग, जूनियर हाईस्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र तक जाने वाला रास्ता जर्जर है। बरसात के दौरान इस मार्ग पर कीचड़ और जलभराव हो जाता है, जिससे ग्रामीणों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को परेशानी होती है। खासतौर पर छोटे बच्चों को स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचने में मुश्किल होती है। मांग करते हुए कहा कि बरसात का मौसम शुरू होने से पहले सड़क का निर्माण करा दिया जाए।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समित की बैठक आयोजित

- सम्बन्धित अधिकारियों को दिए आगामी बैठक से पूर्व कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश

महोबा, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें जिलाधिकारी महोदया द्वारा एनएचएआई छतरपुर को निर्देशित किया गया कि महोबा छतरपुर मार्ग पर किडारी फाटक से कलैक्ट्रेट मोड़ तक जिन ब्रेकरों के स्लोप सही नही है उनको सुधार कराते हुये उन्हे टेबल टोप बनाया जायें उन पर पेन्ट का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जायें। जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अवशेष स्कूली वाहनों के फिटनेस का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराया जाये। जनपद के स्कूली वाहनों में समस्त व्यवस्थाओं को चेकलिस्ट के आधार पर चेक किया जायें। स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरों के संचालन/मोबाईल फोन की उपलब्धता/अग्निशमन यंत्र की क्रियाशीलता/आपातकालीन खिड़की का संचालन इत्यादि को प्राथमिकता से चेक किया जाये। महोबा/चरखारी/ कुलपहाड़ में अवैध अतिक्रमणों का चिन्हाकंन किया जाये, जो दुर्घटनाओं का कारण बनते है, ऐसे अवैध अतिक्रमणों को चिन्हित करते हुये सख्ती से हटवाया जाये। ब्लैक स्पॉट का अवशेष कार्य एनएच बाँदा द्वारा आगामी बैठक से पूर्व पूर्ण किया जायें। एनएच पर वाहन धुलाई मशीन सेन्टरों को चिन्हित किया जायें। ऐसे धुलाई सेन्टर जिनका हाईवे पर पानी का निकास है तथा जो दुर्घटना का कारण बनते है, उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाये। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) कुंवर पंकज, उपजिलाधिकारी महोबा / कुलपहाड़, अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड/निर्माण खण्ड-1, महोबा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, यातायात निरीक्षक, अवर अभियन्ता, एनएच झाँसी सहित दाऊ तिवारी अध्यक्ष आल्हा परिषद महोबा, अल्ताफ हुसैन अध्यक्ष ट्रक एसोसिएशन महोबा, रामजी गुप्ता अध्यक्ष व्यापार मण्डल महोबा, शिवकुमार गोस्वामी, समाजसेवी महोबा एवं अन्य अधिकारीगण/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## समाजवादियों ने मनाई पार्टी कार्यालय में दानवीर भामाशाह की जयंती

उरई (जालौन)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देशन में आज पार्टी कार्यालय उरई में जिला महासचिव जमालुद्दीन के नेतृत्व में दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई गई। पार्टी कार्यकर्ताओं ने भामाशाह के चित्र माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया।

दानवीर भामाशाह के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए जिला प्रवक्ता महेश चंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि दानवीर भामाशाह का जन्म 29 जून 1547 विक्रम संवत 1604 आषाढ़ शुक्ल दशमी को राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र के पाली जिले के सादड़ी गांव में हुआ था। वह मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप के मित्र थे। वह जैन वैश्य (ओसवाल) समुदाय से संबंधित थे। उनके पिता का नाम भारमल शाह था जो रणथंभौर किले के किलेदार और महाराणा प्रताप के सलाहकार थे। उनकी मां का नाम कपूरी था।जब महाराणा प्रताप का मुगलों से हल्दीघाटी का युद्ध चल रहा था और महाराणा प्रताप संकट में थे तो उसी समय भामाशाह ने सैनिकों के खर्चे के लिए अपनी सम्पूर्ण सम्पत्ति जिससे सैनिकों का 12 बर्ष तक का खर्चा चल सकता था मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप को दान कर दी थी। इसलिए उन्हें इतिहास में अद्वितीय दानवीर कहा गया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा ऐसे महापुरूषों का सम्मान करती है और उनकी जयंती और पुण्यतिथि मनाकर आने वाली युवा पीढ़ी को महापुरूषों को याद करते रहने की प्रेरणा देती हैं।

## कार का अगला टायर अचानक फटने से दर्दनाक हादसा, युवक की मौत



जालौन (उरई)। उरई-जालौन मार्ग पर भिटारा के पास तेज रफ्तार कार का अगला टायर अचानक फट जाने से दर्दनाक हादसा हो गया। टायर फटते ही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और कई पलटियां खाते हुए सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खंडेराव निवासी इमरान खां (28) अपनी मारुति स्विफ्ट कार से उरई से जालौन लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार भिटारा स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तभी कार का अगला टायर अचानक फट गया। तेज रफ्तार होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार डिवाइडर से टकराकर करीब चार से पांच पलटियां खाती हुई सड़क किनारे पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायल चालक को कार से बाहर निकाला और एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता ने परीक्षण के बाद इमरान खां को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी मनीष तिवारी मौके पर पहुंच गए।

## डीएम को लेखपालों से सौंपा सामूहिक अवकाश का प्रार्थना पत्र

- एसडीएम पर उठाए सवाल, बोले- कर्मचारी मानसिक दबाव और अवसाद की स्थिति में कार्य करने को विवश

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।



तहसील में कार्यरत लेखपालों ने एसडीएम की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए डीएम को सामूहिक अवकाश का प्रार्थना पत्र सौंपा। कर्मचारियों का आरोप है कि एसडीएम द्वारा लेखपालों और अन्य कर्मचारियों के साथ किए जाने वाले अमर्यादापूर्ण व्यवहार के कारण कार्यालय का वातावरण तनावपूर्ण हो गया है, जिससे कर्मचारी मानसिक दबाव और अवसाद की स्थिति में कार्य करने को विवश हैं। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले लेखपालों ने डीएम राजेश कुमार पांडेय को दिए सामूहिक अवकाश का प्रार्थना पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया कि एसडीएम रिंकू सिंह राही कर्मचारियों के साथ अमानवीय व्यवहार करते हैं और आम जनता के सामने उन्हें भ्रष्ट बताकर अपमानित करते हैं। कर्मचारियों का कहना है कि बिना किसी ठोस कारण के निलंबन और बर्खास्तगी की धमकी दिए जाने से पूरे कार्यालय में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। बताया कि 30 मई 2026 को स्थानांतरित किए गए पांच लेखपालों को उच्चाधिकारियों के आदेश के बावजूद अब तक कार्यमुक्त नहीं किया गया है। इसके अलावा 27 जून को आयोजित थाना दिवस के दौरान लेखपाल शिवम द्विवेदी पर बिना किसी आधार के रिपोर्ट दर्ज कराने का दबाव बनाया गया, जिससे वह मानसिक तनाव में हैं। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि नायब नाजिर भानुमती को भी लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। आरोप लगाया कि शासन के निर्देशों के विपरीत निजी ऑपरेटरों से जनसुनवाई संबंधी कार्य कराया जा रहा है। इससे शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण में बाधा उत्पन्न हो रही है और राजस्व अभिलेखों की गोपनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है। उनका कहना है कि कार्यालय का माहौल इतना तनावपूर्ण हो चुका है कि प्रभारी तहसीलदार सहित पांच लेखपाल चिकित्सा अवकाश पर चले गए हैं और कई कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान हैं। जिससे वह कोई आत्मघाती कदम उठा सकते हैं। उन्होंने डीएम से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने, कार्यालय में सामान्य कार्य वातावरण बहाल करने एवं सामूहिक अवकाश स्वीकृत करने की मांग की है। इस दौरान जिला अध्यक्ष अनूप तिवारी, तहसील अध्यक्ष वैभव त्रिपाठी, खंड मंत्री अमित पाल, जिला मंत्री चंदन शिवहरे, हरेंद्र, विवेक, अनिल, महेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र, आशुतोष श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार आदि रहे।

## व्यापारी समाज राष्ट्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़, दानवीर भामाशाह का आदर्श आज भी प्रेरणास्रोत

- व्यापारी कल्याण दिवस पर उत्कृष्ट करदाताओं का हुआ सम्मान
- जनप्रतिनिधियों ने व्यापारियों के योगदान को किया नमन

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।




दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने उनके त्याग, राष्ट्रभक्ति एवं समाजसेवा के आदर्शों को स्मरण करते हुए कहा कि भामाशाह का जीवन केवल व्यापार तक सीमित नहीं था, बल्कि राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है।

इस अवसर पर वित्तीय वर्ष के दौरान सर्वाधिक कर जमा करने वाले जनपद के बालाजी एंटरप्राइजेज के दीपक गुप्ता आदि व्यापारियों ने कर जमा कर जनपद के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि ईमानदारी से कर अदा करने वाले व्यापारी विकास की आधारशिला को मजबूत करते हैं और ऐसे सम्मान से अन्य व्यापारियों को भी प्रेरणा मिलेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि व्यापारिक समुदाय केवल आर्थिक गतिविधियों का संचालन ही नहीं करता, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में भी सदैव अग्रणी रहता है। उन्होंने कहा कि दानवीर भामाशाह का जीवन उदारता, राष्ट्रभक्ति और लोककल्याण की अमूल्य प्रेरणा देता है, जिसे प्रत्येक पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि कोरोना महामारी जैसे कठिन दौर में व्यापारियों ने अपने आसपास के जरूरतमंद परिवारों की सहायता कर मानवता की मिसाल प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में जिस प्रकार व्यापारियों ने भोजन, दवाइयों और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर समाज का साथ दिया, वह दानवीर भामाशाह की परंपरा का जीवंत उदाहरण है। ऐसे व्यापारी समाज के वास्तविक सेवक हैं। कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि व्यापार और सेवा का संबंध सदैव समाज के विकास से जुड़ा रहा है। उन्होंने व्यापारियों से पारदर्शी व्यापार, समय पर कर भुगतान तथा सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी बनाए रखने का आह्वान किया और कहा कि समृद्ध व्यापारी समाज ही आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि व्यापारी वर्ग जनपद की आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण भागीदार है। उन्होंने उत्कृष्ट करदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि कर राजस्व से ही सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को गति मिलती है। उन्होंने व्यापारियों से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने तथा जनहित के कार्यों में सक्रिय सहयोग बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित व्यापारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा शासन द्वारा व्यापारिक हितों में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में व्यापारी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो युवक दबोचे, तमंचा-चाकू बरामद

जालौन (उरई)। जिले में अपराध और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली जालौन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। देर रात चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो युवकों को सालाबाद मोड़ स्थित दुर्गा माता मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान एक आरोपी के पास से अवैध .315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस, जबकि दूसरे के कब्जे से लोहे का अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रियांशु पुत्र रामकुमार (22 वर्ष) तथा देव शिवहरे पुत्र राम नारायण (19 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम खकसीस, थाना रेंढर, जनपद जालौन के रूप में हुई है। इस संबंध में कोतवाली जालौन में मुकदमा अपराध संख्या 136/2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 9/25 एवं 4/25 में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए न्यायालय में अधिवक्ता के माध्यम से सफाई प्रस्तुत करने की बात कही है। इस सराहनीय कार्रवाई को चौकी प्रभारी छिरिया मलकपुर उपनिरीक्षक आलोक पाल, कांस्टेबल राहुल सिंह, कांस्टेबल सौरभ शाक्य एवं कांस्टेबल जितेंद्र सिंह की टीम ने अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है।

# भाकियू महात्मा टिकैत ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी कन्नौज को जनहित एवं किसान हित से जुड़े 4 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मांगों पर शीघ्र कार्रवाई न होने पर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन की चेतावनी दी।

ये हैं मुख्य मांगें

1. प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुई फसलों का तत्काल सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। 2. शिक्षा माफियाओं पर प्रभावी कार्रवाई कर स्कूलों में मनमानी फीस वसूली पर रोक लगाई जाए। 3. स्मार्ट मीटर की गलत रीडिंग एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल समाधान कराया जाए। 4. सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार पात्र कॉलोनियों को आवश्यक सुविधाएं एवं वैधानिक मान्यता प्रदान की जाए। जिला अध्यक्ष मखमल अहमद ने किसानों के मुद्दे पर अलग से कहा, अन्नदाता आज सबसे ज्यादा परेशान है। ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से गेहूं, आलू और मक्का की फसलें तबाह हो गईं, लेकिन आज तक सर्वे पूरा नहीं हुआ। बीमा कंपनियां और अधिकारी किसानों को चक्कर कटवा रहे हैं। मंडी में फसल का सही दाम नहीं मिल रहा, खाद-बीज महंगे हो गए हैं। अगर 15 दिन में फसल नुकसान का मुआवजा खाते में नहीं आया और सर्वे शुरू नहीं हुआ तो कन्नौज का किसान ट्रैक्टर लेकर कलक्ट्रेट घेराव करेगा। सरकार जय जवान-जय किसान का नारा सिर्फ भाषणों में न दोहराए, जमीन पर लागू करे। उन्होंने आगे कहा, शिक्षा माफिया अभिभावकों को लूट रहे हैं और स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता से अवैध वसूली हो रही है।

प्रशासन तुरंत संज्ञान ले, वरना भाकियू महात्मा टिकैत सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष इरशाद अली, मंडल उपाध्यक्ष अकबर खान, ब्लॉक अध्यक्ष हिरदेश दुबे, सर्वेश कुमार दुबे, तहसील अध्यक्ष शाहरुख खान, सियाराम, राधेश्याम, नगर अध्यक्ष आसिफ इकबाल, जिला सचिव शिव कुमार, जिला उपाध्यक्ष आमिर अली, इमरान खान, राम सेवक, जिला प्रवक्ता रजाउल अली, अमन, जिला महासचिव प्रशांत गौतम, जिला प्रभारी युवा सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिधूना से चोरी हुआ जेवर छिबरामऊ में बेचा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** औरैया जनपद के बिधूना कोतवाली क्षेत्र में हुई चोरी के जेवरात छिबरामऊ में बेचे जाने का मामला सामने आया है। बिधूना पुलिस द्वारा चोरी की घटना में गिरफ्तार किए गए आरोपितों से पूछताछ के दौरान छिबरामऊ के दो सराफा कारोबारियों के नाम सामने आने पर औरैया की एसओजी टीम रविवार शाम नगर पहुंची। टीम ने दोनों कारोबारियों को चोरी का सोना खरीदने के आरोप में पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर अपने साथ बिधूना ले गई। जानकारी मिलते ही सराफा व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजीव दुबे ने छिबरामऊ कोतवाली पहुंचकर जानकारी ली। कोतवाल कपिल दुबे ने बताया कि औरैया की एसओजी टीम ने केवल फोन पर सूचना दी थी। दोनों व्यापारियों को चोरी के जेवर खरीदने के आरोप में पूछताछ के लिए ले जाया गया है। उधर, दोनों कारोबारियों के परिजन भी बिधूना पहुंच गए हैं। सोमवार देर शाम तक पुलिस ने उन्हें नहीं छोड़ा था। मामले को लेकर सराफा व्यापारियों में चर्चा का माहौल बना हुआ है, जबकि पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है।

# भामाशाह त्याग, समर्पण और समाज सेवा के प्रतीक थे : दिनेश गुप्ता

- सपा कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई दानवीर भामाशाह की जयंती

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




शहर के नसरापुर स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में सोमवार को दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इसका संयोजन व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष प्रत्येश तोमर, व्यापारी नेता दिनेश गुप्ता एवं वरिष्ठ सपा नेता भानु गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष प्रत्येश तोमर और व्यापारी नेता दिनेश गुप्ता ने दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रत्येश तोमर ने कहा कि दानवीर भामाशाह त्याग, समर्पण और समाज सेवा के प्रतीक थे। उनका जीवन राष्ट्रभक्ति, परोपकार और निस्वार्थ सेवा का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने अपना सर्वस्व राष्ट्र की रक्षा और समाजहित के लिए समर्पित कर इतिहास में अमिट स्थान बनाया।

वक्ताओं ने कहा कि भामाशाह के आदर्श आज भी समाज को सेवा, सहयोग और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी से उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज और देश के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी भामाशाह के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वरिष्ठ सपा नेता मनोज अग्रवाल, कुक्कू चौहान, राज सिंह चौहान, सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, अवनीश गुप्ता, ज्ञानेंद्र गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, व्यापारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### देह व्यापार की सूचना पर होटल में पुलिस का छापा

# दो युवक-दो युवतियां समेत संचालक हिरासत में

**सौरिख/कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**




सौरिख थाना क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के सौरिख कट स्थित एक होटल पर रविवार को देह व्यापार की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने होटल से दो युवकों, दो युवतियों तथा होटल संचालक को हिरासत में लिया। सभी को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार, होटल के अवैध रूप से संचालित होने की शिकायतें भी मिली थीं। पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि होटल में अनैतिक गतिविधियां संचालित हो रही थीं या नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक्सप्रेसवे और उसके आसपास संचालित कई होटल पहले भी प्रशासन और पुलिस की जांच के दायरे में रहे हैं। पूर्व में कई होटलों पर छापेमारी कर कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कुछ होटल दोबारा संचालित होने की चर्चाएं लगातार होती रही हैं। क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि कुछ होटल संचालकों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, जबकि कुछ लोगों का आरोप है कि नियमित रूप से स्थानीय स्तर पर सांठगांठ के कारण उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पाती। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस या प्रशासन ने इस संबंध में कोई बयान जारी नहीं किया है। इसलिए इन दावों को तथ्य के रूप में नहीं कहा जा सकता।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में उपलब्ध साक्ष्यों, पूछताछ और जांच के आधार पर निष्पक्ष एवं विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। यदि होटल के संचालन में किसी प्रकार की अनियमितता या आपराधिक गतिविधि सामने आती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल को देवेंद्र देव ने दी बधाई



**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रकाश पाल से कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव ने प्रकाश पाल के कानपुर आवास पर आत्मीय भेंट की। इस दौरान उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रकाश पाल को अध्यक्ष मनोनीत होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भेंट के दौरान क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव ने कहा, प्रकाश पाल जमीनी कार्यकर्ता हैं। पिछड़े वर्ग के हितों के लिए उनका संघर्ष और संगठन के प्रति समर्पण हम सबने देखा है। उनके अनुभव और ऊर्जा से उत्तर प्रदेश में ओबीसी मोर्चा और मजबूत होगा। उनका नेतृत्व निश्चित रूप से मोर्चे को नई दिशा और नई ऊंचाइयां देगा। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को प्रकाश पाल जी गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे। पिछड़े वर्ग के युवाओं, महिलाओं और किसानों को पार्टी से जोड़ने में उनकी अहम भूमिका होगी। हम सब मिलकर 2027 के विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। देवेंद्र देव ने भरोसा जताया कि प्रकाश पाल के नेतृत्व में ओबीसी मोर्चा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अहम कड़ी बनेगा। इस मौके पर दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई।

# ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



विधानसभा क्षेत्र 196 छिबरामऊ के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। पूर्व विधायक सबसे पहले ग्राम सभा लालपुर के प्रधान रामचंद्र राठौर के आकस्मिक निधन पर उनके आवास पहुंचे। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिजनों को ढांढस बंधाया। पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा, रामचंद्र राठौर का असमय जाना पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। वे हमेशा गांव के विकास और गरीबों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। ईश्वर परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दे। इसके बाद पूर्व विधायक मीरपुर निवासी सुग्रीव माथुर के बड़े भाई सूरजपाल माथुर के निधन पर उनके घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं ग्राम भुड़हा निवासी नरेंद्र जाटव की माता के निधन के बाद उनके आवास पर जाकर परिजनों से मिले और दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। पूर्व विधायक ने सभी दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में वे और उनकी पूरी टीम पीड़ित परिवारों के साथ है।

## खबरें एक नजर में

### खेत में नहीं उगी मूंगफली, किसान ने मांगा मुआवजा



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम पंचायत मिथौली के मजरा मटेहना निवासी किसान अशोक कुमार ने कृषि बीज भंडार से खरीदे गए मूंगफली के बीज की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए फसल न होने का आरोप लगाकर मजे की मांग की है। किसान के अनुसार उन्होंने फरवरी में 80 किलोग्राम बीज खरीदा और मार्च में तीन बीघा खेत में बुवाई की। खेत में डीएपी, पोटाश, सल्फर और यूरिया का प्रयोग करने के साथ छह बार सिंचाई भी की गई। शुरुआत में पौधे अच्छे दिखाई दिए, लेकिन करीब 100 दिन बाद भी जमीन के भीतर मूंगफली नहीं बनी। किसान ने कृषि रक्षा इकाई और उप कृषि निदेशक से शिकायत कर जांच व मुआवजे की मांग की, लेकिन अब तक जांच नहीं हुई। किसान के अनुसार फसल पर करीब 25 हजार रुपये खर्च हुए और लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच के लिए जल्द टीम भेजी जाएगी।

### बीड़ी श्रमिक अपने अध्यनरत बच्चों की छात्रवृत्ति के लिए भरें फॉर्म



**गुरसहायगंज कन्नौज।** बीड़ी श्रमिक चिकित्सालय गुरसहायगंज के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर मुकेश कुमार गोला ने जानकारी देते हुए बताया कि बीड़ी श्रमिक चिकित्सालय गुरसहायगंज कन्नौज भारत सरकार की ओर से श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बीड़ी श्रमिकों के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति योजना के लिए एक जून 2026 से आवेदन प्रारंभ हो चुके हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि छात्रवृत्ति के आवेदन नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि अपने-अपने विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों मे अध्ययनरत बीड़ी श्रमिकों के बच्चों को इस छात्रवृत्ति योजना के लिए अधिक से अधिक आवेदन करने हेतु प्रेरित करें ताकि अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थी इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

### मकान बिकाऊ पोस्टर लगाने के बाद पुलिस ने सात लोगों पर दर्ज किया मुकदमा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** कटीले तार लगाने का विरोध करने पर दबंगों ने महिला व उसके स्वजनों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस के मुकदमा दर्ज न करने पर पीड़ित परिवार ने मकान बिकाऊ के पोस्टर लगा दिए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। क्षेत्र के गांव बहलोलपुर निवासी माया कठेरिया ने बताया कि उनकी झोपड़ी खेत में पड़ी हुई है। पड़ोसी ने 24 जून को अपने खेत की मेड़ पर कटीले तार लगा दिए। विरोध करने पर गाली गलौज कर लाठी डंडे से मारपीट कर दी। महिला की चीखपुकार सुनकर बचाने आए नाती अमन, सूरज, पुत्रवधू शकुंतला व नातिन नन्ही देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने 25 जून को स्वजनों के साथ थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। आरोप ही कि पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। जिससे परेशान होकर रविवार सुबह पीड़ित परिवार ने मकान बिकाऊ के पोस्टर लगा दिए। आनन फानन में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रविवार शाम रामविलास, चरन सिंह, ब्रह्मानंद, स्वदेश, रितेश, कृष्णकांत व कल्लू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# तीन तलाक पीड़िता ने एसपी कार्यालय पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के डुंडवा बुजुर्ग गांव की रहने वाली एक विवाहिता ने पति पर तीन तलाक देने और लंबे समय से प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने स्थानीय पुलिस पर शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। पीड़िता अनम बानो ने बताया कि उसकी शादी 26 मार्च 2016 को जरारी निवासी नाजिम पुत्र शमशाद के साथ हुई थी। उसका आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति दहेज और अन्य बातों को लेकर मारपीट व उत्पीड़न करने लगा। लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर वह कुछ समय से अपने मायके डुंडवा बुजुर्ग में रह रही थी। अनम बानो के अनुसार, 24 जून 2026 को उसका पति मायके पहुंचा, जहां दोनों के बीच कहासुनी हुई। आरोप है कि इसी दौरान पति ने उसे तीन तलाक कहकर संबंध समाप्त करने की बात कही और वहां से चला गया। पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद उसने गुरसहायगंज कोतवाली में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने न तो मुकदमा दर्ज किया और न ही कोई प्रभावी कार्रवाई की। इससे निराश होकर वह सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंची और पूरे मामले की शिकायत करते हुए पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई तथा न्याय दिलाने की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# 12 दिवसीय पेपर कवर, एनवेलप एवं फाइल मेकिंग प्रशिक्षण संपन्न

- संस्थान निदेशक द्वारा 24 प्रतिभागियों को दिए गए प्रमाणपत्र
- समापन समारोह में बाहर से आए मूल्यांकनकर्ता का संस्थान के निदेशक ने किया स्वागत

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), बहेलियनपुरवा, अनौगी में आयोजित 12 दिवसीय पेपर कवर, एनवेलप एवं फाइल मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। प्रशिक्षण में कुल 24 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। निर्धारित मानकों के अनुरूप आयोजित मूल्यांकन एवं परीक्षा में सभी प्रतिभागी सफल घोषित हुए। समापन समारोह में बाहर से आए मूल्यांकनकर्ता का संस्थान के निदेशक विश्व मोहन ने स्वागत किया।



प्रतिभागी को प्रमाण पत्र देते निदेशक व अन्य

इसके बाद प्रतिभागियों का मूल्यांकन एवं परीक्षा संपन्न कराई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक विश्व मोहन ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद व्यवसाय शुरू करने अथवा बैंक ऋण से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या आने पर संस्थान प्रतिभागियों को हर स्तर पर सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि संस्थान हमेशा प्रशिक्षार्थियों के साथ खड़ा रहेगा। साथ ही बैंक एवं सरकार की विभिन्न स्वरोजगार और उद्यमिता योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को उनका अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के अंतर्गत पांच लाभार्थियों के आवेदन पत्र भी भरवाए गए, जिससे प्रतिभागियों को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। समापन समारोह में निदेशक विश्व मोहन ने सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए और उन्हें शीघ्र अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

# व्यापारी कल्याण दिवस पर छह वरिष्ठ व्यापारियों का सम्मान

- दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर मनाए जा रहे व्यापारी कल्याण दिवस के तहत उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की ओर से नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लल्लू के प्रतिष्ठान पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में नगर के छह वरिष्ठ व्यापारियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा व्यापार जगत और समाज के प्रति उनके योगदान की सराहना की गई। सम्मानित होने वालों में किराना कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, वरिष्ठ व्यापारी चंद्रभान गुप्ता (मुन्ना दाल वाले), ब्रजेश गुप्ता, वेदप्रकाश राठौर, उमेशचंद्र गुप्ता और आनंद गुप्ता महिंद्रा शामिल रहे। नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लल्लू ने कहा कि व्यापारी वर्ग देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत रीढ़ है। दानवीर भामाशाह के आदर्श आज भी व्यापारियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने ईमानदारी, समाज सेवा और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए व्यापार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में भी हमेशा बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाता है। इस अवसर पर वैभव गुप्ता, युवा अध्यक्ष सुशांत गुप्ता, उदित वर्मा, प्रियांशु, सचिन वर्मा, अनुपम वर्मा, गगन गुप्ता सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

# नगर में 24 घंटे बिक रही है ओवररेटिंग पर देशी शराब

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में देशी शराब की दुकानों पर निर्धारित समय के विपरीत 24 घंटे शराब बिक्री होने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह होते ही कई दुकानों के शटर खुल जाते हैं और देर रात तक अतिरिक्त पैसे लेकर शराब बेची जाती है। आरोप है कि 80 रुपये कीमत वाला देशी शराब का क्वार्टर सुबह और देर रात 100 रुपये तक में बेचा जा रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि अतिरिक्त रकम देने पर किसी भी समय शराब आसानी से उपलब्ध हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस अवैध बिक्री से युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है और सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। लोगों ने आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि खुलेआम हो रही इस गतिविधि की जानकारी संबंधित विभागों को नहीं होना आश्चर्यजनक है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। क्षेत्रीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में आबकारी विभाग के अधिकारी ने बताया कि देशी शराब की दुकानों के संचालन का निर्धारित समय सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक है। यदि तय समय से पहले या बाद में बिक्री की शिकायत मिलती है तो जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# हाइवे पर सांड से टकराई बाइक, दो घायल

- शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे कन्नौज

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



घायल अनिकेत का इलाज करते चिकित्सक

शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बाइक सवार सांड से टकराकर घायल हो गए। ग्रामीणों ने एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को अस्पताल भेजा। फर्रूखाबाद जिले के ब्राहिमपुर पोस्ट बिबिया जलालपुर निवासीगण अनिकेत (26) पुत्र शिव सिंह व साकेत यादव पुत्र रनवीर सिंह (24) अपने गाँव से कन्नौज शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे बाइक सवार अलीगढ़- कानपुर नेशनल हाइवे जलालाबाद कट के पास लगभग देर शाम लगभग 8.45 उनकी बाइक सांड से टकरा गयी जिससे अनिकेत व साकेत गंभीर रूप से घायल हो गए, घटनास्थल पर देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई, ग्रामीणों ने घायल युवकों को एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी जलालाबाद भिजवाया। जहां पर डॉ संदीप कोहली, फार्मासिस्ट नवीन सचान ने घायलों का उपचार किया।

## डिवाइडर से टकराई बाइक, एक युवक की मौत, साथी गंभीर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सौरिख थाना क्षेत्र के बाहुलपुर-चपुन्ना मार्ग पर रविवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। नगरिया लाल सहाय पोस्ट चपुन्ना निवासी 30 वर्षीय मिलन अपने गांव के ही मित्र 25 वर्षीय अखिलेश पुत्र सरमन के साथ बाइक से खड़नी किसी निजी कार्य से जा रहे थे। रास्ते में बाहुलपुर-चपुन्ना के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन दोनों को निजी वाहन से सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय लेकर आए, यहां चिकित्सकों ने मिलन को मृत घोषित कर दिया। अखिलेश की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मृतक मिलन लेवरी का कार्य करता था। वह अपने पीछे पत्नी कुंती देवी, दो पुत्र हनी व शिवांश, मां गीता देवी, भाई गुलाब तथा बहनें सजनी और खुशबू को छोड़ गया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

# सौ शैया अस्पताल के कूलरों से मोटर गायब, मरीज बेहाल



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी के बीच सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में गर्मी से राहत के लिए लगाए गए अधिकांश कूलर या तो खराब पड़े हैं या उनकी मोटरें गायब हैं। इमरजेंसी वार्ड में केवल एक कूलर चालू मिला, लेकिन उसमें पानी और मोटर न होने के कारण वह ठंडी हवा देने के बजाय गर्म हवा फेंक रहा था। इसके अलावा वार्ड में लगा एयर एग्जॉस्ट भी खराब होने से बंद पड़ा है, जिससे उमस और अधिक बढ़ गई है। अस्पताल में इन दिनों मरीजों की संख्या बढ़ने के बावजूद शीतलन व्यवस्था बदहाल है। तेज धूप और उमस के कारण वार्ड में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तीमारदारों का कहना है कि वार्ड में कुछ देर बैठना भी मुश्किल हो गया है। दूसरी ओर स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि लगातार गर्म वातावरण में काम करने से थकान बढ़ रही है और कार्य क्षमता भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में अस्पताल जैसी संवेदनशील जगहों पर कूलर, एयरकंडीशनर और अन्य शीतलन उपकरणों की नियमित देखरेख व समय पर मरम्मत कराई जानी चाहिए। लोगों ने अस्पताल प्रशासन से खराब कूलरों की तत्काल मरम्मत, गायब मोटरें लगवाने तथा एयर एग्जॉस्ट सहित अन्य उपकरणों को शीघ्र चालू कराने की मांग की है, ताकि मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके।

## सूचना

मैंने अपने पुत्र अनूप कुमार व उसकी पत्नी नीलम के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन दोनों द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **शकुंतला पत्नी स्व0 सूरेन्द्र सक्सेना निवासी- 6ए/353 आवास विकास, थाना कादरीगेट, जनपद फर्रुखाबाद।**

## सूचना

मैंने अपने पुत्र वीरू व पुत्रवधू सुदामा, निवासी- इस्माइलपुर, गुरसहायगंज का आचरण अच्छा न होने पर उन दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उन दोनों के किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। सर्वेश पुत्र सियाराम व गीता पत्नी सर्वेश, निवासी लालकपुर, छिबरामऊ (कन्नौज)।

# मुकदमा दर्ज न होने पर परिजनों ने थाने में दिया धरना

**पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर परिजनों को कराया शांत**


परिजनों को समझाते पुलिस कर्मी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

मार्ग दुर्घटना का आठ दिन बाद भी मुकदमा दर्ज न होने पर परिजन थाने पहुंच गये और जमीन पर बैठकर धरना प्रदर्शन करने लगे। जिससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी ने उत्तेजित परिजनों को शांत कराया और मुकदमा दर्ज करने आदेश दिया। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव फतनपुर निवासी स्वदेश ने बताया कि उसका भाई सुशील कुमार 21 जून की सुबह घर से बाइक से किसी काम से गांव उम्मरपुर आया था। यहां से सुशील कुमार लगभग 11:30 बजे बाइक से वापस घर लौट रहा था। उसी दौरान गांव त्यौरी इस्माइलपुर के पास लगी समर के निकट पहुंचते ही उम्मरपुर की ओर से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने तेजी व लापरवाही से सुशील कुमार की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार सुशील कुमार बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया था और कुछ ही देर बाद सुशील कुमार की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से भागने लगा। उसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में पलट गया था। ट्रैक्टर पलटने से चालक उसे छोड़कर मौके से भाग गया। लोगों ने यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस व थाना प्रभारी राजीव कुमार, एसआई गीतम सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ट्रैक्टर व बाइक को कब्जे में लेकर थाने ले आई। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर मृतक के भाई स्वदेश ने पुलिस को ट्रैक्टर के अज्ञात चालक के खिलाफतहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने घटना में मुकद्दमा दर्ज नहीं किया। लगातार थाने के चक्कर काटने के बाद भी पुलिस ने मुकममा दर्ज न कर परिजनों को सिर्फ मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन ही दिया। घटना की तहरीर देने के आठ दिन बाद भी पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज न करने व हीलाहवाली करने पर परिजनों का धैर्य जबाव दे गया। सोमवार दोपहर बाद परिजनो के साथ थाने पहुंची महिलाएं व पुरुष मुकद्दमा न लिखने के विरोध में थाने में ही जमीन पर बैठ गए। और किसी उच्चाधिकारी से बात कराने की बात कहने लगे। मौके पर मौजूद अपराध निरीक्षक बृजमोहन पाल, हेडमोहर्रिर विजय कुमार समेत महिला पुलिस कर्मियों ने जमीन पर बैठी महिलाओं व परिजनों को समझाकर मुकममा दर्ज करने का भरोसा दिया। लगभग 20 मिनट बाद थाना प्रभारी राजीव कुमार ने मौके पर आकर परिजनों को समझाकर तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। जिला पंचायत सदस्य यशवीर सिंह आर्य व गांव के प्रधान के प्रतिनिधि नितिन कुमार के द्वारा भी परिजनों को समझाने पर परिजन जमीन से उठ गए। इसके बाद पुलिस ने मृतक के भाई स्वदेश की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**बिजली विभाग की घोर लापरवाहीः**

# रोज फुंकने की कगार पर ट्रांसफार्मर


ग्रानगंज नवदिया स्थित ट्रांसफार्मर

**आग लगने से दहशत, जेई नहीं उठाते फोन, बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्रानगंज नवदिया इलाके में बिजली विभाग की लापरवाही से स्थानीय लोग भारी परेशान हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि इलाके से जुड़े ट्रांसफार्मर में आए दिन कोई न कोई खराबी बनी रहती है, जिससे लगातार बिजली कटौती हो रही है। भीषण गर्मी के बीच लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात होते ही ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग होने लगती है और कई बार उसमें आग भी लग जाती है। इसके बावजूद विभाग की ओर से स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। ट्रांसफार्मर में बार-बार आग लगने से आसपास रहने वाले लोगों में हमेशा हादसे का डर बना रहता है। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि समस्या की जानकारी देने के लिए जब संबंधित जेई को फोन किया जाता है तो अक्सर फोन रिसीव नहीं किया जाता। इससे लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। भीषण गर्मी में बिजली न होने से छोटे-छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि ट्रांसफार्मर की तकनीकी जांच कराकर उसे तत्काल दुरुस्त कराया जाए और बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाया जाए। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करने की भी मांग की है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो लोगों ने प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी है।

# देश की अर्थव्यवस्था में भामाशाह ने किया महत्वपूर्ण योगदान: विधायक



निवेशक के प्रतिनिधि को सम्मानित करते विधायक व डीएम

**जनपद के सर्वाधिक टर्नओवर वाले निवेशकों को किया गया सम्मानित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राज्य कर विभाग के सौजन्य से भोजपुर के विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में दानवीर व्यापारी भामाशाह की जयंती पर व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दानवीर भामाशाह के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा जनपद में सर्वाधिक टर्नओवर 54.99 करोड़ वाले एनके फैब्रिक के नरेश कुमार साध के प्रतिनिधि को सम्मानित किया गया। दूसरे स्थान पर रस्तोगी इंटरप्राइजेज की शालिनी के प्रतिनिधि को सम्मानित किया गया। इनका टर्नओवर 37.22 करोड़ है तथा तीसरे स्थान पर आरएस कंस्ट्रक्शन के 21.16 करोड़ टर्नओवर वाले सुधाकर कटियार सहित अन्य फर्म स्वामियों को भी सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि दानवीर भामाशाह ने तत्कालीन समय में जो आर्थिक सहयोग किया, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि भामाशाह मेवाड़ के थे, उन्होंने महाराणा प्रताप के समस्या ग्रस्त दिनों में उन्हें कई हजार किलो सोना दान दिया और उन्हें पुनरुत्थान में सहयोग भी किया।

# ई-रजिस्ट्री के विरोध में अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों की हड़ताल जारी


विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तहसील सदर में कार्यरत समस्त अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक व समस्त स्टाम्प विक्रेता सरकार की ई-रजिस्ट्री के विरोध में 25 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। सोमवार को तहसील सदर में कार्यरत समस्त अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक व समस्त स्टाम्प विक्रेताओं ने कार्यालय उप निबंधक सदर बैठककर धरना प्रदर्शन कर रहे है। सभी की शासन से मांग है कि ई-रजिस्ट्री की व्यवस्था के चलते प्रदेश भर में लाखों परिवार बेरोजगार हो जायेंगे। सभी ने कहा कि हम लोग शासन की डिजिटाइलेशन नीति का विरोध नहीं कर रहे है। सरकार द्वारा इस नीति के चलते विलेख के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्राइवेट संस्थानों से करायी जा रही है। हम उसका विरोध कर रहे है। सभी ने मांग की है कि ई-रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को प्राइवेट हाथों में न देकर कार्यरत अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों के माध्यम से ही कार्य कराया जा सके। विरोध के चलते अधिवक्ता संघ व दस्तावेज लेखक संघ ने समाजिक संगठनों से सहयोग की मांग की है। इस दौरान कई अधिवक्ता व दस्तावेज लेखक तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

# केले के बाग में मिले मांस के अवशेष व घायल गोवंश

**विश्व हिन्दू परिषद गौरक्षा दल की सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच**


जांच पड़ताल करती पुलिस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के कटरा रहमत खां गांव में तशकील खां के केले के बाग में मांस के अवशेष और एक घायल गोवंश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि यह बाग खेत मालिक ने गांव के एक व्यक्ति को लगान पर दे रखा है।

विश्व हिंदू परिषद के जिला गौ सेवा प्रमुख नूतन चतुर्वेदी ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पशु चिकित्सा अधिकारी और पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ कटरा रहमत खां गांव पहुंचे। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए उच्च अधिकारियों को जानकारी दी गई। जिसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी भी मौके पर पहुंच गए। शमशाबाद पुलिस और फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर नमूने लिए और अन्य साक्ष्य संकलित किए। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय सचान ने मौके पर पहुंचकर खेत में मिले मांस के अवशेषों का सैंपल लिया। गंभीर रूप से घायल गोवंश को तत्काल उपचार के बाद सुरक्षित गौशाला भिजवा दिया गया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि मौके से मिले मांस के छोटे-छोटे टुकड़े जांच के लिए मथुरा की फोरेंसिक लैब भेजे गए हैं। पुलिस ने खेत मालिक और बटाईदार से पूछताछ शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साक्ष्य के आधार पर सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### शराब बंदी की मांग को लेकर महिलाओं ने भरी हुंकार


बैठक के दौरान मौजूद महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय शराब बंदी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले महिलाओं ने शराब बंदी की मांग को लेकर हुंकार भरी। शराब मुक्त भारत बनाने की मांग को लेकर विगत 10 वर्षों से संघर्षरत आज भी जन जागरण अभियान जारी है। रेंज पार्क में स्थित अरविन्द कुमार सक्सेना के आवास पर कानपुर मण्डल महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुलक्षणा सिंह की अगुवाई में महिलाओं ने सरकार से शराब बंदी का कानून बनाने की मांग की है। राष्ट्रीय संयोजक सुल्तान सिंह ने कहा कि शराब ठेके रामराज्य के मार्ग में बड़ी बाधा है। शराब के चलते गरीबों के परिवार उजड़ रहे है। इसके बावजूद देशी-विदेशी शराब के ठेकों को बढ़ाना चिंता का विषय है। आगामी 9 अगस्त को शिकोहाबाद पालीवाल डिग्री कालेज में शुरु होगा देशव्यापी शराब बंदी जन जागरण अभियान। इस अवस पर सुधा सिंह पटेल, श्रद्धा पाण्डेय, ऋषभ अवस्थी, ऐश्वर्या सक्सेना, वेदराम शाक्य, देवकीनंदन, हरिनंदन, योगेन्द्र यादव, अरविन्द कुमार सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### भामाशाह जयंती पर दस व्यापारियों का हुआ सम्मान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** दानवीर भामाशाह की स्मृति में नवीन मंडी समिति कायमगंज में व्यापारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा 10 व्यापारी को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में दिनेश गंगवार, पिंटू गुप्ता, प्रवीण यादव, पिंटू राठौर, धर्मवीर यादव, अनिल शाक्य, आलोक गुप्ता, कैलाश राठौड़, प्रमोद कश्यप, आकाश बाथम, प्रवीण तिवारी, अतुल शाक्य को सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, शिव बालक शर्मा ने सभी को माला एवं अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। संगठन पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मान दिया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में भामाशाह जयंती पर व्यापारी सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है, लेकिन जिले में जीएसटी विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यापारी नेताओं को सम्मानपूर्वक आमंत्रित नहीं किया गया। संगठन का कहना है कि विभाग ने व्यापारी नेताओं को एक माला पहनाना भी उचित नहीं समझा और केवल सार्वजनिक रूप से जानकारी दी गई। इसी कारण मंडल ने फतेहगढ़ में होने वाले विभागीय कार्यक्रम का बहिष्कार किया। जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता ने कहा कि जो विभाग व्यापारी नेताओं को सम्मान नहीं दे सकता, वह आम व्यापारी को क्या सम्मान देगा।

### धर्म परिवर्तन कर किशोरी को बेचने का युवक पर आरोप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव निवासी पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कहा कि उसका पति दिल्ली मे प्राइवेट नौकरी करता है। घर पर वह अपने नावालिग बच्चों के साथ निवास करती है। एहसान मोहम्मद पुत्र आजाद का मेरे घर आना जाना था। 26 जून को शाम एहसान प्रार्थिनी के घर आया तथा धोखे से प्रार्थिनी को नशीली चाय पिला दी। रात्रि लगभग 1 बजे नाबालिग पुत्री उम्र 14 वर्ष को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। होश आने पर बेटी एहसान को घर न पाकर अपने पति को सूचना दी। जिसपर प्रार्थिनी के पति दिल्ली से आये तथा पति के साथ कुआँ खेड़ा चौकी पर गयी तो दरोगा जितेन्द्र सिंह एहसान के विरुद्ध कार्यवाही करने के स्थान पर प्रार्थिनी व उसके पति को धमकाकर कहने लगे कि नामजद रिपोर्ट न दो। पीड़िता को आशंका है कि एहसान ने नाबालिग पुत्री का धर्म परिवर्तन कराकर उससे शारीरिक सम्बन्ध बनाकर उसे बेंच दिया। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक पर कार्यवाही की मांग की है।

# आगामी सप्ताह में वर्षा, आंधी-तूफान एवं वज्रपात की संभावना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत मौसम विज्ञान विभाग लखनऊ द्वारा जारी ताजा मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जनपद में आगामी सात दिनों के दौरान वर्षा, गरज-चमक, तेज झोंकेदार हवाओं तथा वज्रपात की संभावना व्यक्त की गई है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों का गंभीरता से पालन करने तथा अनावश्यक रूप से खुले स्थानों पर जाने से बचने की अपील की है।

मौसम विभाग के अनुसार 29 जून को जनपद के कहीं-कहीं क्षेत्रों में वर्षा अथवा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इस दौरान मेघगर्जन एवं वज्रपात के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं। 30 जून से 02 जुलाई तक जनपद के अनेक स्थानों पर वर्षा एवं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इस अवधि में मेघगर्जन, वज्रपात, 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने तथा कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की भी संभावना व्यक्त की गई है। 03 जुलाई से 05 जुलाई के बीच भी जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कहीं-कहीं वर्षा एवं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने तथा मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना बनी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार आगामी चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में लगभग 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान में 5 से 6 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे मौसम अपेक्षाकृत ठंडा एवं नम रहेगा। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि गरज-चमक सुनाई देते ही सुरक्षित पक्के भवन के अंदर चले जाएं। घरों में बिजली के उपकरणों के प्लग निकाल दें, खिड़की-दरवाजे बंद रखें तथा बिजली के तारों एवं विद्युत कनेक्शनों से दूरी बनाए रखें। यदि किसी कारणवश खुले स्थान पर फंस जाएं तो दोनों पैर पास-पास रखते हुए सिर झुकाकर बैठें तथा जमीन से संपर्क कम से कम रखें। वाहन में यात्रा कर रहे हों तो वाहन के अंदर ही रहें और खिड़कियां बंद रखें। प्रशासन ने यह भी सलाह दी है कि आंधी-तूफान अथवा वज्रपात के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों, टावरों अथवा अन्य ऊंची संरचनाओं के नीचे शरण न लें। खुले मैदान, खेत, छत या जलाशयों के आसपास खड़े न हों तथा धातु की वस्तुओं का प्रयोग करने से बचें। खराब मौसम के दौरान बाहर निकलकर सेल्फी अथवा वीडियो बनाने का प्रयास न करें तथा वर्षा के पानी से भरे गड्ढों एवं नालों को पार करने से बचें। किसान भाइयों से विशेष अनुरोध किया गया है कि खेतों में कार्य करते समय मौसम की जानकारी अवश्य प्राप्त करें तथा संभावित वर्षा और तेज हवाओं को देखते हुए फसलों, मंडियों में खुले में रखे आलू एवं अन्य कृषि उपज तथा पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखें। जिला प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि मौसम विभाग एवं प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी की जाने वाली चेतावनियों एवं परामर्शों का पालन करें तथा किसी भी आपात स्थिति में संबंधित विभागों एवं स्थानीय प्रशासन से तत्काल संपर्क करें।

# शादी समारोह में दावत को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, हुई फायरिंग

**दोनों पक्षों से तीन घायल, चार लोगों का शांतिभंग में चालान**

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

शादी समारोह की दावत में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। जमकर लाठी-डंडे व कई राउंड फायरिंग हुई।

जिससे गांव में दहशत का माहौल हो गया। ग्रामीणों ने इधर उधर छिपकर जान बचाई। दोनों पक्षों से तीन लोग घायल हो गए। विवाद के दौरान पुलिस गांव में घुसने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। पुलिस ने एक आरोपित को तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया। हालांकि पुलिस फायरिंग व युवक की गिरफ्तारी से इनकार कर रही है। दोनों पक्षों ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। दोनों पक्षों से चार लोगों का शांतिभंग में चालान किया गया।

क्षेत्र के गांव पथरामई निवासी दलेल सिंह यादव के यहां रविवार रात पुत्री की शादी समारोह की दावत रविवार रात चल रही थी। उसी समय पड़ोसी गांव पलीतपुरा निवासी शाहवीर उर्फ छब्बे का किसी बात को लेकर पथरामई निवासी बाचाराम व पलीतपुरा निवासी अमित से वाद विवाद व गाली गलौज हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों से दर्जन भर से ज्यादा लोग इकट्ठे हो गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे, ईट पत्थर चले। कई राउंड फायरिंग भी हुई। जिससे दावत में अफरा तफरी का माहौल हो गया। ग्रामीणों ने इधर उधर छिपकर जान बचाई। ग्रामीणों का आरोप है कि फायरिंग के समय पुलिस गांव के अंदर घुसने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। मारपीट में दोनों पक्षों से जय सिंह, श्यामपाल, मोहित घायल हो गए। पुलिस ने सभी को रात में ही सीएचसी कायमगंज भेज दिया। मारपीट के दौरान एक युवक का तमंचा लहराते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर प्रचलित हुआ।

हालांकि समृद्धि न्यूज़ प्रचलित वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। ग्रामीणों के अनुसार युवक को पुलिस ने तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया। जबकि पुलिस युवक की गिरफ्तारी से मना कर रही है। दोनों पक्षों ने सोमवार दोपहर थाने पहुंच मामले की तहरीर दी।

दोनों पक्षों से चार लोगों शाहवीर उर्फ छब्बे संजीव, जय सिंह व मोहित का शांतिभंग में चालान कर दिया। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया दावत में दो पक्षों में मारपीट हुई है। फायरिंग की पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रचलित वीडियो में दिखे युवक की तलाश की जा रही है। मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# एनएसजी हवलदार का बीमारी से निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


सलामी देते सैनिक

थाना क्षेत्र के समेचीपुर गांव में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के हवलदार 36 वर्षीय अनुज सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह का बीमारी के कारण निधन हो गया। वह हरियाणा के मानेसर, गुरुग्राम में तैनात थे और 20 जून को एक महीने की छुट्टी पर अपने घर आए थे। उनकी असामयिक मृत्यु से गांव और जिले में शोक का माहौल है। हवलदार अनुज सिंह की रविवार रात लगभग 11 बजे तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल फर्रुखाबाद के एक अस्पताल ले गए। डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद, गंभीर बीमारी के चलते उन्हें बचाया नहीं जा सका और उन्होंने अस्पताल में ही अंतिम सांस ली। सोमवार दोपहर को जैसे ही हवलदार अनुज सिंह का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव समेचीपुर लाया गया। जिससे पूरे इलाके में गहरा सन्नाटा छा गया। उनके घर पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस असामयिक निधन से परिवार गहरे सदमे में है। अनुज सिंह के निधन से उनकी पत्नी अंजू देवी, माता उर्मिला देवी, पिता नरेंद्र सिंह और उनके दो बच्चे-10 वर्षीय पुत्र लबीस तथा पुत्री गुंजा का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के सदस्य और गांव के लोग इस क्षति से स्तब्ध हैं। परिजनों ने बताया कि अनुज सिंह नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। और वर्तमान में उनकी तैनाती हरियाणा के मानेसर में थी। वह देश सेवा की अपनी ड्यूटी निभाकर कुछ दिन पहले ही परिवार के साथ समय बिताने घर लौटे थे। जवान के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव लाया गया। उनका अंतिम संस्कार पूरे सैनिक सम्मान के साथ किया गया। प्रशासन के अधिकारियों समेत भारी संख्या में स्थानीय लोग शामिल होकर नम आंखों से देश के इस वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। सेना के अधिकारियों, नवाबगंज थाने के अपराध निरीक्षक बृजमोहन पाल, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामसिंह व पुलिस कर्मियों ने गार्ड आफ ऑनर व पुष्प चक्र अर्पित किया। इसके बाद गांव में ही हवलदार अनुज सिंह के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया।

# बिजली पोल में आ रहे करंट की चपेट में आने से बालिका की मौत


मृतका का फाइल फोटो


रोते बिलखते मृतक के परिजन

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरगांव में बिजली पोल से लटक रही केबिल के कारण हुए करंट हादसे में 10 वर्षीय बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार ग्राम पीपरगांव निवासी स्वर्गीय विष्णु गौतम की 10 वर्षीय पुत्री पारुल उर्फ मिठ्ठी रात करीब 9:30 बजे घर के बाहर निकल रही थी। बताया गया है कि सरकारी बिजली पोल से लटक रही केबिल के कारण करंट लोहे के दरवाजे में उतर आया था। जैसे ही बालिका ने दरवाजे को छुआ, वह करंट की चपेट में आ गई। परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। मृतका अपने पांच भाइयों में सबसे छोटी थी। मां राजनी का का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया है कि परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी और अंतिम संस्कार कर दिया। गांव में हादसे को लेकर शोक व्याप्त है।

# मरीज को नशा से मुक्ति दिलाना मेरी प्राथमिकता: डॉ. आशीष कुमार


डॉ. आशीष कुमार, मनो रोग विशेषज्ञ

**धरती के भगवान**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मरीजों को जीवनदान देने वाले चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता है। 1 जुलाई को होने वाले डाक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि मनो रोग मरीजों का व्यवहार उनके घरवालों को अजीत लग सकता है पर ऐसे लोगों का इलाज के द्वारा व्यवहार भी ठीक हो सकता है। जिन्हें डाक्टर की सलाह लेना बहुत जरुरी है। उन्होंने बताया कि मेरे पिता हर्ष कुमार सेवानिवृत्त फार्मासिस्ट है। मां बबिता गृहणी है। पत्नी डा0 अंकिता वर्मा बाल रोग विशेषज्ञ है। मुझे खाना बनाना बहुत अच्छा लगता है। मेरा प्रिय खेल बैडमिंटन व बॉलीवाल है। मेरे प्रेरणा श्रोत माता-पिता है। जिनकी प्रेरणा से मैंने सभी कार्य किये और सफलता प्राप्त की। मैंने 2006 में हाईस्कूल डा0 बीएम राय हायर सेकेंड्री स्कूल आगरा से किया। इंटरमीडिएट 2008 में बेनी सिंह वैदिक इंटर कालेज आगरा से किया। 2011 से 2017 तक ग्रेजुएशन एम.बी.बी.एस. गर्वनमेंट मेडिकल कालेज अम्बेडकर नगर से किया। 2018 से 2021 तक एमडी (साइकेट्री) मनो रोग विशेषज्ञ किंग जार्ज मेडिकल कालेज लखनऊ से किया। 2021 व 2022 में लगभग डेढ़ वर्ष मेडिकल कालेज कन्नौज में असिस्टेंट प्रोफेसर का कार्य करते हुए एम.बी.बी.एस. के छात्रों को पढ़ाया। 2022 में एटा मेडिकल कालेज में छात्रों को पढ़ाया। 2023 से 2024 तक फिरोजाबाद मेडिकल कालेज में एम.बी.बी.एस. के छात्रों को पढ़ाया। वहां से त्याग पत्र देकर परिवार न्यूरो एवं चाइल्ड क्लीनिक पर वर्तमान में अपनी सेवायें दे रहा हूं। भविष्य में मेरी योजना है कि एक बड़ा सेंटर खोलूंगा जो नशा मुक्ति केंद्र के नाम से जाना जायेगा। वर्तमान में न्यूरो फिजीशियन का कार्य देखता हूं। जैसे दिमाग की सारी बीमारी, सिर की सारी बीमारी, बुद्धि की बच्चों एवं बुजुर्गों में कमी, डिप्रेशन, मानसिक विकार, मिर्गी व बुद्धि का विकास करना आदि की जांचें कर मरीजों को स्वस्थ बनाना मेरा उद्देश्य है। मैंने सेक्स संबंधी रोगों के इलाज के लिए डिप्लोमा कोर्स भी किया हुआ है। अगर किसी व्यक्ति को कोई समस्या है तो उसका इलाज भी संभव है और वह सम्पर्क करें और उसे स्वस्थ बनाने के लिए दवाई उपलब्ध है। मंदबुद्धि के मरीजों की दवाई काफी दिनों तक चलती है और वह स्वस्थ हो जाता है। व्यक्ति अपनी शराब नहीं छुड़ा पा रहा है तो उसे नशा मुक्त बनाने के लिए इलाज करता हूं। वर्तमान समय में युवाओं में नशा करने की लत ज्यादा है। यह सब संगत का असर होता है। कुछ लोग देखा देखी में भी शराब पीने लगते है। जो उसके शरीर पर प्रभाव डालती है। कुछ लोगों में रील बनाना व इंस्टाग्राम पर बने रहने की लत है, यह भी अपने आप में एक नशा है। डिजिटल स्क्रीन से बचें और रील बनाने में समय व्यर्थ न करें। इसकी भी तरंगे व इसका असर मनुष्य के दिमाग पर पड़ता है। व्यक्ति स्वस्थ रहने के लिए सुबह जल्दी उठे और टहले और प्रतिदिन व्यायाम करें। जिससे शारीरिक बीमारियां अपने आप में दूरी बना लेती है।


मरीज का स्वास्थ परीक्षण करते डॉ. आशीष कुमार

मनुष्य शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पूर्ण रुप से स्वच्छता अपनाये और प्रकृति को सुंदर बनाने के लिए पर्यावरण से प्रेम करें। ज्यादा से ज्यादा पौधे व पेड़ लगाये।

# ईंटों से भरा ट्रैक्टर पलटा, युवक की मौत

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना अमृतपुर क्षेत्र के खुशहाली नगला मोड़ पर रविवार को ईंटों से भरा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट जाने से 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेजा। जहां से हालत गंभीर होने पर डॉ0 राम मनोहर लोहिया रेफर कर दिया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।


मृतक का फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार आकाश पुत्र गिरिश चंद्र (20) निवासी ग्राम सोतेपुर, थाना कायमगंज, भट्ठे से ईंटें लेकर ट्रैक्टर से लौट रहा था। दोपहर के समय जैसे ही ट्रैक्टर खुशहाली नगला मोड़ के पास पहुंचा, अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना अचानक हुआ कि आकाश संभल नहीं सका और ट्रैक्टर के नीचे दब गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना अमृतपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर को हटाकर आकाश को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल आकाश को 108 एंबुलेंस से सीएचसी राजेपुर भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए डॉ0 राम मनोहर लोहिया के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। आकाश की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। अस्पताल में मां शीला अपने बेटे का नाम लेकर बिलखती रहीं।


गुमशुम खड़े मृतक के परिजन

बड़े भाई आलोक, बहन दिव्या और सोनम सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों की आंखें भी यह दृश्य देखकर नम हो गईं। बताया गया कि आकाश चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था और परिवार की जिम्मेदारियों में भी हाथ बंटाता था। घटना की सूचना पर उपनिरीक्षक प्रताप सिंह ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष दर्शन सिंह सोलंकी ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# उधारी के रुपये मांगने पर चले लाठी-डंडे, दोनों पक्षों से आठ घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव नवादा सिरौली में महज 6 हजार रुपये की बकाया मजदूरी को लेकर रविवार शाम जमकर बवाल हो गया। देखते ही देखते कहासुनी हिंसक संघर्ष में बदल गई और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे, बेल्चे व टकोरों से मारपीट होने लगी। घटना में दोनों पक्षों के कुल 8 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी विवेक पुत्र रामपाल ने करीब पांच माह पहले श्याम बिहारी के घर हैंडपंप की बोरिंग का कार्य किया था। आरोप है कि उसकी मजदूरी के 6 हजार रुपये बकाया थे। रविवार शाम करीब 7 बजे विवेक बकाया राशि मांगने रामवीर के घर पहुंचे। इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। मारपीट में एक पक्ष से विवेक, उनकी पत्नी रुचि, मां कलावती पत्नी रामपाल, भाई धीरज और पवन घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से अंकित पुत्र श्याम बिहारी, रश्मि पत्नी दिनेश और कांति देवी पत्नी श्याम बिहारी को भी चोटें आईं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।


थाने में बैठे घायल

## ज्येष्ठ पूर्णिमा: गंगा घाटों पर रही पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था


श्रद्धालुओं को जागरुक करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ज्येष्ठ पूर्णिमा पर फतेहगढ़ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा गंगा घाटों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों ने घाटों पर मौजूद श्रद्धालुओं से सुरक्षित एवं सावधानीपूर्वक गंगा स्नान करने की अपील की। पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं को गहरे पानी में न जाने, बैरिकेडिंग के भीतर ही स्नान करने, बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की सलाह दी गई। साथ ही लोगों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने एवं किसी भी आपात स्थिति में तत्काल ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से संपर्क करने का आग्रह किया गया।

# महाकाल मन्दिर में माँ अन्नपूर्णा एवं माँ कामाख्या का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

- भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद, महन्त अर्चना दीक्षित ने कराया पूजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आस्था और श्रद्धा के प्रतीक महाकाल मन्दिर में माँ अन्नपूर्णा एवं माँ कामरूप कामाख्या का वार्षिकोत्सव बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। मन्दिर परिसर में विशाल भंडारा एवं भोग का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

**तन्त्र-मन्त्र एवं वैदिक रीति से हुआ पूजन**

उत्सव के अंतर्गत महाकाल मन्दिर में स्थापित दोनों देवी गृहों का विधिवत पूजन किया गया। मन्दिर की प्रमुख महन्त साध्वी अर्चना दीक्षित ने वस्त्र, पुष्प, नारियल, चावल, धूप, सुपारी, लौंग, इलायची, मिष्ठान एवं दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा-आरती सम्पन्न कराई। धार्मिक मान्यता है कि माँ कामाख्या की आराधना से भय, रोग, शोक और संताप का नाश होता है तथा यश-वैभव की प्राप्ति होती है। तन्त्र-मन्त्र एवं साधना की इस देवी के भजनों के बीच श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ति की कामना की।


पूजन करती साध्वी दीक्षित मौजूद भक्तगण

**भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए शीतल मीठा जल, मिष्ठान, खीर, पूड़ी-सब्जी सहित अनेक प्रकार के व्यंजनों का प्रसाद वितरण किया गया। माँ के भक्तों को प्रसाद की भेंट भी दी गई। मन्दिर समिति के अनुसार पिछले कई वर्षों से श्री महाकाल मन्दिर में असम की प्रसिद्ध कामाख्या माता की विशेष पूजा श्रद्धा भाव से की जाती है, जिसे देखने दूर-दूर से भक्त आते हैं। इस अवसर पर राजन तिवारी, आकाश, राजेश चौबे, अवधेश वाजपेई, हरसिंहा, दीपक वर्मा, सुमित, शिवांश, सरोज, विशाल, पंकज, नरेन्द्र, नरेन्दी, आरती, शमी, रेनू कुमावत, विमला, निमिला, केमलेश, अलान विजयानन्द, आलोक दीक्षित, महेश, हर्ष मल्होत्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भक्तों ने माँ अन्नपूर्णा एवं माँ कामाख्या की अलौकिक प्रतिमाओं के दर्शन कर जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की।


परिजनों को तिरंगा भेंट करते पूर्व सैनिक

## पूर्व सैनिक के निधन पर तिरंगा भेंट कर दी अंतिम विदाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सैनिक प्रकोष्ठ रीति परेड में शामिल होकर पूर्व सैनिक को भारतीय ध्वज के साथ अंतिम विदाई दी। सोमवार को कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र के नरकशा निवासी 85 वर्षीय पूर्व सैनिक हवलदार ओमप्रकाश यादव सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा था। देर रात उनका निधन हो गया। दिवंगत आत्मा ने गढ़वाल राइफल्स में पूरी सेवाए दी। उनकी दो बेटियां व पत्नी है। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। इस दौरान सैनिक प्रकोष्ठ समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष केके यादव, प्रदेश सचिव रामाधार सिंह, प्रदेश सचिव ब्रजेश कुमार राव, कश्मीर सिंह, बैजनाथ सिंह, रुप सिंह यादव, एसभान सिंह, सर्वेश सिंह यादव, राकेश श्रीवास्तव, आरके सक्सेना आदि ने दिवंगत आत्मा को अंतिम विदाई दी।

## खबरें एक नजर में

### बाल वाटिका के बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण


विद्यालय में मौजूद प्रधानाध्यापक व बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज से आई राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम की डॉ. रेशू सिंह, एएनएम पूनम ने बाल वाटिका के बच्चों का गहनता से स्वास्थ्य परीक्षण कर अभिभावकों को परामर्श दिया। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी मेमवती एवं प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने सराहनीय सहयोग किया।

### मुरैठी में युवा युग लाइब्रेरी का हुआ शुभारम्भ


कार्यक्रम में मौजूद सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विधान सभा कायमगंज क्षेत्र के ग्राम मुरैठी में सुरेश चन्द्र यादव के द्वारा युवा युग लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को युवा युग संबंधी जानकारी दी गई। इस मौके पर सपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव, कैप्टन रामाधार सिंह, कश्मीर सिंह, रुप सिंह, वैजनाथ सिंह, भुवनेश कुमार, हरिसागर, राकेश श्रीवास्तव, योगेन्द्र सिंह, श्याम बाबू आदि मौजूद रहे।

### शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ठण्डी सड़क में मंगलवार को शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जायेगा। जिसमे 03 अधिष्ठान माई कार फर्रुखाबाद-05, द सहकारी चीनी मिल कायमगंज-02 एवं एस.एन. कोल्ड स्टोरेज फर्रुखाबाद-05 प्रतिभाग कर रहे हैं एवं रिक्तियों की संख्या कुल 12 है। जिसमें आई.टी.आई. के आर.ए.सी.ए मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक ट्रैक्टर, कोपा, स्टेनों हिन्दी एवं मैकेकि डीजल व्यवसाय के पासआउट अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। अभ्यर्थियों को सूचित किया कि वर्तमान में भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना संचालित है। जिसमें अभ्यर्थी लिंक अपना पंजीकरण कर विभिन्न कम्पनियों में आवेदन कर इन्टर्नशिप कर सकते हैं।

### आबकारी टीम ने शराब ठेकों का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला आबकारी अधिकारी जी.पी. गुप्ता के नेतृत्व में जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। सोमवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह मय स्टाफविभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान देशी शराब दुकान बलीपुर, कीरतपुर चौराहा, हुसैनपुर नौखंडा, याकूतगंज एवं कम्पोजिट दुकान याकूतगंज की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था, मशीन से बिक्री एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया तथा देशी दुकानों की कैंटीन की भी सघन जांच की। संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्णत: अनुपालन सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा का मिलान अभिलेखों से किया तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई।

# क्रांतिकारी संत कबीर दास जयंती पर हुई परिचर्चा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय प्रगतिशील फोरम द्वारा कबीर जयंती पर कृष्णा प्रेस परिसर सड़वाड़ा में आयोजित संगोष्ठी में साहित्यकार प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि शब्द के अक्खड जुलाहे संत कवि कबीर दास ने पाखंड और कुत्सित परंपराओं को लेकर जाति धर्म और समाज के ठेकेदारों को खरी खरी सुनाई। स्वामी रामानंद के शिष्य कबीर दास को अपढ़ सिद्ध करना बेमानी है। उनकी उलट वांसियों को सुलझाने में बड़े-बड़े विद्वानों के दिमाग आज भी चक्करघिन्नी काटते हैं। प्रधानाचार्य योगेश तिवारी ने कहा की हिंस, उन्माद और नफरत के इस दौर में मानवता का अस्तित्व बरकरार रखने के लिए एक अदद स्पष्टवादी कर्मयोगी संत कबीर की जरूरत है। गीतकार पवन बाथम कहा कि कबीर के साखी और सबद हिंदी साहित्य की अमूल्य निधि हैं। फकीरों से लेकर विश्व स्तर के गायक कलाकार आज भी उनके पदों को गाते हैं। प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला एवं अमरनाथ शुक्ला ने कहा कि कबीर की वाणी मानव की चेतना को झकझोर कर जगाती हैं। ऐसे संत और कहीं दुर्लभ हैं। वीएस तिवारी ने कहा कि तुलसी सूर कबीर मानवीय संवेदनाओं के अमर गायक है, उनकी सधुक्कड़ी बोली सीधी हृदय में प्रवेश करती है। युवा कवि अनुपम मिश्रा ने कहा कि निर्गुण ज्ञानवादी कबीर प्रेम को मानव जीवन का केंद्रीय भाव मानते हैं। डॉ. सुनीत सिद्धार्थ ने संत कबीर और संत रविदास को भारत की आत्मा का प्रकाश बताया। छात्र कवि यशवर्धन ने काव्य पाठ किया। शिव कुमार दुबे, हंसा मिश्रा, शिक्षिका रेखा तिवारी आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता अहिवरन सिंह गौर ने की। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार ने कबीर को विश्व के सारे धर्म के लिए आदर्श संत बताया।


बैठक में मौजूद लोग

# एसपी ने नवीन जनसुनवाई कक्ष का किया उद्घाटन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिले की पुलिसिंग को और अधिक पारदर्शी, संवेदनशील तथा जन-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय परिसर में नवनिर्मित अत्याधुनिक नवीन जनसुनवाई कक्ष का फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर भव्य उद्घाटन किया गया। इस नए और सुसज्जित कक्ष के शुरू होने से अब दूर-दराज से अपनी समस्याएं लेकर आने वाले पीड़ितों को एक बेहतर और सम्मानजनक माहौल मिलेगा।

सोमवार को आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा नवीन जनसुनवाई कक्ष का उद्घाटन किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नवीन जनसुनवाई कक्ष के माध्यम से फरियादियों की शिकायतों को सुव्यवस्थित एवं सहज वातावरण में सुना जाएगा तथा उनके गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। जनसेवा, पारदर्शिता एवं संवेदनशील पुलिसिंग की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा पुलिस का मूल मंत्र जनता की सेवा और सुरक्षा है। इस नवीन जनसुनवाई कक्ष का मुख्य उद्देश्य केवल एक आधुनिक ढांचा तैयार करना नहीं है, बल्कि यहां आने वाले हर पीड़ित को यह भरोसा दिलाना है कि उसकी बात को पूरी गंभीरता और सम्मान के साथ सुना जाएगा। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


फीता काटकर उद्घाटन करती एसपी

# दानवीर भामाशाह की सपा कार्यालय पर मनाई गयी जयंती

- सरकार छोटे व्यापारियों का कर रही है दमन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा नेताओं ने महान दानवीर भामाशाह की जयंती पर व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में गोष्ठी आयोजित कर उन्हें याद किया।

भामाशाह की जयंती के पर जिला कार्यालय के सभागार परिसर में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने की। गोष्ठी कार्यक्रम के प्रभारी रोमित सक्सेना जिलाध्यक्ष समाजवादी व्यापार सभा ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि दानवीर भामाशाह ने सभी व्यापारियों का आगे बढ़ाने का काम किया। सभी ने व्यापारी कल्याण दिवस के रुप में उन्हें याद किया। उन्होंने वर्तमान में प्रदेश सरकार मध्यम वर्गीय व्यापारियों के साथ ठीक नहीं कर रही है। कठिन दौर में व्यापारी गुजर रहा है। उनकी दमनकारी तानाशाही नीतियों से व्यापार की कमर तोड़ दी गई है। ऑनलाइन रिटेल बड़े कार्पोरेट व्यापारियों को बढ़ावा दे रही है। जीएसटी में भी जटिल प्रणाली है। जिससे व्यापारी प्रताड़ित हो रहा है। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि भामाशाह जी के त्याग और अपने राज्य के प्रति उनकी भावना के संबंध में इतिहास में बड़े सुनहरे अक्षरों में लिखा है। पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम फारुखी ने पार्टी कार्यालय पर पहुंचकर भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। गोष्ठी के बाद सपा नेताओं ने आवास विकास में दुकानदारों से मुलाकात कर फूल मालाओं से स्वागत किया। व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष रोमित सक्सेना के नेतृत्व में भामाशाहा की जयंती मनायी गई। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शशांक सक्सेना, महिला सभा की जिलाध्यक्ष सुलक्षणा सिंह, नंदकिशोर दुबे, गौरव यादव, अरविंद यादव, रवि भारद्वाज, राहुल गुप्ता, बासु गुप्ता, शीलू खां, विवेक भारद्वाज, राधेश्याम सविता आदि उपस्थित रहे।


गोष्ठी में मौजूद सपा नेता

# अखिलेश यादव के जन्मदिन पर अमन सूर्यवंशी ने 27 पौधे लगाने का लिया संकल्प

- अखिलेश यादव के 1 जुलाई को होने वाले जन्मदिन पर 27 पौधों के वृक्षारोपण का लिया गया संकल्प

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष अमन सूर्यवंशी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 1 जुलाई को होने वाले जन्मदिन एवं मिशन-2027 को ध्यान में रखते हुए 27 पौधों के वृक्षारोपण का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि आम, पीपल, नीम, बरगद, जामुन, कटहल, अर्जुन, शीशम, सागौन, अमरूद, आंवला, बेल, अशोक, गुलमोहर, पाकड़, गूलर, सहजन, महुआ, इमली, बांस, नींबू, अनार, शहतूत, मीठी नीम, कचनार, करंज एवं हरड़ सहित कुल 27 प्रकार के पौधे लगाए जाएंगे। अमन सूर्यवंशी ने बताया कि इन पौधों को समाजवादी आंदोलन के महान पुरोधाओं, सामाजिक न्याय के प्रतीकों एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को समर्पित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एक पौधा उनकी स्वर्गीय माता वीरावती खटीक, पूर्व ग्राम प्रधान सिकंदरपुर नहरोसा, की स्मृति में भी लगाया जाएगा, जिन्होंने उन्हें समाजसेवा और जनहित के कार्यों की प्रेरणा दी।

# मोहर्रम की 12वीं का पारंपरिक जुलूस अकीदत के साथ संपन्न

- जामा मस्जिद से उठा मुख्य अलम, हाजी फजलु रहमान के आस्ताने पर हुआ समापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में मोहर्रम की 12वीं का पारंपरिक जुलूस रविवार देर रात 10 बजे अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में निकाला गया। जामा मस्जिद से मुख्य अलम का आगाज हुआ। इसमें 8-10 अन्य छोटे अलम भी शामिल थे। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों में गहरा उत्साह देखा गया। यह जुलूस जामा मस्जिद से शुरू होकर नगर के प्रमुख व्यापारिक और व्यस्त इलाकों से गुजरा। इसमें बजरिया, श्यामा गेट, लोहाई बाजार, मुख्य चौराहा और गल्ला मंडी चौराहा शामिल थे। पूरे रास्ते या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं। जुलूस के दौरान दर्जनों ढोल वादक मातमी धुनें बजाते हुए चल रहे थे। अलम और जुलूस देखने के लिए सड़क के दोनों ओर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भारी भीड़ जमा थी। लोगों ने जगह-जगह जुलूस का इस्तकबाल किया। प्रशासन ने जुलूस को शांतिपूर्वक और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए पूरी मुस्तैदी दिखाई। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला भारी पुलिस बल कस्वा चौकी इन्चार्ज अंकुर भाटी, उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक राम नरेश माथुर, उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार, कांस्टेबिल आर्य चौधरी, हेड कांस्टेबिल धरमेन्द्र तिवारी, कांस्टेबिल सुरेश कुमार, कांस्टेबिल सचिन, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल विक्रान्त, कांस्टेबिल रवेन्द्र के साथ पूरे रास्ते सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। जुलूस को गरिमामय ढंग से संपन्न कराने में सदर मोहम्मद कासिम, हसनैन राईन हसीव राईन, मुजफ्फर, जावेद राईन, अनस, इमरान रफीक राईन, अवरार शान मोहम्मद, इकरार मोहम्मद, आजम, आजान अय्युल, वावू अन्ना, विलाल फरमान उर्फ चेला, अमन, अंसार आरफी, कासिम, सकेब, वाहिद हुसैन, ताहिर हुसैन, आमिर हुसैन, नाजिम हुसैन कई लोग मौजूद रहे। सभी ने आपसी भाईचारे का संदेश दिया।


अलम जुलूस मौजूद लोग

जटवारा मोहल्ले में हाजी फजलु रहमान के आस्ताने के पास पहुंचकर जुलूस का शांतिपूर्ण समापन हुआ। अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश की। जुलूस पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

# जनआरोग्य मेले में 103 मरीजों को दी गई दवाइयां

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमृतपुर के प्रांगण में किया गया। डॉक्टर गौरव वर्मा अपनी देखरेख में संचालित कर रहे थे। 103 मरीजो को जांच के उपरांत दवाइयां वितरित की गई। जिसमें मलेरिया के 12, टाइफाइड के 11, शुगर के 14, बलगम के 6, हीमोग्लोबिन के 2, हेपेटाइटिस बी के 1 और डेंगू के 2 मरीजो की जांच भी की गई। जांच के दौरान सभी रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई। डॉक्टर और स्वास्थ्य टीम ने आए हुए मरीजों की जांच के उपरांत रोगों के अनुसार दवाइयां देकर उन्हें जरूरी सलाह भी थी। जिसमें बताया गया कि अत्यधिक गर्मी और लू के चलते वह लोग सुबह 11 बजे से 4 बजे तक धूप में ना निकले। गर्म और तेज हवाओं के थपेरों से बचें। पानी नींबू की शिकंजी, दही की लस्सी, आम का पन्ना और मौसमी फलों के जूस जरूरत के अनुसार लेते रहे। तले हुए और बासी पदार्थ खाने से बचें। क्योंकि बासा भोजन और तले हुए पदार्थ पेट की समस्या को बढ़ा देते हैं। जिससे उल्टी और दस्त शुरू हो जाते हैं। डॉक्टर द्वारा बताया गया कि इस समय पेट दर्द उल्टी दस्त शरीर में पानी की कमी बुखार जुकाम खांसी आदि के मरीज अधिक मात्रा में आ रहे हैं। स्वास्थ्य मेले में ग्राम परतापुर, दौलतियापुर, लीलापुर, हरसिंहपुर, मुझहा, जटपुरा, करनपुर दत्त, मंझा, हुसेनपुर, बनारसीपुर, फखरपुर, अमृतपुर, नगला हूसा, बलीपट्टी, आसमपुर, तौफीक की मड़ैया आदि गांव से मरीज लगातार आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आने वाले मरीजों को दवाई सिरप इंजेक्शन आदि की सहूलियत देकर आरोग्य मेले से मिलने वाली सुविधाएं प्रदान की।


शिविर में मरीज देखते चिकित्सक

## वादा निभाने में फेल प्रशासन, कस्ता शिवाला मोड़ पर फिर भड़केगा किसान आंदोलन

# बिजली-यूरिया संकट पर भाकियू का अल्टीमेटम

**समृद्धि न्यूज़, मितौली, खीरी।**



भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने एक बार फिर प्रशासन और विद्युत विभाग को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि किसानों की ज्वलंत समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो कस्ता शिवाला मोड़ स्थित एक बार फिर बड़े किसान आंदोलन का गवाह बनेगा। गौरतलब है कि 1 जून 2026 को कस्ता शिवाला मोड़ पर बिजली संकट और यूरिया खाद की किल्लत को लेकर भाकियू (अराजनैतिक) के बैनर तले विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया था। सैकड़ों किसानों ने गगनभेदी नारों के साथ सड़क पर उतरकर प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया था। आंदोलन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन एवं प्रदेश महासचिव श्यामू शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया था।

धरने के दौरान किसानों ने क्षेत्र में लो-वोल्टेज, जर्जर विद्युत व्यवस्था, बार-बार फुंक रहे ट्रांसफार्मरों तथा लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर तीखा विरोध जताया था। किसानों के आक्रोश के आगे झुकते हुए विद्युत विभाग के एसडीओ हरीश कुमार मौके पर पहुंच कर लिखित आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह के भीतर 5 एमवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया जाएगा।

लेकिन लगभग एक माह बीतने के बाद भी केवल ट्रांसफार्मर का फाउंडेशन तैयार हुआ, जबकि ट्रांसफार्मर अब तक स्थापित नहीं किया गया। इससे किसानों में भारी नाराजगी व्याप्त है। किसानों का आरोप है कि ओयल से मितौली फीडर को 33 हजार केवी की जर्जर लाइन से जोड़ा गया है, जो लगभग प्रतिदिन फॉल्ट का शिकार रहती है। इतना ही नहीं, रामनगर सहित कई फीडरों का संचालन केवल एक ,एक लाइन मैन के भरोसे किया जा रहा है, जिससे खराबी आने पर घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है।

वहीं, क्षेत्र में यूरिया खाद की समस्या अब तक जस की तस बनी हुई है। किसानों की शिकायत है कि 22 जून को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) द्वारा जिलाधिकारी खीरी को ज्ञापन सौंपे जाने के बावजूद सहकारी समितियों पर पर्याप्त यूरिया उपलब्ध नहीं हो सकी है। पहले आंदोलन के दबाव में प्रशासन ने तत्काल दो ट्रक यूरिया की व्यवस्था कराई थी, लेकिन उसके बाद फिर हालात पहले जैसे हो गए। किसान आज भी खाद के लिए भटकने को मजबूर हैं, जबकि धान की खेती का महत्वपूर्ण समय चल रहा है।

## भामाशाह जयंती पर होगा भव्य सम्मान समारोह तीन वरिष्ठ व्यापारी होंगे सम्मानित



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।**

उद्योग व्यापार मंडल, छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ (खीरी) की ओर से महान दानवीर भामाशाह जी की जयंती के अवसर पर मंगलवार, 30 जून को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सायं 7 बजे सिद्धिविनायक पैलेस, लखीमपुर रोड पर आयोजित होगा। कार्यक्रम में नगर के तीन वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों को व्यापार एवं समाज के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'भामाशाह सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार समारोह में व्यापार जगत के गणमान्य लोगों के साथ सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, जिलाध्यक्ष राममोहन सोनी तथा नगर महामंत्री मुनेंद्र पाल सिंह ने नगर के सभी व्यापारियों एवं सम्मानित नागरिकों से कार्यक्रम में समय से पहुंचकर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है।

## शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।** ईसानगर पुलिस ने ग्राम हसनापुर में शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका के मद्देनजर दो लोगों को गिरफ्तार कर बीएनएसएस की धाराओं में चालान कर न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार जनपद में चलाए जा रहे शांति व्यवस्था अभियान के तहत थाना ईसानगर पुलिस ने सोमवार को ग्राम हसनापुर में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका के दृष्टिगत अनिल कुमार (52) पुत्र स्व. पुत्तूलाल तथा उनके पुत्र अरविंद (19) निवासी ग्राम हसनापुर को हिरासत में लिया गया। दोनों को बीएनएसएस के तहत चालान कर न्यायालय धौरहरा भेज दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में घायल महिला ने अस्पताल में तोड़ा दम

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लहुरियादह गांव में शनिवार की रात हुए सड़क हादसे में मध्य प्रदेश के कटनी जिला निवासी दंपती की मौत हो गई थी व कार सवार चार अन्य लोग घायल हो गए थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल 40 वर्षीया राधा देवी पत्नी प्रह्लाद ताम्रकार निवासी नागौद जिला सतना ने उपचार के दौरान प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी चिकित्सालय में सोमवार सुबह दम तोड़ दिया। शनिवार की रात वाराणसी स्थित बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद मध्य प्रदेश के कटनी जिला के बरही निवासी पत्रकार विकास ताम्रकार पत्नी व रिश्तेदारों संग कार से अपने घर वापस जा रहे थे। जैसे ही लहुरियादह गांव में पहुंचे तो नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक में कार पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में विकास ताम्रकार व उनकी पत्नी सोनम ताम्रकार की मौत हो गई। हादसे में पत्रकार विकास की बहन राधा देवी, सक्षम ताम्रकार,कार चालक हीरालाल व हिमांशु ताम्रकार घायल हो गए थे। जबकि मृतक पत्रकार के दोनों पुत्र चार वर्षीय शिवांश व डेढ़ वर्षीय मोक्ष उर्फ रूद्र बाल बाल बच गए।गंभीर रूप से घायल राधा देवी को स्वजन मंडलीय चिकित्सालय से उपचार हेतु स्वरूप रानी चिकित्सालय प्रयागराज में भर्ती करवाए थे जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज राजेश कुमार ने बताया कि लहुरियादह गांव में हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल सतना जिला निवासी राधा देवी की प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी चिकित्सालय में मौत हो गई है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से भैंस की मौत

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरी गांव में सोमवार की दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से पशु पालक की भैंस की मौत हो गयी पशु पालक ने घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल व पशु चिकित्सक को दे दिया है थाना क्षेत्र के बरी गांव निवासी पशु पालक विजय यादव की भैंस सिवान की तरफ चरने के लिए गयी थी की गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर भैंस की मौत हो गयी सिवान की तरफ गए पशु पालक ने आकाशीय बिजली से भैंस को मृत अवस्था में देखकर घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल व पशु चिकित्सक को दे दिया है जिससे पशु पालक को दैवीय आपदा से क्षतिपूर्ति मिल सके इस संबंध में पशु पालक ने बताया की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई है घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल के साथ पशु चिकित्सक को दे दिया गया है।

### देह व्यापार कराने का लगाया आरोप, मुख्यमंत्री से कार्रवाई की लगाई गुहार

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के देवहट गांव निवासी द्वारिका प्रसाद केशरी ने ड्रमंडगंज घाटी,लहुरियादह व भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में महिलाओं से देह व्यापार का धंधा कराए जाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को सीएम पोर्टल पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। सीएम पोर्टल पर दिए प्रार्थना पत्र में द्वारिका प्रसाद ने आरोप लगाया कि ड्रमंडगंज घाटी के छोटका मोड़ हनुमान मंदिर के पास गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा वनविभाग की भूमि पर कच्चा मकान बनाकर क्षेत्र की महिलाओं को रूपए का लालच देकर बहुत दिनों से देह व्यापार का धंधा करवाया जा रहा है। मामले की शिकायत कई बार स्थानीय पुलिस प्रशासन से की गई लेकिन पुलिस कर्मियों की मिलीभगत से देह व्यापार का धंधा कराने वालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नही हो रही है। आरोप लगाया कि पुलिस से शिकायत करने पर पुलिसकर्मियों द्वारा फर्जी मामले में फंसाने की धमकी दी जाती है। छोटका मोड़ पर हनुमान जी का मंदिर होने के कारण आने जाने वाले दर्शनार्थियों खासकर महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।इसी तरह लहुरियादह व भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में नेशनल हाईवे के किनारे झुग्गी झोपड़ी बनाकर कोल आदिवासी महिलाओं से देह व्यापार का धंधा करवाया जा रहा है।रात में झुग्गी झोपड़ी के पास महिलाओं के इशारे पर रास्ते से गुजर रहे ट्रक चालक नेशनल हाईवे के किनारे ट्रकों को खड़ी कर देते हैं। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। आरोप लगाया कि क्षेत्र में पुलिस की मिलीभगत से देह व्यापार का धंधा फल फूल रहा है जिससे समाज पर इसका विपरीत असर पड़ रहा है। द्वारिका प्रसाद ने महिलाओं को देह व्यापार के धंधे में धकेलने वाले मनबढ़ व्यक्तियों तथा उक्त कार्य में सरंक्षण देने वाले पुलिस कर्मियों के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच व कठोर कार्रवाई किए जाने की मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है।

### एक ही रात में दो बाइक और 20 बकरियां चोरी, एक हफ्ते पूर्व हुए चोरी का नहीं हुआ खुलासा, जांच में जुटी पुलिस

**समृद्धि न्यूज़, राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में दो बाइक और 20 बकरियां चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार राजगढ़ थाना क्षेत्र के नदीहार गांव निवासी उमाशंकर ने बताया कि रात मे उनकी पत्नी को बंधक बनाकर 20 बकरी चोरी कर टेंपो में भर कर ले गए। टेंपो चालक कल्लू बहेरा थाना करमा सोनभद्र अपने दोस्त साथियों के साथ सभी बकरियों को अपने साथ लेकर चला गया। टेंपो में लाद कर ले गए लेकिन पुलिस ने इसे लेनदेन का विवाद बता रही है। चोरो ने दी पुलिस को खुली चुनौती। राजगढ़ क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाएं पुलिस खुलासा नहीं कर पा रही।वही चोरी की दूसरी घटना भवानीपुर गांव में हुई राजेश अपने खेत पर बाइक खड़ा करके कुछ काम कर रहा था वापस आया तो देखा की बाइक गायब है। तीसरी घटना चित्रबिश्राम गांव की है।

## व्यापारी कल्याण दिवस समारोह में प्रतापगढ़ के 10 उत्कृष्ट करदाताओं का हुआ सम्मान

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

दानवीर भामाशाह जयंती के उपलक्ष्य में विकास भवन सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति ने की। कार्यक्रम में राज्य कर विभाग द्वारा जनपद के विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों से जुड़े 10 उत्कृष्ट करदाताओं को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई।

मुख्य अतिथि विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने सम्मानित करदाताओं को 'प्रतापगढ़ के भामाशाह' की संज्ञा देते हुए कहा कि व्यापारी समाज प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में व्यापारियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है और वे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में सहभागी बन रहे हैं।

अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति ने कहा कि जिला प्रशासन व्यापारियों के हितों की रक्षा, उनकी सुरक्षा तथा समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

उन्होंने व्यापारिक संगठनों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं एवं सुझावों को उचित मंच पर रखें, जिससे उनका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

## ईसानगर में अवैध खनन पर खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई

- खनन इंस्पेक्टर आशीष सिंह की देर रात छापेमारी, बिना अनुमति चल रहे मिट्टी खनन पर कार्रवाई
- धौरहरा व खमरिया के ग्रामीणों ने भी उठाई सख्त कार्रवाई की मांग

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।**



ईसानगर थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक रेपर मशीन को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। सभी वाहनों को थाना ईसानगर में खड़ा कराया गया है। विभाग का कहना है कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध मिट्टी खनन की लगातार मिल रही शिकायतों पर खनन विभाग ने रविवार देर रात बड़ी कार्रवाई की। खनन इंस्पेक्टर आशीष सिंह ने टीम के साथ ईसानगर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर बिना अनुमति संचालित हो रहे अवैध खनन के दौरान तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक रेपर मशीन को मौके से पकड़ लिया। सभी वाहनों को सीज कर थाना ईसानगर में खड़ा करा दिया गया है तथा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। खनन इंस्पेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि विभाग को लगातार अवैध खनन की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इसी क्रम में गश्त के दौरान सूचना मिली कि ईसानगर क्षेत्र में बिना अनुमति मिट्टी का खनन किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि होने पर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई और अवैध खनन में प्रयुक्त वाहनों को कब्जे में लिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा और किसी को भी नियमों का उल्लंघन नहीं करने दिया जाएगा।

तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली व रेपर मशीन सीज

कार्रवाई के बाद क्षेत्र में यह चर्चा भी तेज हो गई कि क्या इस बार अवैध खनन पर स्थायी रूप से अंकुश लगेगा या कुछ समय बाद फिर से यह कारोबार शुरू हो जाएगा।

## घर के अंदर पहुंचा विशालकाय अजगर, वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद किया रेस्क्यू, जंगल में छोड़ा

**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।**

सिंगाही थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नौरंगाबाद के निबुआ फार्म निवासी दयाल सिंह के घर में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक एक विशालकाय अजगर घर के अंदर पहुंच गया। घर में मौजूद परिजनों की नजर जैसे ही अजगर पर पड़ी, उनके होश उड़ गए। देखते ही देखते घर में दहशत का माहौल बन गया।

परिजनों ने बिना देर किए इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद वन विभाग के वनकर्मी हकीमुद्दीन अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने पूरी सावधानी और सुरक्षा के साथ रेस्क्यू अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद विशालकाय अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया गया।

अजगर के रेस्क्यू की खबर मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लोग विशालकाय अजगर को देखने के लिए मौके पर पहुंच गए। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को वन्यजीवों से दूरी बनाए रखने और



किसी भी परिस्थिति में खुद पकड़ने का प्रयास न करने की सलाह दी।

वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि अजगर को सुरक्षित तरीके से कब्जे में लेने के बाद उसे उसके प्राकृतिक वातावरण जंगल में छोड़ दिया गया है।

## नगर पालिका परिषद पलिया की कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच में बड़ा घटनाक्रम

- शिकायतकर्ता ने 98 पृष्ठों के दस्तावेज़ी साक्ष्य किए प्रस्तुत

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

नगर पालिका परिषद पलिया कलां की अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कथित वित्तीय अनियमितताओं, शासनादेशों के उल्लंघन, निविदा प्रक्रिया में गड़बड़ियों तथा सरकारी धन के दुरुपयोग से जुड़ी शिकायतों की जांच अब महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गई है।

जिलाधिकारी लखीमपुर-खीरी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी पलिया ने शिकायतकर्ता मनोज गुप्ता को आवश्यक अभिलेख, साक्ष्य और लिखित कथन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। आदेश के अनुपालन में शिकायतकर्ता ने कुल 98 पृष्ठों का विस्तृत अभिलेखीय संकलन उपजिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर दिया है। प्रस्तुत अभिलेखों में लिखित कथन के साथ क्रमांक 1 से 25 तक के दस्तावेज़ी साक्ष्य, शासनादेशों की प्रतियां, सरकारी ई-बाज़ार (जेम) पोर्टल से संबंधित अभिलेख, निविदा पत्रावलियां, कार्यादेश, बिल, भुगतान वाउचर, मूल्य-प्रस्ताव, बाज़ार मूल्य का तुलनात्मक विवरण, भुगतान संबंधी अभिलेख तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज़ शामिल हैं। शिकायतकर्ता का दावा है कि प्रस्तुत दस्तावेज़ों से डम्पर खरीद, एलईडी सड़क प्रकाश व्यवस्था, समरसेबल पंप, जल टैंकर, कूड़ेदान की खरीद, निविदा प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं, अनुसूचित जाति वर्ग के लिए दो प्रतिशत जमानत धनराशि संबंधी शासनादेश के उल्लंघन, बाज़ार मूल्य से अधिक भुगतान तथा अन्य वित्तीय मामलों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी। अब प्रशासन शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत 98 पृष्ठों के दस्तावेज़ी साक्ष्यों का नगर पालिका परिषद से प्राप्त मूल अभिलेखों तथा संबंधित विभागीय अभिलेखों से मिलान कर परीक्षण करेगा। जांच के निष्कर्ष के आधार पर यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की संस्तुति की जा सकती है।

## आकाशीय बिजली गिरने से 9 वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत

### माता-पिता के सामने पलभर में बुझ गया घर का चिराग, पूरे गांव में पसरा मातम

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**

सोनौली थाना क्षेत्र के हनुमान गढ़िया टोला सोहनी गांव में सोमवार की सुबह आकाशीय बिजली गिरने से नौ वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब वह अपने माता-पिता के साथ खेत में धान की रोपाई करने गया था। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी किसान सुरेश चौरसिया सोमवार सुबह अपनी पत्नी एवं नौ वर्षीय पुत्र आयुष चौरसिया के साथ खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम



खराब हो गया। तेज गर्जना के साथ हुई आकाशीय बिजली सीधे आयुष के ऊपर गिर गई। बिजली की चपेट में आते ही वह गंभीर रूप से झुलसकर खेत में गिर पड़ा। परिजन जब तक उसे बचाने का प्रयास करते, तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। बेटे की दर्दनाक मौत को अपनी आंखों के सामने देख माता-पिता बदहवास होकर खेत में ही गिर पड़े। उनकी चीख-पुकार सुन आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे। देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि आयुष बेहद मिलनसार और होनहार बालक था। उसकी असमय मौत से गांव में हर कोई स्तब्ध है। सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली से हुई इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता का संदेश दिया है। प्रशासन ने भी खराब मौसम के दौरान खुले खेतों में काम करने से बचने और मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने की अपील की है।

### फूफा के घर आए युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रजौड़ा खुर्द के कोदइलवा टोला में अपने फूफा के घर आए पश्चिम बंगाल निवासी एक 22 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक के अचानक गिरने से परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल के बरनपुर थाना क्षेत्र निवासी जोगिंदर सिंह का पुत्र अंकित सिंह (22) बीते 17 जून को अपने बड़े पापा के पुत्र राजीव सिंह के साथ पनियरा थाना क्षेत्र के रजौड़ा खुर्द निवासी अपने फूफा महादेव के घर घूमने आया था। परिजनों के मुताबिक अंकित प्रत्येक वर्ष गर्मी की छुट्टियों में अपने फूफा के घर आता था। सोमवार सुबह करीब नौ बजे अंकित घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान वह अचानक अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए पनियरा स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके दो छोटे भाई अनुराग और अंकुर हैं। परिवार के किसी भी भाई का अभी विवाह नहीं हुआ है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को एम्बुलेंस से पश्चिम बंगाल स्थित अपने पैतृक आवास ले जाने की तैयारी में जुटे हैं। पनियरा थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## संयुक्त निदेशक ने परतावल में पल्स पोलियो अभियान की परखी जमीनी हकीकत

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**

सघन पल्स पोलियो अभियान के दूसरे दिन सोमवार को संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉ. बी.एम. राव ने परतावल पहुंचकर अभियान की जमीनी हकीकत का निरीक्षण किया। उनके साथ सूर्य प्रकाश पाण्डेय भी मौजूद रहे। उन्होंने तिवारी टोला क्षेत्र में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीमों के कार्यों का सत्यापन किया तथा यह सुनिश्चित किया कि पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने लगभग दस घरों का भ्रमण कर बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाए जाने की स्थिति की जांच की। उन्होंने अभिभावकों से संवाद कर अभियान की जानकारी ली और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंचना अभियान की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लक्ष्य को सफल बनाने के लिए शत-प्रतिशत कवरेज आवश्यक है। इसके बाद



संयुक्त निदेशक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल पहुंचकर पोलियो वैक्सीन की कोल्ड चेन व्यवस्था, वैक्सीन भंडारण, स्टॉक रजिस्टर एवं रखरखाव संबंधी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण में व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलने पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम की सराहना की तथा अभियान को पूरी सतर्कता, गुणवत्ता और जिम्मेदारी के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सघन पल्स पोलियो अभियान केवल एक स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने का राष्ट्रीय संकल्प है। इसके लिए प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करे, ताकि कोई भी बच्चा अभियान से छूटने न पाए। निरीक्षण के दौरान सीएचसी परतावल के अधीक्षक डॉ. अमित कुमार, संजीव सिंह, रिपुंजय पाण्डेय सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निर्माणाधीन पुल पर बड़ा हादसा टला, कच्चे डायवर्जन पर पलटा गिट्टी लदा ट्राला

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बरवा फहीम स्थित निर्माणाधीन पुल के पास सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पकड़ी-खुटहा मुख्य मार्ग पर बनाए गए अस्थायी कच्चे डायवर्जन मार्ग पर गिट्टी से लदा एक ट्रेला असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। हालांकि चालक की सूझबूझ और किस्मत से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेला पकड़ी की ओर से खुटहा जा रहा था। बरवा फहीम ड्रेन पर पुल निर्माण कार्य चलने के कारण यातायात के लिए अस्थायी कच्चा डायवर्जन बनाया



गया है। हाल की बारिश से मार्ग की मिट्टी धंस जाने और भराव कमजोर होने के कारण भारी वाहन का संतुलन बिगड़ गया, जिससे ट्रेला सड़क किनारे पलट गया। ट्रेले पर लदी गिट्टी सड़क पर फैल गई, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। काफी देर तक लोग जाम में फंसे रहे और छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माणाधीन पुल के पास बना अस्थायी मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा न तो मार्ग को मजबूत कराया गया और न ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते डायवर्जन मार्ग की मरम्मत और मजबूती का कार्य नहीं कराया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उनका कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन स्कूली वाहन, एंबुलेंस, ट्रैक्टर-ट्रॉली और भारी वाहन गुजरते हैं, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि निर्माणाधीन पुल स्थल पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए, कच्चे डायवर्जन मार्ग को तत्काल मजबूत बनाया जाए तथा पलटे हुए ट्रेले को शीघ्र हटाकर यातायात सामान्य कराया जाए, ताकि लोगों को रोजाना होने वाली परेशानी से राहत मिल सके। इस संबंध में पकड़ी चौकी प्रभारी रमेश वरुण ने बताया कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है। जानकारी मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।